सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 18 नवम्बर , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 311, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 388 अंकों की उछाल

शेयर बाजार में लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी रही और तीस शेयरों वाला सेंसेक्स 388.17 अंक चढ़कर 84,950.95 अंक पर बंद हुआ। } 14

## बड़ी कंपनियों के लिए समयसीमा कम करने पर विचार

डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) नियम को लागू करने की 18 महीने की समयसीमा को बड़ी कंपनियों के लिए कम किया जा सकता है। } 14

# युवाओं के सपनों को साकार कर रही बीबीडी यूनिवर्सिटी : योगी

## दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छात्रों को एक घंटे से अधिक किया संबोधित















फोटो : समीर भटनागर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। बीबीडी यूनिवर्सिटी में सोमवार को दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ है। इस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। साथ में बतौर विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता और प्रो चांसलर विराज सागर दास, बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास और वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास, विधायक अदिति सिंह और विधायक योगेश शुक्ला भी मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेधावियों को पदक और डिग्रियां प्रदान की। साथ ही विश्वविद्यालय में शिक्षक की भूमिका में मुख्यमंत्री योगी ने छात्रों को एक घंटे से अधिक दीक्षांत भाषण दिया। सीएम योगी ने बीबीडी विश्वविद्यालय के एकेडमिक एक्टिविटीज के साथ खेल की गतिविधियों को लेकर तारीफ करते हुए कहा कि बीबीडी यूनिवर्सिटी युवाओं के सपनों को साकार करने में अहम भूमिका निभा रही है। दीक्षांत समारोह में कुल 5746 उपाधियां प्रदान की गयीं। इस अवसर पर 89 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और दो विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कुलाधिपति पदक प्रदान किया गया। ये छात्र- छात्राएं विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों जैसे विधि, इंजीनियरिंग आदि से सम्बंधित थे। इस भव्य दीक्षांत समारोह में हजारों लोग शामिल हुए। इस अवसर पर पदक और डिग्री पाने वाले मेधावियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जिस महान विभूति के नाम से विश्वविद्यालय स्थापित हुआ है, ऐसे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बाबू बनारस दास की स्मृति को नमन करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। विश्वविद्यालय के रचनाकार एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अखिलेश दास गुप्ता को भी नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि उप्र के मुख्यमंत्री के रूप में हम जिन भी वर्तमान कार्ययोजनाओं को बढ़ाने में सफल होते हैं, उनमें कहीं न कहीं भाव इन्हीं विभूतियों के छिपे होते हैं। जो इन्होंने उस समय यूपी के बारे में सोचा था, हमें उत्तर प्रदेश में उन्हें मूर्त रूप प्रदान करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। कृतज्ञता का भाव सदैव मन में होना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि बाबू बनारसी दास के संघर्षों, आजादी के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में उनके योगदान और स्वतंत्र ...शेष पृष्ठ 14 पर

- सीएम ने छात्रों से कहा, समस्याओं पर नहीं, समाधान पर दें ध्यान
- दीक्षांत समारोह में 5746 छात्र-छात्राओं को प्रदान की गयी उपाधि
- भव्य दीक्षांत समारोह में हजारों लोग हुए शामिल

### विकास को गति दे रही बीबीडी यूनिवर्सिटी : स्वतंत्रदेव सिंह



विशेष संवाददाता

लखनऊ। बीबीडी यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने विश्वविद्यालय की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता और प्रो चांसलर विराज सागर दास को इंगित करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, समाज सुधारक व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू बनारसी दास और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ...शेष पृष्ठ 14 पर

### योगी जी के मार्गदर्शन में विकसित हो रहा यूपी : विराज सागर दास



विशेष संवाददाता

लखनऊ। बीबीडी यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर विराज सागर दास ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत करते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि छात्रों का मार्ग दर्शन हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हो रहा है। आज का भारत युवाओं का भारत है और आप युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं। युवा शक्ति ही राष्ट्र की गति, तरक्की और दिशा तय करती है। सीएम ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### गोहत्या व गैंगस्टर मामले में 25 को सात-सात साल कैद

बुलंदशहर (उप्र)। बुलंदशहर जिले की एक अदालत ने गोहत्या और गैंगस्टर एक्ट मामले में 25 लोगों को दोषी करार देते हुए उन्हें सात-सात साल की कैद और प्रत्येक पर 15,050 रुपये का जुर्माना लगाया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। लोक अभियोजक योगेश कुमार ने बताया कि साक्ष्यों और दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) चंद विजय श्रीनेत ने 14 नवंबर को 25 आरोपियों को दोषी ठहराया। उन्होंने बताया कि मुकदमे के दौरान एक आरोपी की मृत्यु हो गई थी और चार आरोपियों के मुकदमे अलग-अलग कर दिए गए।

# सऊदी अरब में बस दुर्घटना, 45 की मौत

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य नेताओं ने व्यक्त किया शोक

एजेंसी

हैदराबाद/जेदद। सऊदी अरब के मदीना में एक बस के तेल टैंकर से टकरा जाने के बाद कम से कम 45 भारतीय उमराह जायरीन की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मृतकों में से अधिकतर तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के जायरीन थे जो उमराह करने गए थे। हज के वक्त के अलावा मक्का-मदीना की साल भर होने वाली धार्मिक यात्रा को उमराह कहा जाता है। हैदराबाद के पुलिस आयुक्त वी.सी. सज्जनार ने प्रारंभिक सूचना का हवाला देते हुए मृतक संख्या 45 बताई और कहा कि नौ नवंबर को यहां से कुल 54 लोग उमराह के लिए जेद्दा गए थे।



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री क्रमशः रेवंत रेड्डी और एन चंद्रबाबू नायडू ने इस घटना में लोगों के मारे जाने पर शोक जताया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और कांग्रेस पार्टी ने इस घटना को लेकर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बिहार में 20 को होगा नयी सरकार का गठन

पटना। बिहार में नयी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 20 नवंबर को पटना में होने की संभावना है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई शीर्ष नेता और केंद्रीय मंत्रियों के शामिल होने की उम्मीद है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों के अनुसार, शपथ ग्रहण समारोह के लिए पटना के गांधी मैदान में तैयारियां जारी हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 19 नवंबर को निवर्तमान सरकार के प्रमुख के रूप में राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बिहार इकाई के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि नवनिर्वाचित विधायक मंगलवार को बैठक कर अपने विधायक दल के नेता का चुनाव ...शेष पृष्ठ 14 पर

# शेख हसीना को सुनायी गयी मौत की सजा

## अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने मानवता के विरुद्ध अपराध पर दिया मृत्युदंड

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को पिछले वर्ष जुलाई में उनकी सरकार के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शनों के दौरान किए गए मानवता के विरुद्ध अपराधों के लिए सोमवार को एक विशेष न्यायाधिकरण द्वारा उनकी अनुपस्थिति में मौत की सजा सुनाई गई।

महीनों तक चले मुकदमे के बाद अपने फैसले में बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने 78 वर्षीय अवामी लीग नेता को हिंसक दमन का मास्टरमाइंड और प्रमुख सूत्रधार बताया, जिसमें सैकड़ों प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई थी। पिछले वर्ष पांच अगस्त को बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के कारण बांग्लादेश से भागने के बाद से हसीना भारत में रह रही हैं। इससे पहले अदालत ने उन्हें भगोड़ा घोषित किया था।



अपनी प्रतिक्रिया में हसीना ने कहा कि यह फैसला एक गैरअधिकृत न्यायाधिकरण द्वारा दिया गया है, जिसकी स्थापना और अध्यक्षता एक अनिर्वाचित सरकार द्वारा की गई है, जिसके पास कोई लोकतांत्रिक जनादेश नहीं है। उन्होंने एक बयान में कहा, वे पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित हैं। मृत्युदंड की अपनी घृणित मांग में, वे अंतरिम सरकार के भीतर चरमपंथी लोगों के निर्लज्ज और जानलेवा इरादे को उजागर करते हैं, जो बांग्लादेश की अंतिम निर्वाचित प्रधानमंत्री को हटाना चाहते हैं और अवामी लीग को एक राजनीतिक ताकत के रूप में खत्म करना चाहते हैं। हसीना ने कहा कि वह उनपर आरोप लगाने वालों का सामना उचित न्यायाधिकरण में करने से नहीं डरतीं, जहां साक्ष्यों का निष्पक्ष मूल्यांकन और परीक्षण किया जा सकता है। उन्होंने कहा, इसीलिए मैंने अंतरिम सरकार को बार-बार ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 26.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 12.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें

- 'उत्तराखण्ड गौरव सम्मान' से नवाजे गये शैलेश मटियानी (पृष्ठ-02)
- दुधवा नेशनल पार्क बनेगा ईको टूरिज्म का हब (पृष्ठ-02)
- रुपया तीन पैसे बढ़कर 88.63 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- बेरोजगारी दर अक्टूबर में 5.2 प्रतिशत पर स्थिर (पृष्ठ-14)
- एक-चौथाई भारतीय कंपनियों को हुआ साइबर नुकसान (पृष्ठ-14)

विशेष खबर

## मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद को जड़ से खत्म करना सरकार की सामूहिक प्रतिबद्धता

# दिल्ली धमाके के दोषियों को पाताल से भी ढूंढ कर लायेंगे : शाह

एजेंसी

फरीदाबाद। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि दिल्ली धमाके के दोषियों को पाताल से भी ढूंढ कर लाएंगे और उनके लिए कठोरतम सजा सुनिश्चित करेंगे।

शाह ने उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद को जड़ से खत्म करना सरकार की सामूहिक प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के अब तक के ट्रैक रिकॉर्ड के अनुरूप, दिल्ली बम विस्फोट के दोषियों को पाताल से भी ढूंढ निकाला जाएगा, देश के कानून के शिकंजे में लाया जाएगा और उन्हें सख्त से सख्त सजा दी जाएगी। बैठक की शुरुआत में लाल किले के पास कार बम विस्फोट और जम्मू-कश्मीर के नौगाम पुलिस थाने में हुए विस्फोट में मारे गए



लोगों को श्रद्धांजलि दी गई और दो मिनट का मौन रखा गया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी के दृष्टिकोण के अनुसार, मजबूत राज्य एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण करते हैं और क्षेत्रीय परिषदें इसे जमीनी स्तर पर वास्तविकता में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा क्षेत्रीय परिषदें संवाद, सहयोग, समन्वय और नीतिगत तालमेल के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन परिषदों के माध्यम से कई प्रकार की समस्याओं का समाधान किया गया है। शाह ने कहा कि अब भी कई मुद्दे हैं, जैसे महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने में देरी, कुपोषण आदि, जिनसे देश को मुक्त करने की आवश्यकता है।

उन्होंने पॉक्सो अधिनियम के तहत यौन अपराधों और बलात्कार के मामलों में त्वरित जांच की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि कोई भी सभ्य समाज महिलाओं और बच्चों के खिलाफ जघन्य अपराधों को बर्दाश्त नहीं कर सकता। शाह ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों (एफटीएससी) की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए।

# आजम खान व बेटे अब्दुल्ला को सात-सात साल की सजा

जिला संवाददाता

रामपुर (उप्र)। रामपुर की एक स्थानीय अदालत ने समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री आजम खान और उनके बेटे एवं पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को चुनाव लड़ने के लिए जाली पैन कार्ड बनवाने के मामले में सोमवार को दोषी करार देते हुए सातसात साल कैद की सजा सुनाई।

अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद आजम खान और अब्दुल्ला आजम को जेल भेज दिया गया है। अभियोजन अधिकारी राकेश कुमार मौर्य के अनुसार, विशेष सांसद-विधायक (एमपीएमएलए) अदालत के न्यायाधीश शोभित बंसवाल ने दोनों को दोषी ठहराते हुए सातसात साल कैद और 5050 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। मौर्य ने बताया कि 2019 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं वर्तमान में रामपुर से विधायक आकाश सक्सेना ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि अब्दुल्ला आजम के पहले पैन कार्ड में उनकी जन्मतिथि एक जनवरी 1993 दर्ज थी, जिसके अनुसार उनकी उम्र 25 वर्ष नहीं थी और वह 2017 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव लड़ने के योग्य नहीं थे।

- चुनाव लड़ने के लिए जाली पैन कार्ड बनवाने का मामला

# मां ने लगायी मासूम के जीवन की गुहार, सीएम ने तत्काल करायी इलाज की व्यवस्था

## लखनऊ की रहने वाली महिला सात महीने के बच्चे को लेकर पहुंचीं मुख्यमंत्री आवास, बच्चे को हृदय से संबंधित है परेशानी, मुख्यमंत्री आवास से एंबुलेंस से भिजवाया गया केजीएमयू

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सोमवार की सुबह एक मां के जीवन में उम्मीद की किरण लेकर आया, जब वह जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलीं। उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति का जिक्र करते हुए सात माह के मासूम की बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक सहयोग का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने महिला की बात सुनी और तत्काल उन्हें एंबुलेंस से केजीएमयू भिजवाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हृदय संबंधी बीमारी से जूझ रहे बच्चे का इलाज शुरू हो गया। वहीं जनता दर्शन में प्रदेश भर से 60 से अधिक फरियादी आए, मुख्यमंत्री ने सभी के पास पहुंचकर उनकी शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को समय से निराकरण का निर्देश दिया।

- **जनता दर्शन में प्रदेश भर से आए 60 से अधिक फरियादी, मुख्यमंत्री ने एक-एक की सुनी समस्या**
- **जवानों से बोले सीएम- आप ड्यूटी कीजिए, आपके परिवार की जिम्मेदारी सरकार पर**



**लखनऊ की रहने वाली महिला बेटे के इलाज की फरियाद लेकर पहुंचीं :** लखनऊ के राजेंद्र नगर, ऐशबाग की रहने वाली एक महिला सोमवार सुबह मुख्यमंत्री आवास में लगाए गए 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। वे किराए के मकान में रहकर अत्यंत सीमित संसाधन में जीवनयापन कर रही हैं। उनके सात माह के मासूम को हृदय से संबंधित बीमारी है। उसके इलाज के लिए आर्थिक सहायता कर दी जाए। मुख्यमंत्री ने उस बच्चे को दुलारा-पुचकारा और महिला को आश्वस्त किया कि आप बेफिक्र रहिए, सरकार मदद करेगी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने उस बच्चे को तत्काल एंबुलेंस से केजीएमयू भिजवाया और वहां कुलपति को निर्देशित किया कि बच्चे के उपचार की तत्काल व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री के आदेश के उपरांत वहां मासूम का इलाज प्रारंभ हो गया है।

**आपके परिवार की जिम्मेदारी सरकार पर :** 'जनता दर्शन' में बुलंदशहर निवासी अर्धसैनिक बलों के जवान भी पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपनी जमीन के कब्जे संबंधी शिकायत की।

इस पर मुख्यमंत्री ने उनसे प्रार्थना पत्र लिया और कहा कि आपकी ड्यूटी देश की सीमा या देश की आंतरिक सुरक्षा में लगी होगी, आप ड्यूटी निभाइए। आपके परिवार की जिम्मेदारी सरकार पर है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस मामले की जांच कराने और जल्द समाधान का निर्देश दिया।

**जनता दर्शन में आए 60 से अधिक फरियादी :** जनता दर्शन में सोमवार को प्रदेश भर से 60 से अधिक फरियादी पहुंचे। मुख्यमंत्री स्वयं सभी के पास पहुंचे। एक-एक करके सभी का प्रार्थना पत्र लिया और समस्याएं सुनीं, फिर संबंधित अधिकारियों को निराकरण के आदेश दिए। इस दौरान जमीन कब्जा, आर्थिक सहयोग, पुलिस, बिजली समेत अनेक विभागों से जुड़ी समस्याओं को लेकर लोग पहुंचे थे। सीएम ने फरियादियों को आश्वस्त किया कि आपकी सुरक्षा और सेवा सरकार का कर्तव्य है। सरकार पहले दिन से ही इस इस ध्येय के साथ कार्य कर रही है।

# मुख्यमंत्री ने बस्ती आकर दी नंदा बाबा को श्रद्धांजलि

विशेष संवाददाता (vol)

**बस्ती।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बस्ती आकर धार्मिक आयोजनों के लिए विख्यात रहे नंदा बाबा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। नंदा बाबा का 3-4 नवंबर की रात निधन हो गया था। नंदा बाबा (देशबंधु नंदानाथ महाराज) को श्रद्धांजलि देने के लिए मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से श्रीकृष्ण पांडेय इंटर कॉलेज मैदान में बने हेलीपैड पर उतरे।

- **विगत दिनों हो गया था नंदा बाबा का निधन**
- **गोरखनाथ मंदिर से रहा नंदा बाबा का गहरा लगाव**

यहां से वह दक्षिण दरवाजा स्थित नंदा बाबा के आश्रम में पहुंचे और नंदा बाबा के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। नंदा बाबा 1970 में जिला अस्पताल के पास दुर्गा पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना करने और सावन माह में कांवड़ियों की सेवा के लिए सुपरिचित रहे। उनका गोरखनाथ मंदिर से भी गहरा लगाव था। उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद मुख्यमंत्री ने श्रद्धांजलि सभा में आए साधु संतों से मुलाकात की और सनातन हित में नंदा बाबा के योगदान को याद किया।

# मुख्यमंत्री आज अयोध्या में करेंगे उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

## मुख्यमंत्री योगी ध्वजारोहण समारोह की तैयारियों का स्वयं करेंगे निरीक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह के शिखर पर ध्वजारोहण का भव्य कार्यक्रम 25 नवम्बर को आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने की पूरी संभावना है। कार्यक्रम की तैयारियों को परखने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं मंगलवार को अयोध्या पहुंचकर राम मंदिर परिसर का दौरा करेंगे और उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। वहीं पीएम के कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण भी करेंगे। शिखर पर ध्वज फहराने के बाद मंदिर का मुख्य निर्माण कार्य पूर्ण रूप से समाप्त हो जाएगा।

इसके बाद मंदिर आम भक्तों के लिए पूरी तरह खोल दिया जाएगा। अभी तक केवल गर्भगृह और प्रथम तल तक ही भक्तों को प्रवेश मिलता है, लेकिन शिखर कलश और ध्वजारोहण के बाद पूरे मंदिर परिसर में दर्शन की व्यवस्था शुरू हो जाएगी। कार्यक्रम में देश-विदेश से आने वाले संत-महंत, वीवीआईपी और विशेष अतिथियों की संख्या हजारों में होने का अनुमान है। इन सभी को सुगमता से मंदिर तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष योजना तैयार की है। पार्किंग स्थलों से राम मंदिर तक मेहमानों को गोल्फ कार्ट की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए सभी प्रमुख पार्किंग क्षेत्रों पर ही गोल्फ कार्ट तैनात रहेंगें। इससे पैदल चलने की परेशानी से मेहमानों को निजात मिलेगी और यातायात व्यवस्था भी सुचारू रहेगी।

- **राम मंदिर तक गोल्फ कार्ट से पहुंचाए जायेंगे अतिथि, पार्किंग पर ही जिला प्रशासन लगायेगा गोल्फ कार्ट**
- **मंदिर परिसर में ही बनेंगे दो खोया पाया कैंप**
- **प्रदेश की योगी सरकार अतिथि देवो भव: की तर्ज पर करेगी स्वागत**
- **पुलिसकर्मी, पीएसी, सीआरपीएफ और खुफिया एजेंसियों की टीमें तैनात रहेंगी**
- **ड्रोन और सीसीटीवी से पूरे शहर की निगरानी की जायेगी**

**खोया-पाया कैंप बनेगा और होगा अतिथि सत्कार :** भीड़ प्रबंधन को देखते हुए मंदिर परिसर में ही दो बड़े खोया-पाया कैंप स्थापित किए जाएंगे। इन कैंपों में खोए हुए लोगों को तुरंत खोजने और उनके परिजनों से मिलाने की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा योगी सरकार ह्यअतिथि देवो भवःह्न की भावना के साथ मेहमानों का भव्य स्वागत-सत्कार करेगी। सभी अतिथियों के लिए ठहरने, भोजन और परिवहन की उच्चस्तरीय व्यवस्था की जा रही है।

**सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम :** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम ने बताया कि 25 नवम्बर के कार्यक्रम को देखते हुए अयोध्या में मल्टी लेयर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। हजारों पुलिसकर्मी, पीएसी, सीआरपीएफ और खुफिया एजेंसियों की टीमें तैनात रहेंगी। ड्रोन और सीसीटीवी से पूरे शहर की निगरानी की जाएगी। राम मंदिर ट्रस्ट के एक सदस्य ने बताया कि शिखर पर ध्वज फहराने के बाद मंदिर का स्वरूप पूर्ण रूप से दिव्य हो जाएगा। नौ शिखरों वाले इस भव्य मंदिर में मुख्य शिखर पर भगवा ध्वज लहराता देख करोड़ों रामभक्तों की आंखें तर हो जाएंगी।

**मुख्यमंत्री स्वयं परखेंगे व्यवस्थाएं :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यह कार्यक्रम विश्व पटल पर भारत की आस्था और संस्कृति का प्रतीक बने। मंगलवार को समीक्षा बैठक में वे स्वयं हर व्यवस्था को परखेंगे व पीएम के कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण करेंगे। ताकि 25 नवम्बर का कार्यक्रम ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बन सके।

# 'उत्तराखण्ड गौरव सम्मान' से नवाजे गये दिवंगत साहित्यकार शैलेश मटियानी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनके राकेश को सौंपा सम्मान

प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित एक सादगीपूर्ण एवं गरिमामय समारोह में प्रख्यात हिन्दी साहित्यकार स्वर्गीय शैलेश मटियानी को प्रदत्त 'उत्तराखण्ड गौरव सम्मान पुरस्कार-2025' उनके पुत्र राकेश मटियानी को प्रदान किया। यह सम्मान स्व. मटियानी की साहित्यिक उपलब्धियों, हिन्दी कहानी जगत में उनके अमूल्य योगदान और उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक विरासत को सशक्त पहचान दिलाने के लिए दिया गया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शैलेश मटियानी केवल एक साहित्यकार नहीं, बल्कि संवेदनाओं के कुशल शिल्पी थे। आधुनिक हिन्दी कहानी आंदोलन में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने आम जनमानस की पीड़ा, संघर्ष और जीवन-सत्य को जिस प्रभावशाली शैली में प्रस्तुत किया, वह उन्हें भारतीय साहित्य के श्रेष्ठ रचनाकारों की पंक्ति में स्थापित करता है।




मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार राज्य के उन महान प्रतिभाओं के योगदान को हमेशा सम्मान देती है, जिन्होंने अपनी लेखनी, कर्म और रचनात्मकता से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित किया है। स्व. श्री मटियानी के 'बोरीवली से बोरीबंदर' 'मुठभेड़', 'अधागिनी', 'चील'सहित अनेक कथा-कृतियां आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं और हिन्दी साहित्य में उनका महत्वपूर्ण स्थान है।

उन्होंने कहा कि मरणोपरांत यह सम्मान स्वर्गीय मटियानी के परिवार को सौंपना राज्य सरकार के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री ने उनके पुत्र का सम्मान करते हुए कहा कि साहित्यकारों का सम्मान समाज और प्रदेश दोनों को समृद्ध करता है। स्व. शैलेश मटियानी के पुत्र ने उत्तराखण्ड सरकार तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान समूचे प्रदेश के साहित्य प्रेमियों और मटियानी के प्रशंसकों के लिए गौरव का क्षण है। कार्यक्रम में सचिव विनोद कुमार सुमन सहित वरिष्ठ अधिकारी, साहित्यकार तथा परिवारजन उपस्थित रहे।

# भाजपा की नीयत में खोट है : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, बेइमानी और लूट चरम पर है। भाजपा और उसकी सरकार हर तरह के भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। संविधान और कानून का शासन खत्म हो गया। खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है। भाजपा की नीयत में खोट है। वह लोकतंत्र को बंधक बनाकर शासन करना चाहती है।



अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सत्ता और शासन तंत्र का दुरूपयोग कर रही है। चुनावी प्रक्रिया में धांधली करती है। पैसे बांट कर चुनाव लड़ती है। खुलेआम साम्प्रदायिकता को बढ़ाने की भाषणबाजी करती है। भाजपा सरकार में फर्जी मुठभेड़ हो रहे है। इन मामलों में कई जगह पुलिस वालों पर केस हो चुके है। जमीन पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। अवैध खनन और अवैध वन कटाई हो रही है। हर काम में भ्रष्टाचार है। पुलिस हिरासत में मौतें हो रही है। निवेश में कमीशन मांगा जाता है। संविधान को मिटाने का षड्यंत्र चल रहा है। झूठे दावों का बेशर्मी से प्रचार होता है। बुलडोजर से नाइंसाफी हो रही है। भाजपा सरकार आरक्षण को खत्म करने की चालबाजी कर रही है। भर्ती और नौकरी को खत्म करने की साजिश कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा पीडीए पर अन्याय और अत्याचार कर रही है। भाजपा सरकार को कोई लोकलाज नहीं है। लोकतंत्र और कानून को मजाक बना दिया है।

# उप्र में मखाना विकास के लिए कार्ययोजना तैयार

**लखनऊ।** उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण के अपर मुख्य सचिव बीएल मीणा ने प्रदेश में मखाना विकास के क्रियान्वयन संबंधी कार्ययोजना की रिपोर्ट भारत सरकार नई दिल्ली के राष्ट्रीय मखाना बोर्ड कृषि सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि भवन नई दिल्ली को मखाना के विकास की योजना से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं को अवगत कराते हुए कहा है कि प्रदेश में मखाना विकास योजना हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में क्रियान्वयन के लिए 18 करोड़ रुपये की कार्ययोजना तैयार करके अनुमोदन/स्वीकृति के लिए भेजा गया है। अपर मुख्य सचिव ने निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के उद्यान आयुक्त/सचिव राष्ट्रीय मखाना बोर्ड को भेजे गए पत्र का उल्लेख करते हुए बताया कि मखाना विकास योजना के क्रियान्वयन हेतु उत्तर प्रदेश में सब-एजेंसी के रूप में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उप्र को नामित किया गया है। मखाना विकास योजना के क्रियान्वयन के लिए निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण को नोडल अधिकारी तथा संयुक्त निदेशक शाकभाजी को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

# केशव मौर्य ने जनता दर्शन में सुनी समस्याएं, दिये समाधान के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने लखनऊ कैम्प कार्यालय पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कई सैकड़ा लोगों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए।

जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन व युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी समस्याओं को सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। अधिकतर प्रकरणों में भूमि विवाद, राजस्व संबंधित मुद्दे, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी की समस्याएं, पुलिस कार्यवाही से सम्बन्धित, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े मामले रहे



उन्होंने कहा कि जनता दर्शन आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है, जिससे जमीनी हकीकत सामने आती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मामलों में आवश्यक हो, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए और पीड़ितों को समयबद्ध राहत प्रदान की जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरतमंदों व पात्र लोगों को हर सम्भव सरकारी सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलना ही चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार आम जनता की भलाई के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और जनहित सर्वोपरि है। मौर्य ने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार हर संभव कदम उठाएगी और कोई भी पीड़ित निराश न लौटे—यही प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।

मौर्य ने जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों को विश्वास दिलाते हुये कहा कि परेशान न हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक-एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना। जनता दर्शन मे लगभग 2 दर्जन से अधिक ज़िलों से आये लोगों ने अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए यथोचित दिशा निर्देश दिए। जमीन सम्बन्धी अधिकांश प्रकरणों में उन्होंने सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजा जाय और सार्थक समाधान कराया जाय।

# दुधवा नेशनल पार्क को ईको टूरिज्म का हब बनाने के कई प्रस्ताव पेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म बोर्ड ने दुधवा नेशनल पार्क और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। जिसमें दुधवा नेशनल पार्क तक सड़क, रेल और हवाई मार्ग के माध्यम से पर्यटकों की पहुंच को सुगम और सुविधाजनक बनाने पर जोर दिया गया। इन प्रस्तावों का उद्देश्य न केवल प्रदेश में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देना है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करना है। राज्य सरकार के अनुमोदन के बाद जल्द ही ये परियोजनाएं धरातल पर उतरी जाएगीं, जो सीएम योगी के विजन के अनुरूप यूपी इको टूरिज्म का हब बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

दुधवा नेशनल पार्क में सड़क मार्ग से पहुंच को सुगम बनाने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर लखनऊ से लखीमपुर के बीच पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई एसी बस सेवा को पूरे इको पर्यटन सत्र तक जारी रखने का प्रस्ताव रखा गया है। यह सेवा पर्यटकों को दुधवा नेशनल पार्क तक आरामदायक यात्रा प्रदान करेगी। इसी क्रम में, पलिया-मैलानी और बिछिया को जोड़ने वाली नई बस सेवा शुरू करने का सुझाव भी रखा गया है। यूपीएसआरटीसी को भेजे जाने वाले इन प्रस्तावों से नेशनल पार्क के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी पर्यटन का विस्तार होगा। साथ ही रेलवे मार्ग से दुधवा नेशनल पार्क तक पहुंच को सुगम बनाने के लिए दिल्ली से लखनऊ (मैलानी होते हुए) चलने वाली पुरानी ट्रेन को पुनः बहाल करने और इसमें एसी कोच जोड़ने का प्रस्ताव रखा गया है। यह कदम विदेश एवं दूरदराज के पर्यटकों के लिए विशष रूप से लाभदायक साबित होगा।

- **दुधवा नेशनल पार्क में ईको टूरिज्म को नई ऊंचाइयों पर ले जायेंगें ये प्रस्ताव**
- **लखनऊ से लखीमपुर के बीच शुरू की गई एसी बस सेवा को पूरे इको पर्यटन सत्र तक जारी रखने का प्रस्ताव**
- **पलिया-मैलानी और बिछिया को जोड़ने वाली नई बस सेवा शुरू करने का सुझाव**
- **हिंडन से पलिया तक विमान सेवा शुरू करने का जल्द जारी होगी टेंडर**

हवाई संपर्क को मजबूत करने के लिए हिंडन से पलिया तक विमान सेवा शुरू करने का टेंडर वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) मॉडल पर तैयार किया जा रहा है। पर्यटन विभाग और सिविल एविएशन के समन्वय से यह परियोजना चालायी जाएगी। पात्रता शर्तों में भारत में पंजीकृत कंपनी, 6 सीटों वाले सिंगल व ट्विन इंजन विमान की सेवा शुरू करने का प्रस्ताव है। जिसके लिए निजी व चार्टेड विमान का संचालन करने वाली कंपनियों की सेवा ली जाएगी ।बोर्ड की मंजूरी से यह सेवा पर्यटकों को समय की बचत देगी।

दुधवा नेशनल पार्क, लखीमपुर खीरी तक सड़क मार्ग के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए पीडब्ल्यूडी के माध्यम से 226.82 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का प्रस्तावित की गई हैं। इसके तहत लखनऊ से दुधवा तक चार लेन सड़क संपर्क सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न चेनेज पर चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य भी शामिल हैं। जिसमें 21.14 करोड़ रुपये की लागता से पलिया हवाई पट्टी का 3 मीटर से 10 मीटर चौड़ीकरण कार्य, किशनपुर रोड का 32.95 करोड़ रुपये की लागत से 5.7 किमी चौड़ीकरण, लखीमपुर-बिजुआ-भीरा-पलिया मार्ग पर 21.6 करोड़ रुपए की लागत से इंटरलॉकिंग और सिसईया-धौराहरा-पलिया रोड का 134.23 करोड़ रुपये की लागत से 38.35 किमी सुदृढ़ीकरण जैसे कार्यों का प्रस्ताव रखा गया है। इन प्रोजेक्टस के निर्माण से जहां एक ओर नेशनल पार्क आने वाले पर्यटकों की पहुंच सुगम होगी साथ ही आस-पास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोगों की यातायात व्यवस्था एवं अर्थिक गतिविधियों में भी लाभप्रद साबित होगी। नेशनल पार्क के क्षेत्र में साइनेज की कमी को दूर करने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 8 करोड़ रुपये की परियोजना प्रस्तावित है। जिसमें अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप साइनेज स्थापित किए जाएंगे, जो पर्यटकों को दिशा-निर्देश प्रदान करेंगे। इनकी सैंपल डिजाइन पहले से तैयार हैं, जिन्हें अनुमोदन के पश्चात शीघ्र ही पार्क में लगाया जाना है। इनके अलावा, अनुभवात्मक पर्यटन पर फोकस करते हुए 82 क्षमता वाले विस्टाडोम कोच की यात्रा के अपग्रेडेशन के लिए 19.28 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। कतर्नियाघाट वन्यजीव अभ्यारण्य में गेरुआ नदी पर वर्तमान दो बोट के अलावा दो अतिरिक्त बोट सफारी शुरू करने का प्रस्ताव है, जो इको बोर्ड द्वारा संचालित होंगी। ये प्रस्ताव न केवल दुधवा नेशनल पार्क को को पर्यटन हब बनाएंगे, बल्कि स्थानीय निवासियों एवं क्षेत्र में रहने वाले जनजातिय समुदायों के युवाओं को रोजगार के नये मौके देंगे।

- **दुधवा नेशनल पार्क तक 226 करोड़ रुपये की लागत से होगा सड़कों का चौड़ीकरण व निर्माण**
- **विस्टाडोम कोच की यात्रा के अपग्रेडेशन के लिए 19.28 लाख रुपये स्वीकृत**
- **दुधवा नेशनल पार्क में 8 करोड़ रुपए की लागत से लगेगे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप साइनेज**

# सौर ऊर्जा क्रांति की ओर यूपी, पीएम सूर्य घर योजना ने बदली तस्वीर

**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़े और ग्रामीण इलाकों में पीएम सूर्य घर योजना नई उम्मीद बनकर उभरी है। सौर ऊर्जा आधारित इस योजना ने किसानों, छोटे व्यापारियों और आम नागरिकों के जीवन में आर्थिक राहत पहुंचाई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने इस योजना के क्रियान्वयन में तेजी दिखाई है और राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में जगह बनाई है।

अधिकृत आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अब तक 2,75,936 घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इससे उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली का लाभ मिल रहा है और ऊर्जा निर्भरता में उल्लेखनीय कमी आई है। स्थापना के मामले में यूपी गुजरात और महाराष्ट्र के बाद तीसरे स्थान पर है, जबकि कुल आवेदनों में प्रदेश दूसरे स्थान पर है। इस योजना का सबसे बड़ा प्रभाव छोटे व्यवसायों पर दिखाई दे रहा है। बिजली कटौती से पहले जहां वेल्डिंग, आटा चक्की, किराना स्टोर, नाई की दुकान और मोबाइल रिपेयर जैसी इकाइयां प्रभावित होती थीं, वहीं अब सौर ऊर्जा से इनके संचालन में रुकावट नहीं होती। लगातार बिजली उपलब्ध होने से इन व्यवसायों की आय स्थिर हुई है और रोजगार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के बिजली बिल लगभग शून्य होने से उनके मासिक खर्च में 15 से 20 प्रतिशत तक की कमी आई है। 31 अक्टूबर तक प्रदेश में 1,808.09 करोड़ की सब्सिडी वितरित की जा चुकी है। लखनऊ, वाराणसी, कानपुर नगर और बरेली इस योजना के प्रमुख लाभार्थी जिले हैं। अकेले इन चार जिलों में 8,000 से अधिक रूफटॉप सोलर यूनिट स्थापित हो चुकी हैं। आंकड़ों के मुताबिक लखनऊ में 4,271, वाराणसी में 1,672, कानपुर नगर में 1,410 और बरेली में 1,145 संयंत्र लगाए गए हैं।

# रोड स्वीपिंग वाहन ने मासूम को रौंदा, काटना पड़ेगा पैर

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** ग्रीन कॉरिडोर के पास सोमवार दोपहर लगभग 2 बजे नगर निगम की कार्यदायी संस्था लखनऊ स्वच्छता अभियान प्राइवेट लिमिटेड की रोड स्वीपिंग मशीन की चपेट में आने से एक दर्दनाक दुर्घटना घटित हो गई। इस हादसे में लगभग 5 वर्षीय बालक मोहम्मद हसनैन, पुत्र राजू अली, गंभीर रूप से घायल हो गया। बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ी ने बच्चे के पैर पर गाड़ी चढ़ा दी।

हादसे के समय मासूम अपने मामा के लिए खाना लेकर जा रहा था। सड़क पार करते समय ड्राइवर ने बच्चे के पैर पर गाड़ी चढ़ा दी, जिससे मांस के टुकड़े सड़क पर फैल गए। डॉक्टरों का कहना है कि घायल बच्चे का एक पैर काटना पड़ेगा। जानकारी के मुताबिक पीड़ित की पहचान ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के वसंतकुंज के सेक्टर आई में रहने वाले हसनैन (5) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नगर निगम की एलएसए कंपनी की रोड सफाई मशीन, जिसकी नंबर प्लेट तक नहीं लगी थी। उससे हादसा हुआ है। टक्कर लगते ही मशीन का ड्राइवर मौके से फरार हो गया, जबकि बच्चा गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर तड़पता रहा। मामा अतीक ने कहा कि हसनैन खाना लेकर आ रहा था।

- **दर्दनाक हादसे से कांप गई रूह, ड्राइवर मौके से फरार**

सड़क सफाई करने वाली गाड़ी अनलोड होकर लौट रही थी। गाड़ी से बच्चे की टक्कर मार दी। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों का कहना है कि पहले टांग काटनी पड़ेगी। उपचार में काफी समय लगेगा। गाड़ी को पुलिस ने ले जाकर पुलिस चौकी में बंद कर दिया है। बच्चे के पिता मोहम्मद राजू सब्जी का ठेला लगाते हैं। अतीक बढ़ई का काम करते हैं। प्रत्यक्षदर्शी महिला गुंजा का कहना है कि जैसे ही बच्चा आ रहा था। उसी समय गाड़ी ने आकर सीधे टक्कर मार दी। वह बच्चा भाग भी नहीं पाया और हादसा हो गया। इसके बाद मौके से ड्राइवर भी भाग गया। गुस्साए लोगों ने विरोध किया तो मौके पर लासा और पुलिस बल पहुंची। इस दौरान बच्चे का उपचार कराने का आश्वासन मिलने के बाद पुलिस ने किसी तरह से बच्चे को शांत किया। मौके पर लोगों ने पुलिस से लिखित शिकायत भी दी है।

### बच्चे का पूरा इलाज वहन करेगी एलएसए

एलएसए के रीजनल हेड अभय रंजन का कहना है कि या घटना दुर्भाग्यपूर्ण है गाड़ी खाली होकर वापस लौट रही थी इस दौरान सड़क पर खेल रहा बच्चा गाड़ी की चपेट में आ गया। इससे यह हादसा हो गया। उन्होंने कहा कि हम बच्चे का पूरा इलाज कराएंगे। अभी पास में स्थित एक अस्पताल में उपचार चल रहा है। इसके बाद मेदांता अस्पताल में बच्चे का उपचार कराया जाएगा। फिलहाल बच्चों की हालत सुधारने में समय लगेगा कंपनी की तरफ से बच्चे की पूरी मदद की जाएगी। संस्था की ओर से बच्चे के उपचार में होने वाला संपूर्ण खर्च वहन किया जाएगा। संस्था की टीम लगातार अस्पताल प्रशासन और परिजनों के संपर्क में है तथा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

### घटना की जांच के निर्देश

लखनऊ स्वच्छता अभियान प्राइवेट लिमिटेड ने घटना की आंतरिक जांच भी शुरू कर दी है। टीम का कहना है कि हादसे के कारणों का पता लगाकर इस प्रकार की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम सुनिश्चित किए जाएंगे। इस बीच नगर आयुक्त गौरव कुमार ने घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा, यह एक अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना है। घायल बच्चे का समुचित इलाज सर्वोच्च प्राथमिकता है। मैं स्वयं उपचार की निगरानी कर रहा हूँ और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि परिवार को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही, दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में ऐसी घटनाएँ न हों, इसके लिए सुरक्षा मानकों को और सख्त किया जाएगा। नगर आयुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया है कि रोड स्वीपिंग मशीनों के संचालन में अतिरिक्त सावधानी बरती जाए। नगर निगम ने आम जनता से अपील की है कि सड़क सफाई के दौरान मशीनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें और किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल नगर निगम को सूचित करें।

# 2022 के पहले से नहीं लगेगा गृहकर

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** शहर के उन भवन स्वामियों को बड़ी राहत मिलेगी जिनके भवन का गृहकर साल 2022 के पहले से बढ़ा दिया गया है। महापौर के हस्तक्षेप के बाद इस पर रोक लगने से हाउस टैक्स तो कम होगा ही साथ ही जलकर में भी बड़ा फायदा मिलेगा। इस सम्बंध में नगर निगम में समिति बनाई गई है। समिति की ओर से 15 दिन में रिपोर्ट देने के बाद लाखों भवनस्वामियों को राहत मिलेगी।

नगर निगम के गृहकर समाधान शिविर के अलावा आम दिनों में ऐसी शिकायतें भवनस्वामी करते हैं कि वह नियमित रूप से गृहकर जमा कर रहे हैं उसके बाद भी उनका गृहकर बिल बकाया आ रहा और कई गुना बढ़ा भी दिया गया। ज्यादातर मामलों में गृहकर जीआईएस सर्वे के बाद 2010 व 2014 से पुनरीक्षित करके बढ़ाया गया। जिसको लेकर भवनस्वामी यह सवाल उठाते रहे हैं कि अगर गृहकर को बढ़ाया जाना था तो पहले बढ़ा दिया जाता।

अब गृहकर बढ़ने के साथ ही उनका जलकर भी बढ़ जा रहा है।

- **जलकर भी कम होगा**

ऐसे में अब उन पद दोहरी मार पड़ रही है। कई भवनस्वामी समय से गृहकर जमा कर रहे हैं उनका भी गृहकर नगर निगम जीआईएस सर्वे के नाम पर वर्ष 2022 के पहले से बढ़ा कर भेज दिया गया है। जिससे समय से गृहकर जमा करने के बाद भी लोगों के पास बकाया गृहकर के बिल पहुंच रहे हैं। इस पर रोक लगाने के लिए महापौर के निर्देश पर नगर निगम प्रशासन ने एक समिति गठित कर दी है। यह 15 दिन में पूरे मामले का परीक्षण कर अपनी रिपोर्ट देगी। वाटर टैक्स की गणना गृहकर निर्धारण के वार्षिक मूल्यांकन के आधार पर होती है। हाउस टैक्स के लिए जो एआरवी (एनुअल रेंटल वैल्यू) निकाली जाती है उसी पर जलकल विभाग 15.5 प्रतिशत की दर से जल और सीवर कर लेता है। ऐसे में जब गृहकर कम होता है तो जलकर भी कम होता है और जब गृहकर बढ़ता है तो वह जलकर भी बढ़ता है।

साल 2022 के पहले से गृहकर लगाने पर रोक लगाने के नियम शर्तें बनाने के अलावा समिति यह भी तय कर करेगी कि जीआईएस सर्वे के बाद अब आवासीय और व्यावसायिक भवनों को लेकर अलग-अलग क्या अंतिम तिथि गृहकर निर्धारण को लेकर रखी जाए। बकाया पर ब्याज लगेगा या नहीं। अपार्टमेंट को लेकर क्या नियम रहेगा। विस्तारित इलाके के जो भवन और अपार्टमेंट नगर निगम सीमा में आए हैं उनको लेकर वहां पर गृहकर कब से लागू किया जाएगा।

# नगर निगम कार्यकारिणी आज पास करेगी 47 अरब का बजट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर में करीब दो महीने से रूके हुए काम फिर गति पकड़ेंगे। मंगलवार को नगर निगम कार्यकारिणी में चालू वित्तीय वर्ष का पुनरीक्षित बजट पास किया जाएगा। मूल बजट 43 अरब का मंजूर किया गया था जिसमें 04 अरुब रुपये की बढ़ोत्तरी करते हुए करीब 47 अरब का पुनरीक्षित बजट तैयार किया गया है। नगर निगम मुख्यालय में महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में दोपहर तीन बजे कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई है।

महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार के बीच करीब डेढ़ महीने तक चली तनातनी से पुनरीक्षित बजट लटका था। बजट की कमी से सड़कों के गड्ढों नहीं भरे जा सके हैं। इसी तरह सफाई, मार्ग प्रकाश, पार्क सहित अन्य कार्यों का बजट भी 25 से 30 प्रतिशत ही बचा है।

### इन प्रमुख कार्यों का बढ़ेगा बजट

न्यायालय, विधानसभा, विधान परिषद की समितियों व शासन के निर्देश पर कराए जाने वाले कार्यों का बजट 05 करोड़ से बढ़ाकर 12 करोड़, नगर निगम की जमीनों के सर्वे और सुरक्षित करने का बजट 02 करोड़ से बढ़ाकर 04 करोड़ करने, ट्रैफिक सुधार के कार्यों पर 50 लाख की जगह 03 करोड़, सड़कों की मरम्मत का बजट 271 करोड़ से बढ़ाकर 362 करोड़ किया जाएगा। भवन निर्माण का बजट 10 लाख से बढ़ाकर 2.10 करोड़, पार्कों के रखरखाव का बजट 35 करोड़ से बढ़ाकर 42 करोड़, नई सड़क निर्माण का बजट 05 करोड़ से बढ़ाकर 07 करोड़, डीजल पट्रेल खर्च 20 करोड़ से बढ़ाकर 35 करोड़ रुपये किए जाने का प्रस्ताव दिया गया है।

- **मूल बजट से 400 करोड़ की बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव, सड़क निर्माण का बजट बढ़ेगा**

ऐसे में यदि बजट पास नहीं किया जाएगा काम नहीं हो सकते थे। अब मंगलवार को नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक पुनरीक्षित बजट पास करने के लिए बुलाई गई है। नगर निगम का मूल बजट 31 मार्च से पहले पास किया जाता है और एक अप्रैल से लागू होता है। जो बजट पास होता है यदि उससे अधिक बजट नया बजट पास होन से पहले ही खर्च हो जाता है या होने का अनुमान होता है तो अक्टूबर में पुनरीक्षित बजट लाकर बजट बढ़ाया जाता है। नगर निगम अधिनियम में किए गए प्राविधान के तहत पुनरीक्षित बजट अक्टूबर के पहले सप्ताह में पास हो जाना चाहिए। बजट पास करने के लिए कार्यकारिणी बैठक बुलाई जाती है। यहां पर पास होने के बाद उसे सदन में पास किया जाता है।

### लखनऊ जं. व सिटी स्टेशन का निरीक्षण

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल रेल यात्रियों की सुरक्षा एवं यात्री सुविधा हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में आज कार्यकारी निदेशक (वाणिज्य समन्वय) रेलवे बोर्ड नई दिल्ली शैलेन्द्र सिंह ने मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल, अपर मण्डल रेल प्रबंधक (इंफ्रा0) भुवनेश सिंह एवं मण्डल के शाखाधिकारियों तथा रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) के अधिकारियों की उपस्थिति में लखनऊ जं. तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत पुनर्विकसित किए जा रहे लखनऊ सिटी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के आरम्भ में कार्यकारी निदेशक (वाणिज्य समन्वय) शैलेन्द्र सिंह ने लखनऊ जं. स्टेशन पर यात्री सुविधा की अंतर्गत स्टेशन पोर्टिको, सकुर्लेटिंग एरिया, कानकोर्स एरिया का अवलोकन किया तथा इसके पश्चात उन्होंने कैब-वे प्लेटफार्म संख्या 6 पर लखनऊ जं. तथा लखनऊ (उत्तर रेलवे) स्टेशन पर हो रहे एकीकृत पुनर्विकास कार्य परियोजना के ले-आउट प्लान को देखा।

# गोमती नगर विस्तार में अवैध डेयरी के खिलाफ एलडीए ने चलाया

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सोमवार को गोमती नगर विस्तार में अवैघ अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान एक दर्जन से अधिक अवैध डेयरी, दुकानें, झुग्गी-झोपड़ी आदि को ध्वस्त किया गया। एलडीए के सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-1 में ग्वारी फ्लाईओवर के पास सड़क किनारे खाली पड़ी जमीन पर कुछ लोगों ने अनाधिकृत रूप से कब्जा करके अवैध डेयरी, झुग्गी-झोपड़ी, कार वर्कशॉप व कबाड़ की दुकानें बना रखी थीं। इससे सड़क पर जलभराव और गंदगी की समस्या रहती थी। इसके अलावा डेयरी संचालकों द्वारा सर्विस रोड पर लगे बिजली के खम्भों से पशुओं को बांधा जाता था, जिससे मार्ग बाधित होता था और लोगों को सड़क से गुजरने में कठिनाई का सामना करना पड़ता था। इसे ध्यान में रखते हुए उपाध्यक्ष महोदय ने स्थल पर अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये थे।

- **सड़क किनारे अवैध दुकानें, झुग्गी-झोपड़ी व डेयरी हटायी गयीं**

जिसके अनुपालन में सोमवार को जोन-1 की जोनल अधिकारी संगीता राघव व प्रभारी अधिकारी-अर्जन विपिन कुमार शिवहरे के नेतृत्व में प्रवर्तन व अर्जन अनुभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर अभियान चलाया। इस दौरान प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से एक दर्जन से अधिक अवैध अस्थाई निर्माण ध्वस्त किये गये। जोनल अधिकारी ने बताया कि स्थल पर झुग्गी बनाकर रह रहे कुछ लोगों ने स्वयं से जगह खाली करने के लिए समय मांगा है। इस पर उन्हें अवैध कब्जा खाली करने के लिए एक सप्ताह की मोहल्लत दी गयी है, जिसके बाद प्राधिकरण द्वारा पुनः अभियान चलाकर अवैध कब्जे हटाये जाएंगे।

### सीमेंट, स्टील और पेपर सेक्टर की 4000 करोड़ की छह परियोजनाओं को मंजूरी

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में सोमवार को औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति (यूपी-आईआईईपीपी 2022) के अंतर्गत गठित हाई-लेवल एम्पावर्ड कमेटी (एचएलईसी) की 14वीं बैठक में स्टील, सीमेंट और पेपर सेक्टर की 4000 करोड़ की छह परियोजनाओं को शुरू करने के लिए लेटर ऑफ कंफर्ट (एलओसी) जारी करने को मंजूरी दी गई। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में औद्योगिक विकास विभाग द्वारा प्रस्तावों को रखा गया। इसमें विचार के बाद सीमेंट, स्टील और पेपर सेक्टर की कुल 4000 करोड़ रुपये लागत की छह सुपर मेगा परियोजनाओं को एलओसी जारी करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। इन परियोजनाओं कोऑनलाइन इन्सेन्टिव मैनेजमेंट सिस्टम (ओआईएमएस) पोर्टल के माध्यम से लेटर ऑफ कंफर्ट तथा डिस्बर्समेंट के लिए मूल्यांकन समिति द्वारा अनुशंसा प्राप्त हो चुकी थी। बैठक में प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार, प्रमुख सचिव नियुक्ति एम. देवराज, सीईओ इंवेस्ट यूपी विजय किरण आनंद, विशेष सचिव एमएसएमई शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

### सरकारी अवकाश पर अधिकारी आ रहे है आफिस

**लखनऊ।** कार्यालय बंद, लेकिन जरुरी कार्य के नाम पर अधिकारी और बाबू कार्यालय को खुलवाकर कार्य कर रहे है। ऐसे में भूले भटके उपभोक्ता पहुंच जाये तो उनसे कहा जाता है कि आज कार्यालय बंद है। जबकि कार्यालय खुलने पर उपभोक्ता का कार्य भी होना चाहिए। सरकारी नियमो के तहत अवकाश के दिन कोई कार्य अधिकारी द्वारा नही किया जाना चाहिए। बिजली विभाग का ज्यादातर कार्यालय अवकाश के दिन भी खुल रहे है। कार्यालय खोलकर अधिकारी अपना जरुरी कार्य निपटा रहे है। अधिकारियों का कहना है कि बहुत से ऐसे कार्य है जो समय पर नही हो पाते है ऐसे में अवकाश के दिन कार्यालय को खोलकर कार्य किया जा रहा है। जबकी उपभोक्ता कार्यालय आ जाता है तो उसको बताया जाता है कि अवकाश के दिन सिर्फ विभागीय कार्य होगा उपभोक्ता का कोई भी कार्य नही किया जायेगा। चन्दरनगर, आशियाना, राजभवन, दुबग्गा, सरोसा भरोसा, ठाकुरगंज, नारदरगंज, वृंदावन सहित अन्य क्षेत्रों में बिजली का कार्यालय अवकाश के दिन भी खुल रहा है।

### बिजली की शिकायत अब सुनेंगे मुख्य अभियंता

**लखनऊ।** लेसा में बिजली जाने की शिकायत अब बिजली के उच्च अधिकारी से भी कर सकते है। जिसमें बिजली कटौती, मीटर तेज चलना, ट्रांसफार्मर फूंकने सहित अन्य कार्यो के लिए उपभोक्ता की सुनवाई बिजली उपकेन्द्र पर नही हो रही है तो अधीक्षण अभियंता और मुख्यअभियंता से भी शिकायत कर सकते है। लेसा सिस गोमती के मुख्य अभियंता ने बताया कि उपभोक्ता 24 घण्टे कभी भी बात कर सकता है। मध्यांचल कस्टमर केयर सेन्टर पर सैकड़ो की संख्या में बिजली उपभोक्ता किसी न किसी कारण से फोन करते है। फिर भी शिकायतो का निस्तारण नही होने पर उपभोक्ता परेशान हो जाता है जिसको देखते हुए बिजली अधिकारियों ने यह निर्देश दिया है कि उपभोक्ता कही भी किसी से शिकायत करे इसके लिए उच्च अधिकारियों के भी फोन नम्बर उपभोक्ता को देना चाहिए। जिससे वह अपनी शिकायत का समाधान समय पर कर सके। चिनहट, बीकेटी, नारदगंज, सहित हजारो की संख्या में उपभोक्ता मीटर तेज चलने और बिजली कटौती से परेशान होते है। जबकी ऊर्जा मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक कह चुके है कि उपभोक्ता को बिजली से कोई समस्या नही होनी चाहिए। अगर होती है तो उसका तत्काल समाधान किया जाय। मुख्य अभियंता सिस गोमती- 9415901415, मुख्य अभियंता ट्रांस गोमती 9415901286, अधीक्षण अभियंता सर्किल चार- 9415803094, सर्किल दस-9453004527 सहित अन्य अधिकारियों पर भी फोन कर समस्या क निदान कर सकते है।

### अधिशासी अधिकारी सेवा संघ के अध्यक्ष बने डॉ. हरिगेंद्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधिशासी अधिकारी सेवा संघ के निष्पक्ष चुनाव के लिए अपर निदेशक नगरीय निकाय ऋतु सुहास (आई.ए.एस.) को पर्यवेक्षक नामित किया गया था। जिनकी देख-रेख में हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर डॉ. हरिगेंद्र प्रताप सिंह को निर्वाचित घोषित किया गया। साथ ही महामंत्री पद पर डॉ. अनुपम सिंह, उपाध्यक्ष पद पर राम बदन, संजय कुमार, सीमा राय, अनवर हुसैन, अवधेश कुमार व अवनीश कुमार शुक्ला एवं कोषाध्यक्ष पद पर अखिलेश सिंह और सचिव पद पर पवन किशोर को निर्विरोध चुना गया। अध्यक्ष, डॉ. हरिगेंद्र प्रताप ने बताया कि नगरीय निकाय निदेशालय में शपथ ग्रहण के बाद सामान्य सभा की पहली बैठक में अधिशासी अधिकारी कल्याण कोष के गठन, विधि प्रकोष्ठ, सभी अधिकारियों को परिचय पत्र, ग्रेड पे, ग्रेडेशन लिस्ट एवं रिक्त पदों पर पदोन्नति की जाए तथा निदेशालय में संघ के कार्यालय के लिए कक्ष आवंटित करने की मांग निदेशक से की जाएगी। संघ के अध्यक्ष की ओर से बताया गया कि प्रतिनियुक्ति पर अधिशासी अधिकारी रखने के फैसले का विरोध किया जाएगा।

# पॉलिथीन, गंदगी मिलने पर 50 हजार का जुर्माना

## प्रतिबंधित पॉलीथीन और अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया

**लखनऊ।** नगर निगम की ओर से सोमवार को प्रतिबंधित पॉलीथीन, गंदगी फैलाने और अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में जोन सात में देवा रोड कमता चौराहे से इंदिरा नहर तक अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रतिबन्धित पॉलीथीन का उपयोग, गंदगी फैलाने और अतिक्रमण से संबंधित कई मामले सामने आए। मौके पर गंदगी फैलाने पर 3,600 रुपये, प्रतिबंधित पॉलिथीन/प्लास्टिक के उपयोग पर 12,000 रुपये वसूला गया। अभियान के दौरान संबंधित व्यक्तियों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर और कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा मटियारी चौराहे से टाटा टेल्को इंदिरा नहर मार्ग तक सख्त जांच की गई। जोन-7 के मटियारी चौराहे से टाटा टेल्को इंदिरा नहर मुख्य मार्ग तक अभियान चलाया गया।

**नगर निगम ने घैला में खाली कराई सरकारी जमीन :** नगर निगम के संपत्ति विभाग की टीम ने सोमवार को ग्राम घैला में वर्षों से चल रहे अवैध कब्जे को हटाकर सरकारी भूमि को मुक्त कराया। यह कार्रवाई पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से की गई। नगर निगम की ओर से प्रभारी अधिकारी, सम्पत्ति रामेश्वर प्रसाद तथा तहसीलदार अरविन्द पाण्डेय के निर्देशन में कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मडियांव थाना प्रभारी की ओर से पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराया गया। इसके अतिरिक्त पीएसी तथा नगर निगम की ईटीएफ टीम को भी तैयार रखा गया, ताकि अभियान बिना किसी बाधा के संपन्न हो सके। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि अवैध कब्जा अस्थाई निर्माण के रूप में किया गया था, जिसे जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। खसरा संख्या 107 जो कि 0.030 हेक्टेयर क्षेत्रफल के नाले की सरकारी जमीन के रूप में दर्ज है। इस भूमि के लगभग 1500 वर्गफुट हिस्से को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया।

**अतिक्रमण विरोधी अभियान में की गई कार्रवाई :** शहर में बढ़ते अवैध अतिक्रमण और यातायात अवरोधों को समाप्त करने के उद्देश्य से नगर निगम ने सोमवार को दो जोनों में व्यापक अभियान चलाया। एयरपोर्ट नादरगंज चौराहे से पटरी दरोगा खेड़ा तक तथा सरोजिनी नगर औद्योगिक क्षेत्र में फैले अस्थायी अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया। टीम ने ठेले, गुमटियों, काउंटरों और खुमचों के रूप में किए गए अतिक्रमणों को चिन्हित कर कार्रवाई की। इसके अलावा से पॉलिटेक्निक चौराहे से कमता पुलिस चौकी होते हुए बीबीडी चौराहे तक अतिक्रमण हटाने का विशेष अभियान चलाया गया।

# नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का सम्मान समारोह आयोजित



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ के राजाजीपुरम में श्री राम सेवा समिति क्षत्रिय समाज द्वारा को सेक्टर-13 स्थित क्षत्रिय लॉन में सम्मान समारोह एवं तहरी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस जगन्नाथ सिंह पूर्व निदेशक कृषि अनुसंधान परिषद भारत सरकार राम कठिन सिंह एवं एसकेडी सिंह, डायरेक्टर एसकेडी स्कूल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर भारत माता, प्रभु श्रीराम और महाराणा प्रताप के चित्रों पर माल्यार्पण से हुई। समारोह में समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष श्याम सिंह राठौड़, महामंत्री श्याम जीत सिंह, तथा सुनील सिंह, बृजेश सिंह, प्रद्युम्न सिंह, किरण कुमार सिंह, बबलू सिंह, शिवेन्द्र सिंह मीडिया प्रभारी, शशि प्रभा सिंह, स्नेहा प्रभा सिंह और सपना सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ शिक्षाविद छोटेलाल सिंह, प्रधानाचार्य, योगेश्वर इंटर कॉलेज मौजूद रहे।


- **ऐसे कार्यक्रम करने के लिए समाज के अधिक से अधिक लोगों को आगे आना चाहिए :- पूर्व आईएएस जगन्नाथ सिंह**

समारोह में नए पदाधिकारियों का परिचय, सम्मान एवं कर्तव्य बोध सत्र आयोजित किया गया। समिति की ओर से पत्रकारों तथा आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों ने तहरी भोज किया।

# सुरक्षा उपकरण नहीं पहनने पर होगी एक्सईएन के खिलाफ सख्त कार्रवाई : चेयरमैन

## 1 दिसम्बर से प्रारम्भ हो रही बिजली बिल राहत योजना का करें व्यापक प्रचार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** विद्युत वितरण निगमों के कार्यो की समीक्षा बैठक में सोमवार को पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने निर्देशित किया कि डिस्कॉम में सुरक्षा उपकरण पहनकर ही अनुरक्षण कार्य हों यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहाकि सभी डिस्कॉम में पर्याप्त सुरक्षा उपकरण पहुँच गये हैं। उसका उपयोग किये बगैर कोई भी गैंग या संविदाकर्मी अनुरक्षण कार्य करता हुआ पाया गया तो उसे तत्काल बर्खास्त किया जायेगा। यदि कहीं कोई दुर्घटना हुई तो भी अधिशाषी अभियन्ता तक जिम्मेदारी तय करते हुये सख्त कार्यवाई होगी। इस पर जीरो टालरेन्स नीति रहेगी। अध्यक्ष ने कहाकि आगामी 1 दिसम्बर से पूरे प्रदेश में प्रारम्भ हो रही बिजली बिल राहत योजना का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाये। नेवर पेड, लॉग अनपेड उपभोक्ता तथा चोरी के मामलों के लिये यह बहुत अच्छी योजना आयी है। सभी वरिष्ठ अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि अपने अपने क्षेत्रों में योजना के पात्र उपभोक्ताओं का पंजीकरण कराकर बकाया जमा करायें। मुनादी कराएं. जिला प्रशासन से सम्पर्क कर सभी विभागों का सहयोग लेकर एक-एक उपभोक्ता तक योजना को पहुँचाये। मीटर रीडर, फीडर मैनेजर, पाम्पलेट, न्यूज पेपर, वाट्सएप मैसेज, कॉलर ट्यून, सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया आदि का उपयोग करके व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करें। उन्होंने वर्टिकल व्यवस्था को बेहतर ढ़ग से कार्यान्वित करने के लिये मध्यांयल एवं पश्चिमांचल के अधिकारियों को बधाई दी। अध्यक्ष ने कहाकि शहरों के रीस्ट्रक्चरिंग के तहत वर्टिकल व्यवस्था को सफलता पूर्वक लागू किया गया। अब हमें तकनीकि पैरामीटर के साथ व्यवस्था के मूल भूत सुधार की तरफ जाना है। उसे बहुत बेहतर करना है। शिकायतें आये और आपने ठीक कर दिया यह हमारे संतुष्टि का विषय नहीं होना चाहिये ब्लकि ऐसी व्यवस्था बनानी है कि शिकायते आने की नौबत ही न आयें। हमें ट्रांसफार्मर डैमेज, कम करना है, ट्रिपिंग कम करना हैं इसके लिये दिल्ली, अहमदाबाद , सूरत मुम्बई आदि ऐसे शहर जहां विद्युत व्यवस्था बहुत अच्छी है की तरह लखनऊ में काम करिये। इसे ट्रिपिंग विहीन और समस्या विहीन करना है। ऐसी व्यवस्था बनानी है जिसमें उपभोक्ता की विद्युत सम्बन्धी समस्या हो ही न। हमारा प्रयास और लक्ष्य है कि विश्वस्तरीय विद्युत व्यवस्था बनायें। इसके लिये लगातार प्रयास और सजगता रहनी चाहिए। इसमें प्रबन्ध निदेशक लीड लेकर कार्य करें। हमें लगातार कठिन परीश्रम करते रहना है। अभी तक प्रदेश के प्रमुख शहर, लखनऊ, कानपुर, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, अलीगढ़, बरेली, सहारनपुर तथा मुरादाबाद में वर्टिकल व्यवस्था लागू की गयी है। उन्होंने कहाकि अगले एक महीने में कार्यालयों और भंडार ग्रहो का निरीक्षण प्रबन्ध निदेशक एवं निदेशक कर ले। हमें अपने कार्यालयों को ठीक एवं साफ सुथरा करना है। जो कागज जरूरी है उसका स्कैन कराकर रखिये ।लेकिन अनउपयोगी कागजों की फाइलें नहीं रहनी चाहिए। बैठक में दक्षिणांचल डिस्काम के निदेशक तकनीकी और निदेशक कॉमर्शियल को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये गये।

# हर प्रोजेक्ट के लिए तय हों नोडल अधिकारी : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता (vol)

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हर प्रोजेक्ट के लिए एक नोडल अधिकारी तय करते हुए उनसे मॉनिटरिंग की साप्ताहिक या पाक्षिक रिपोर्ट ली जाए। हर परियोजना की एक समय सीमा तय होती है और कार्य में तेजी लाते हुए उसे उसी अवधि में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की जो परियोजनाएं अगले साल मानसून के बाद पूरी होनी हैं, उनके कार्यों में और तेजी लाकर मानसून से पहले ही पूरा करने के विशेष प्रयास किए जाएं। गोरखपुर दौरे पर आए सीएम योगी सोमवार देर शाम गोरखनाथ मंदिर के बैठक कक्ष में अधिकारियों के साथ गोरखपुर में गतिमान परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य को समयबद्ध तरीके और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए एक नोडल अधिकारी को पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी जाए। नोडल अधिकारी एक निश्चित अवधि पर प्रगति की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को उपलब्ध कराए। वरिष्ठ अधिकारियों को भी इस पर पूरा ध्यान देना होगा। उन्होंने नागरिक सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की हिदायत भी अफसरों को दी।

- **अधिकारियों के साथ बैठक में सीएम योगी ने दिए निर्देश**
- **एक निश्चित अवधि पर प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग की रिपोर्ट ली जाए - योगी आदित्यनाथ**

कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति बरकरार रहनी चाहिए। उन्होंने ठंड की दस्तक होने के साथ ही पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। ट्रैफिक प्रबंधन को और सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए सीएम योगी ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सड़कों पर जाम न लगने पाए।

### सड़कों की सफाई में लापरवाही पर एलएसए पर 25,000 का जुर्माना

**लखनऊ।** जोनल सेनिटरी अधिकारी मनोज यादव ने सोमवार को मुख्य मार्गों पर व्यापक स्तर पर गंदगी, कूड़े के ढेर और उगी हुई घास मिलने पर कार्रवाई की। उन्होंने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए लखनऊ स्वच्छता अभियान प्राइवेट लिमिटेड पर 25,000 रुपये का अर्थदंड लगाया है। निरीक्षण के दौरान टेढ़ीपुलिया से सेंट मेरी अस्पताल तक सड़क के किनारे जगह-जगह घास उगी हुई मिली। फुटपाथ पर कचरा फैला हुआ था। आगे सेंट मेरी से स्पोर्ट्स कॉलेज तक के मार्ग पर झाड़ू न मिलने और सफाई कर्मचारियों की अनुपस्थिति मिले। जोनल सेनेटरी ऑफिसर मनोज यादव ने बताया कि सृष्टि अपार्टमेंट के पास जमा कूड़े का बड़ा ढेर मिला। वहीं सेंट मेरी अस्पताल से स्पोर्ट्स कॉलेज तक सड़क किनारे बड़ी-बड़ी झाड़ियां और जगह-जगह पड़े कूड़े के ढेर मिले। सेंट मेरी अस्पताल से इंटीग्रल यूनिवर्सिटी सीमा तक डिवाइडर पूरी तरह धूल से ढके पाए गए, जो मशीनरी से सफाई न होने का स्पष्ट संकेत है। लखनऊ स्वच्छता अभियान की ओर से सफाई कार्य उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देशों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। इसी आधार पर नगर निगम ने संस्था पर 25,000 रुपये का अर्थदंड लगाया है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# डॉ. परवेज व शाहीन के उलझाऊ बयानों पर दौड़ रही एटीएस





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ. शाहीन और उसके भाई डॉ.परवेज के उलझाने वाले बयानों से मिल रही सूचनाओं पर एटीएस लगातार छापेमारी कर रही है पर अभी तक उसके असली मददगारों तक वह नहीं पहुंच सकी है।

रविवार को पारा समेत छह स्थानों पर छापे में भाई-बहन समेत एक दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ की लेकिन उनकी कोई संलिप्तता नहीं मिली। इसी तरह लखनऊ और कानपुर में कई ऐसी जगह छापे मारे जहां मददगार के नाम पर कोई नहीं मिला। सात दिन की पड़ताल में एटीएस को कोई ऐसा साक्ष्य अभी तक नहीं मिला है कि जिससे पता चले कि लखनऊ के अंदर डॉ. परवेज और डॉ. शाहीन किन लोगों से मिलते रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर पुलिस से ही एटीएस को पता चला था कि डॉ. शाहीन दो महीना पहले लखनऊ आई थी। उसके मददगार चारबाग होटल में रुके थे। फिर ये लोग डॉ. शाहीन व डॉ. परवेज के साथ कानपुर तक गए थे। पड़ताल में इस तरह का कोई साक्ष्य अभी तक जांच एजेन्सियों को नहीं मिला है। एटीएस ने लखनऊ में डॉ. परेवज के घर तीन बार, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में दो बार और डॉ. शाहीन के पिता शाहिद अंसारी के खंधारी बाजार स्थित घर पर तीन बार पड़ताल की। पड़ोसियों से भी शाहीन व परवेज की संदिग्ध गतिविधियों पर सवाल जवाब किए लेकिन ऐसा कुछ नहीं मिला। परवेज की गिरफ्तारी अभी तक नहीं एटीएस और जम्मू-कश्मीर पुलिस 12 नवम्बर को मड़ियांव के मुतक्कीपुर स्थित डॉ. परवेज के घर पहुंची थी। यहां ताला तोड़ कर परवेज के घर की तलाशी ली थी। इसी दिन देर शाम परवेज को एटीएस ने हिरासत में ले लिया था। उससे रात भर पूछताछ की गई। फिर 13 नवम्बर को जम्मू-कश्मीर पुलिस उसे अपने साथ फरीदाबाद लेकर चली गई। वहां उससे लगातार पूछताछ की जा रही है। उसकी गिरफ्तारी अभी तक नहीं की गई है। साथ ही उसके खिलाफ ऐसा कोई साक्ष्य अभी तक नहीं मिला जिससे उसके आतंकी गतिविधियों में लिप्त होने की पुष्टि हो। हालांकि एटीएस के अफसरों का यह मानना है कि डॉ. शाहीन के कहने पर उसने माडयूल के लिए कई तरह के काम किए। इनकी सच्चाई का पता लगाया जा रहा है।

## हवाला से मिले 20 लाख रुपयों को लेकर डॉ. उमर और डॉ. शाहीन में हुआ था टकराव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लाल किला कार विस्फोट मामले में खुफिया एजेंसियों ने 3 डॉक्टरों डॉ. उमर, डॉ. मुजम्मिल और डॉ. शाहीन से जुड़े 20 लाख रुपये के मनी ट्रेल का खुलासा किया है। सूत्रों की मानें तो यह रकम हवाला नेटवर्क के जरिए 'डॉक्टर्स टेरर माड्यूल' तक पहुंची थी। इस रकम को जैश-ए-मोहम्मद के संचालक की ओर से भेजे जाने का संदेह है। सूत्रों ने यह भी बताया कि इसी फंड को लेकर लाल किला धमाके को अंजाम देने वाले डॉ. उमर और टेरर माड्यूल की सदस्य डॉ. शाहीन के बीच विवाद हुआ था। ऐसा माना जाता है कि 20 लाख रुपये में से लगभग 3 लाख रुपये 26 क्विंटल एनपीके उस उर्वरक को खरीदने पर खर्च किए गए थे जिसे विस्फोट में इस्तेमाल किया जा सकता है। अधिकारियों ने खुलासा किया कि 20 लाख रुपये की रकम के प्रबंधन को लेकर डॉ. उमर उन नबी और डॉ. शाहीन के बीच तनाव पैदा हो गया था। रकम के इस्तेमाल को लेकर दोनों की राय अलग-अलग थी।

सूत्रों ने बताया कि मॉड्यूल के तीसरे सदस्य डॉ. मुजम्मिल से मिले इनपुट ने टेरर फंडिंग नेटवर्क का पूरा लिंक जोड़ने में अहम भूमिका निभाई है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि लाल किला के पास हुए धमाके वाले क्षेत्र से तीन कारतूस मिले हैं। ये नौ एमएम कैलिबर के हैं, जो आमतौर पर सुरक्षा बलों के पास होते हैं। हालांकि, पुलिस को वहां कोई पिस्टल या उसका कोई हिस्सा नहीं मिला, जिससे यह सवाल उठ रहा है कि ये कारतूस वहां कैसे पहुंचे?

## दो चेन स्नैचर गिरफ्तार मोटरसाइकिल व चेन बरामद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पुलिस ने दो शातिर चेन स्नैचरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से छीनी गई की चेन और वारदात में प्रयुक्त बाइक पुलिस ने बरामद की है। पुलिस के अनुसार, बदमाशों ने सात अक्टूबर को सरिता जैन के गले से चेन झपट कर बाइक से फरार हो गए थे। थाना गाजीपुर पुलिस मुकदमा दर्ज कर पड़ताल कर रही थी। पकड़े गए आरोपियों की पहचान शिवम सिंह निवासी रायबरेली और पिंटू यादव निवासी बाराबंकी के रूप में हुई है। शिवम के ऊपर लखनऊ और आसपास के जिलों में कई मुकदमे दर्ज हैं, जबकि पिंटू यादव पर भी मारपीट व धमकी के मामले दर्ज हैं। वृद्धा पहुंचीं थाने तो इंस्पेक्टर ने खड़े होकर सुनी फरियाद रहीमाबाद। जौरिया गांव की 95 वर्षीय प्रेमा देवी बेटों के बीच जमीन और दुकान के बंटवारे को लेकर बढ़ते विवाद से परेशान होकर सोमवार सुबह रहीमाबाद थाने पहुंचीं। बुजुर्ग वृद्धा को थाने में देख इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक तुरंत अपने ऑफिस से बाहर आए और उन्हें सम्मानपूर्वक कुर्सी पर बैठाया। पानी पिलाया और उनकी पूरी बात सुनी। प्रेमा देवी ने बताया कि उनके तीन बेटे, कमल किशोर, विमल किशोर और राजकिशोर हैं। तीनों बंटवारे को लेकर झगड़ रहे थे और घर में माहौल खराब होता जा रहा था। मां के बार-बार समझाने के बावजूद जब बेटे नहीं माने तो वह खुद थाने आ गईं। इंस्पेक्टर त्रिगुनायक ने तुरंत तीनों बेटों को थाने बुलाया और डेढ़ घंटे तक उनसे बातचीत की। पुलिस की मौजूदगी और समझाइश के बाद तीनों भाई आपसी सहमति से बंटवारे के लिए राजी हो गए। समाधान होने पर प्रेमा देवी ने इंस्पेक्टर को आशीर्वाद दिया और खुशी-खुशी बेटों के साथ घर लौट गईं। थाने में इंस्पेक्टर की पहल और संवेदनशीलता की ग्रामीणों में सराहना की जा रही है।

## मेला आयोजक पर हमला

**आलमबाग।** आगामी 19 नवंबर से आशियाना क्षेत्र में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव आयोजित हो रहा है जिसके मुख्य आयोजक अरुण प्रताप है इस मेले के आयोजन को लेकर सेक्टर के स्थित स्मृति उपवन में इन दिनों तैयारियां जोर शोर से चल रही है। आयोजक अरुण प्रताप का आरोप है कि रविवार शाम करीब 5 बजे वह मेला मैदान में तैयारी करा रहे थे उसी समय करीब 40-50 असलहा से लैस लखनऊ यूनिवर्सिटी निकट निवासी सनी गुप्ता अपने भाई शुभम गुप्ता संग आए और सीधे उनपर धावा बोल दिया।

### सूचना

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरी जन्मतिथि 17.05.1984 दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरी सही जन्मतिथि 25.01.1992 दर्ज है। मेरे पासपोर्ट में भी मेरी सही जन्मतिथि 25.01.1992 ही दर्ज की जाए। **सुनील शाही पुत्र श्री मारकण्डेय शाही नि.- ग्राम गेरूआखोर पो. करवल उर्फ मझगावां, जिला गोरखपुर।**

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं महेर बानो पत्नी श्री मो. शफीक 180 बी मिरदही टोला सीतापुर तह. व जिला सीतापुर की निवासिनी हूँ। मैंने अपना नाम MAHER BANO व MEHER BANO से बदल कर MEHAR BANO कर दिया है। भविष्य में मुझे MEHAR BANO नाम से जाना व पहचाना जाये।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं मो. शफीक पुत्र श्री मो. अय्यूब 180 बी मिरदही टोला सीतापुर तह. व जिला सीतापुर का निवासी हूँ। मैंने अपना नाम MOHAMMAD SHAFIQ व MOHD. SHAFIQUE ANSARI व MOHAMMAD SHAFIQ ANSARI से बदल कर MOHAMMAD SHAFEEQ कर दिया है। भविष्य में मुझे MOHAMMAD SHAFEEQ नाम से जाना व पहचाना जाये।

### सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र के स्कूली अधिलेखों में उसका नाम आरूष भार्गव दर्ज है जबकि मैने उसका नाम बदलकर आरूष रख लिया है। मेरे पुत्र के सभी अभिलेखों में उसका नाम आरूष ही लिखा, पढ़ा व जाना जाये। **पंकज कुमार पुत्र श्री छोटेलाल नि.- ए/515 मो. आवास विकास कालोनी, सीतापुर।**

### सूचना

सूच्य हो कि मेरी पुत्री शाफिया रिजवान (SHAFIYA RIZWAZ) के विद्यालय अभिलेखों में नाम शाफिया रिजवान (SHAFIA RIZWAZ) दर्ज है जो गलत है। जब कि मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र में (SHAFIYA RIZWAN) शाफिया रिजवान है। अतः अब मेरी पुत्री के समस्त अभिलेखो में उसका नाम (SHAFIYA RIZWAN) शाफिया रिजवान पढ़ा व समझा जाये। **रिजवान खान पिता शाफिया रिजवान (SHAFIYA RIZWAN) मो. सदर बाजार, तहासील व जिला सीतापुर। पिन कोड 261001 (उ.प्र.)।**

### सूचना

सूच्य हो कि मेरी पुत्री शाहनिफा रिजवान (SHAHNIFA RIZWAZ) के विद्यालय अभिलेखों में नाम शाहनिफा रिजवान (SHAHNIFA RIZWAZ) दर्ज है जो गलत है। जब कि मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र में (SHANIFA RIZWAN) शाहनिफा रिजवान है। अतः अब मेरी पुत्री के समस्त अभिलेखो में उसका नाम (SHANIFA RIZWAN) शाहनिफा रिजवान पढा व समझा जाये। **रिजवान खान पिता शाहनिफा रिजवान (SHANIFA RIZWAN) मो. सदर बाजार, तहासील व जिला सीतापुर। पिन कोड 261001 (उ.प्र.)।**

### न्यायालय सूचना

**एच.सी.जे. फार्म नं. 33 पार्ट नं.-7**
**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय**
**कादीपुर सुलतानपुर**
**ता. पेशी- 16.12.2025**
**वाद सं. 576/20050468047 8**

देव नारायण

**बनाम**

श्रीराम
1. दयाराम पुत्र श्रीराम
2. आत्माराम पुत्र श्रीराम
3. राम नयन पुत्र राम कलप
4. अशोक पुत्र सत्यदेव
5. विनोद पुत्र जनार्दन
6. राजितराम पुत्र राजदेव
7. प्रदीप कुमार मुन्ना पुत्र राम तेज
8. अनिल कुमार पुत्र राम तेज
9. बृजरानी बेवा राम तेज

समस्त नि.- ग्रा. कोटिया परगना-अल्देमऊ तह-कादीपुर, सुलतानपुर उ.प्र.

चूँकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अतएवं आपकी एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए दिनांक 16.12.2025 के दिवस को पूर्वांन्ह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात है और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 16.11.2025 के दिवस को निकाली गयी।

**न्यायालय**

**कार्यालय ग्राम पंचायत हमजाबाद, वि.ख.- मोतिगरपुर, जनपद-सुलतानपुर**
**पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26** **दिनांक-17.11.2025**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-हमजाबाद, विकासखंड मोतिगरपुर में राजयवित्त/केंद्रीय वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें दिनांक- 17.11.2025 से 22.11.2025 के अपराहन 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक 22.11.2025 को अपराह्न 03:00 बजे निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली व निरस्त की जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | कंपोजिट विद्यालय हमजाबाद की बाउंड्रीवाल पेंटिंग एंव बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य। | 2,47,600 रुपये। | ईंट, मोरंग, गिट्टी, बालू, पेंट व अन्य सामाग्री। |

**नोट**- सभी शर्ते व नियम लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती हैं।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रां.पं.- हमजाबाद, वि.ख.- मोतिगरपुर**
**जनपद-सुलतानपुर।**

## कंपनी के कर्मियों ने पार किए सात लाख के मोबाइल

लखनऊ। सरोजनीनगर स्थित इंस्टाकार्ट सर्विसेज कंपनी हब के तीन कर्मियों पर सात लाख के 15 मोबाइल फोन गायब करने का आरोप लगाते हुए कंपनी के अधिकारी ने मुकदमा दर्ज कराया है। कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि शैलेश गौड़ के मुताबिक कंपनी का मुख्य कार्यालय बंगलुरु में है। इसके अलावा कई राज्यों में कंपनी के हब हैं, जहां से फ्लिपकार्ट और कुछ अन्य कंपनियों द्वारा लोगों को माल भेजा जाता है। सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित हब में उन्नाव के धुनहीखेड़ा निवासी सर्वजीत सिंह, कुशीनगर के पिपरा निवासी चंदन कुमार व कन्नौज के बसता निवासी योगेंद्र डिलीवरी एसोसिएट हैं। शैलेश के मुताबिक सितंबर में ट्रांसपोर्टनगर हब में मानक प्रक्रिया के चलते शिपमेंट का सत्यापन हो रहा था। सत्यापन के दौरान पता चला कि 15 मोबाइल फोन शिपमेंट के साथ छेड़छाड़ की गई थी। डिब्बों में मोबाइल के स्थान पीओपी से फोन रखे थे। कंपनी ने जांच शुरू की तो मोबाइल गायब करने में सर्वजीत सिंह, चंदन कुमार व योगेंद्र की संलिप्तता पाई गई। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई तो उसमें 23 सितंबर से 28 सितंबर तक डिलीवरी के आए मोबाइल गायब करते दिखे। इंस्पेक्टर राजदेव राय प्रजापति ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## स्कूल वैन ने मारी टक्कर, बाइक सवार ओवरब्रिज से नीचे गिरा




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हरदोई रोड स्थित दुबग्गा के नौबस्ता रेलवे ओवरब्रिज पर सोमवार दोपहर ढाई बजे विपरीत दिशा से आ रही बच्चों से भरी स्कूल वैन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक ओवरब्रिज से करीब 20 फुट नीचे जा गिरा, जबकि पीछे बैठा युवक सड़क पर गिरकर चोटल हो गया। हादसे में वैन में सवार दो बच्चे भी घायल हो गए। घटना के बाद लखनऊ-हरदोई रोड पर जाम लग गया। वहां से गुजर रहे एक डॉक्टर ने अपनी कार से दोनों घायलों को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, हरदोई के कासिमपुर निवासी रंजीत वर्मा (18) दोस्त सत्यम के साथ गोमतीनगर में रहकर जेप्टो कंपनी में डिलीवरी का काम करता है। रविवार दोपहर दोनों सत्यम की बाइक से कासिमपुर जा रहे थे। बाइक सत्यम चला रहा था। नौबस्ता ओवरब्रिज पर सामने से आ रही स्कूल वैन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हेलमेट पहने सत्यम हवा में उछलकर ओवरब्रिज से नीचे जा गिरा। गिरने के दौरान हेलमेट भी उतर गया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं। पीछे बैठा रंजीत सड़क पर गिरकर घायल हुआ। स्कूल वैन में थे छह बच्चे बताया गया कि काकोरी के दुगार्गंज स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल की वैन छह बच्चों को लेकर बालागंज की ओर जा रही थी। वैन ड्राइवर तेजेंद्र को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। वहीं, पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर जाम खुलवाया। इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा ने बताया कि वैन चालक से पूछताछ की जा रही है। घायलों का ट्रॉमा सेंटर में इलाज जारी है। तहरीर मिलने पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## ई-रिक्शा पलटने से चालक की मौत, तीन घायल

लखनऊ। पीजीआई इलाके में सोमवार सुबह सवारियों से भरा ई-रिक्शा एक्सप्रेस प्लाजा के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को एपेक्स ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने चालक को मृत घोषित कर दिया, वहीं अन्य घायलों का इलाज किया गया। आशियाना की रिक्शा कॉलोनी निवासी 64 वर्षीय सुरेश मेहता ई-रिक्शा चलाते थे। सोमवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे वह उतरेटिया से सवारियां लेकर जा रहे थे। शहीद पथ की सर्विस लेन पर एक्सप्रेस प्लाजा के पास रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में सुरेश मेहता के अलावा बछरावां क्षेत्र के गुलाब खेड़ा निवासी रामअचल व दो अज्ञात लोग घायल हो गए। घायलों को एपेक्स ट्रॉमा सेंटर एसजीपीजीआई भेजा गया। जहां सुरेश की मौत हो गई। जबकि अन्य लोगों का इलाज किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## दिहाड़ी मजदूर का शव बबूल के पेड़ से लटका मिला



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**आलमबाग।** आलमबाग कोतवाली इलाके में सोमवार दोपहर एक बबूल के पेड़ के सहारे संदिग्ध परिस्थितियों मे युवक का शव फंदे के सहारे लटका मिला। कंट्रोल नंबर की सूचना पर पहुंची आलमबाग पुलिस मृतक के शव को पेड़ से नीचे उतार मृतक के पास से मिले पॉकेट डायरी, फोन और आधार कार्ड से पहचान हो जाने पर मृतक के परिजनों को जानकारी दे शव को पोस्टमार्टम के लिए मचुर्री भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मूलरूप से जनपद सीतापुर हरगांव लहरपुर का रहने वाला राममूर्ति (25) पुत्र ललई लखनऊ में रहकर दिहाड़ी मजदूरी का कार्य करता था सोमवार दोपहर करीब 2 बजे दुगार्पुरी मवैया जंगल में किसी ने बबूल के पेड़ से युवक को लटका देख कंट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची आलमबाग पुलिस मृतक के शव को पेड़ से नीचे उतार मृतक के पास से मिले पॉकेट डायरी, फोन और आधार कार्ड से पहचान हो जाने पर मृतक के परिजनों को सूचना दे शव को पोस्टमार्टम के लिए मचुर्री भेज दिया है। मवैया चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शिव प्रकाश सिंह के अनुसार मृतक के परिवार वाले अत्यंत गरीब है ग्राम के प्रधान द्वारा परिजनों को सूचना दिया गया है, मृतक ने बीती रात फांसी लगाई थी प्रथम दृष्टया में घरेलू विवाद सामने आ रहा है। मृतक की पत्नी नौ माह की गर्भवती है जो विगत छ माह से अपने मायके में ही रह रही है। परिजन के आने पर ही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## युवक ने की आत्म हत्या, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

नगराम। नगराम के तमोरिया गांव में युवक ने आत्म हत्या कर लिया। सोमवार शाम उसका शव गांव से बाहर खेत में बनी छप्पर की झोपड़ी की बल्ली में रस्सी के फंदे से लटकता हुआ मिला। कार्यवाहक थानाध्यक्ष के अनुसार मृतक के भाई की तहरीरी सूचना पर इस्तफाकिया रिपोर्ट दर्ज कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। परिजनों द्वारा किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है।

नगराम के तमोरिया गांव निवासी शंभू लोध के लड़के श्याम किशोर लोधी (35) का गांव से बाहर खेत है। आवारा पशुओं से रखवाली के लिए खेत में ही छप्पर बना रखा है। मृतक की पत्नी रिंकी के अनुसार उसका पति बीमार रहता था दवा चल रही थी बीमारी की वजह से वह परेशान रहता था मंगलवार के दिन पी जी आई दिखाने जाने की बात कह रहे थे सोमवार दोपहर वह पति के साथ ही खेत गई थी कुछ देर के लिए घर आई थी शाम पांच बजे करीब जब वह वापस खेत पहुंची तो उसके पति का शव छप्पर में लगी बल्ली में रस्सी के फंदे से लटकता हुआ मिला। कार्यवाहक थानाध्यक्ष नगराम मोहम्मद नाजिम खान ने बताया कि मृतक के भाई सरवन द्वारा दी गई तहरीर पर इस्तफाकिया रिपोर्ट दर्ज कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है परिजनों द्वारा किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है। मृतक के परिवार में पत्नी रिंकी लड़की प्रिया (15) वर्ष व लड़का संगम (10) वर्ष हैं।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, प्रेम प्रसंग बना कारण



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सोमवार शाम मलिहाबाद थानाक्षेत्र में जम्मू से कोलकाता जा रही जम्मू तवी एक्सप्रेस की चपेट में आने से शादी विवाद में फ्लावर का काम करने वाले एक युवक की मौत हो गई। पुलिस की सूचना के अनुसार कि रेलवे लाइन पर पोल संख्या 94/30, मलिहाबाद स्टेशन और महमूदनगर ढाल के बीच एक व्यक्ति ट्रेन से टकरा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और मौके पर देखा गया कि मृतक का शव ट्रेन में फंसा हुआ था। पुलिस व आसपास मौजूद ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया और रेलवे लाइन को क्लियर कराया गया, जिससे रेल संचालन प्रभावित न हो। जिससे रेलवे लाइन ट्रैक करीब एक घंटे बाधित रहा। ग्रामीणों ने मृतक की पहचान विकास कुमार (उम्र करीब 20 वर्ष) पुत्र रामगोपाल रावत, निवासी ग्राम पाठकगंज, महमूदनगर, थाना मलिहाबाद के रूप में की। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि युवक की ट्रेन के आगे कूदने से मौत हुई है, घटनास्थल का निरीक्षण कर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और विधिक कारवाई की जा रही है। मृतक के परिवार में पिता रामगोपाल, माता सुषमा देवी, भाई आकाश, विशाल एक बहन महक है. जिनका रो-रो कर बुराहाल है।

**युवती से चल रहा था प्रेम प्रसंग:** सूत्रों की मानें तो मृतक विकास कुमार का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के माता पिता का देहांत हो जाने के बाद युवती अपने मामा के घर रहती थी। बीते रविवार को विकास एक स्कूटी लेकर युवती को उसके घर से बैठाकर कही लेकर चला गया था। घर पर युवती के न मिलने पर उसके मामा ने युवती की खोजबीन करने में जुट गए। इसी दौरान युवती का मोबाइल फोन घर पर मिल गया। जिसमें विकास के साथ कुछ फोटो और बातचीत की रिकॉर्डिंग मिली। तो आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में विकास स्कूटी पर युवती को ले जाते हुए देखा गया। जिसके आधार पर पता लगाए हुए युवती के मामा लोग सोमवार को विकास के घर पहुंचे और युवती बरामद करने की बात कही। युवती को बरामद न करने पर उनके मामा द्वारा मुकदमा दर्ज कराने बात की तो विकास के परिजनों ने युवती को उसके मामा के हवाले कर दिया। युवती को लेकर वह लोग चले गए। अंदाजा तो यह लगाया जा रहा है कि विकास युवती के सदमे में आकर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की है।

## विवाहिता पर हमला, छह माह की बच्ची को बेचने की धमकी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न और मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। शेख हबीबपुर, ठाकुरगंज निवासी अफसाना ने पति अब्दुल समद, ससुर, सास, जेठ, जेठानी और अन्य पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उसकी बच्ची को बेच कर रुपए वसूलने की धमकी दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर के अनुसार, पीड़िता का विवाह 2 दिसंबर 2023 को अब्दुल समद से हुआ था। विवाह के बाद से ही ससुराल वाले और दहेज लाने के लिए अफसाना का उत्पीड़न करने लगे थे। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसका जेठ अब्दुल अहद उस पर गलत नजर रखता था और उसके पति को बताने पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता के मुताबिक, 2 दिसंबर 2024 की रात आठ बजे पति अब्दुल समद, जेठ अब्दुल अहद और दो अन्य व्यक्ति उसके मायके पहुंचे और विवाद के दौरान गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि जेठ ने पीड़िता का गला पकड़कर धक्का दिया, जिससे वह गिर पड़ी। इसी दौरान आरोपियों ने नवजात शिशु को छीनने का भी प्रयास किया। हस्तक्षेप करने पर पीड़िता की मां और भाई से भी अभद्रता और मारपीट की गई। पीड़िता ने बताया कि विरोध करने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते रहे। घटना के बाद पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक राहुल यादव को सौंपी गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पीड़िता के बयान, मेडिकल रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ससुराल पक्ष के सभी आरोपी फिलहाल पुलिस की निगरानी में हैं, और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## फ्लोर मिल में सीढ़ी से गिरकर बावर्ची की मौत

**लखनऊ।** थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक फ्लोर मिल में सीढ़ी से गिरकर मजदूर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मजदूर नशे की हालत में था, तभी उसका पैर फिसल गया और हादसा हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शाहजहांपुर जिले के जमालपुर निवासी अंकित (27) भाई शोभित के साथ सरोजनीनर क्षेत्र के नादरगंज स्थित फ्लोर मिल में बावर्ची का काम करता था। वह फैक्ट्री की छत पर बने सर्वेट क्वार्टर में रहता था। रविवार दोपहर करीब 3 बजे अंकित नशे की हालत में फैक्ट्री के अंदर सीढ़ी पर चढ़ रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह सिर के बल नीचे फर्श पर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके साथियों ने तुरंत उसे लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। वहां हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन ट्रामा में उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। जांच कर जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक की टक्कर से महिला का पैर फैक्चर

**आलमबाग।** आशियाना थाना इलाके मे बीते दो सप्ताह पूर्व सड़क पार कर रही महिला को एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। वही बाइक की टक्कर से महिला का पैर फ्रैक्चर हो गया। जिसके पश्चात उसने निजी अस्पताल मे अपना उपचार कराने के बाद आरोपित बाइक सवार पर धमकी देने का आरोप लगा नामजद शिकायत की है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर-ओ मानसरोवर योजना, कानपुर रोड निवासी रश्मि तिवारी पत्नी पंकज तिवारी के अनुसार वह बीते 29अक्टूबर बुधवार शाम 6बजे थाना क्षेत्र स्थित न्यू गडौरा सब्जी मंडी के पास सड़क पार कर रही थीं।

# उत्तराखंड महोत्सव : पहाड़ी व राजस्थानी लोकनृत्य ने समां बांधा








वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तराखंड महोत्सव का नवां दिवस, दिन प्रतिदिन बढ़ती भीड़ में एक ओर खूब खरीदारी संग खान-पान के चटकारे ले रहे तथा दूसरी ओर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद ले रही अपार भीड़ का जबरदस्त मनोरंजन कर हो रहा है। समापन की ओर बढ़ रहे पं. गोविन्द बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन, बीरबल साहनी मार्ग गोमती तट पर लगे महोत्सव में खचाखच भीड़ द्वारा अमेरिकन भुट्टा, तंदूरी चाय, लजीज खाना संग पहाड़ की दालें-गहत, भट्ट, भट्ट, मडूवे का आटा, सब्जियां, मूली, गडेरी, बाल मिठाई, सिंगोड़ी, चाकलेट, बीकानेरी नमकीन, उत्तराखण्डी ज्वेलरी, आजकल की आर्टिफिशियल ज्वेलरी, पौटरी का सामान हस्तशिल्प के उत्पाद, ऊनी वस्त्र आदि सब कुछ जो एक महोत्सव में होने चाहिए, उपलब्ध है, खूब खरीदारी की जा रही है। एक स्टॉल कुले कुले (जिसका मतलब धीरे-धीरे) यहां पर पॉलिएस्टर फ्री प्योर ऊनी वस्त्र हैं, अंगूरा रैबिट ऊल, याक ऊल, ऑस्ट्रेलियन मैरिनो ऊल, लैंब ऊल, पश्मीना ऊल, (जानवरों को नुकसान पहुंचाए बगैर निकाले गए बालों से) बने आइटम्स, जकाट कॉटन बैग, हैंडमेड, ऑर्गेनिक, प्योर इको फ्रेंडली आइटम्स हैं। कुछ वर्षों से आ रहे इस स्टाल में उनके पुराने ग्राहक अपने नए मित्रों के साथ महोत्सव में आते हैं तथा इसी तरह के विशेष आइटम्स के लिए भी लखनऊ की जनता को इस महोत्सव का इंतजार रहता है।

उत्तराखंड का पारंपरिक झोड़ा मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह कनवाल ने बताया कि झोड़ा शब्द जोड़ शब्द से लिया गया है, इस सामूहिक नृत्य को शादी, उत्सव, त्योहार, मेले आदि में किया जाता है, घेरा बनाकर किए जाने वाले समूह नृत्य में स्त्री पुरुष एक दूसरे के कंधे पर हाथ रखकर तीन पग आगे एक पीछे करते हुए नृत्य करते हैं, बीच में मुख्य गायक हुड़का बजाते हुए पहली पंक्ति गाता है, अन्य कलाकार दोहराते हैं, यह स्त्री पुरुष का श्रृंगारिक नृत्य है।


मंच से कार्यक्रमों का सुन्दर संचालन सुन्दर सिंह बिष्ट, राजेश भट्ट, महेन्द्र गैलाकोटी तथा सुरेन्द्र राजेश्वरी द्वारा प्रतिदिन किया जा रहा है। प्रवासी उत्तराखण्डी की समस्याओं के लिए महोत्सव स्थित कार्यालय में गोविन्द बल्लभ फुलारा समस्या समाधान हेतु अर्जियाँ लेकर आगे कार्यवाही करा रहे हैं। आज के मुख्य अतिथि डा. दिनेश शर्मा सांसद राज्य सभा, राजेश कुमार (आईएएस) महानिदेशक उप्र पर्यटन, डा. बलकार सिंह (आईएएस) उप्र आवास विकास आयुक्त, अश्वनी कुमार शुक्ला क्षेत्रीय निदेशक एस बी आई लाईफ, ललिल भार्गव, अनुराग मिश्रा, अंकिता सिंह, गोपाल कृष्ण सिन्हा तथा महापरिषद के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर सायं के कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया, महापरिषद द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्र तथा ऐपण कला के प्रतीक चिन्ह भेंट किये। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में महापरिषद के पदाधिकारियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं अपनी संस्कृति प्रति अपार लगाव हेतु उनका आभार व्यक्त किया। महापरिषद के महासचिव ने सहप्रायोजक एस बी आई लाईफ का सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया। महोत्सव में रानी लक्ष्मी बाई पुरस्कार से सम्मानित अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मंजू बिष्ट (पूर्व हॉकी कप्तान) की उपस्थिति हेतु महापरिषद ने आभार जताया तथा उनको अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह, पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

अपराह्न 02 बजे से- कॉफव चित्रकला प्रतियोगिता में आठ प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम अनुभूति, द्वितीय सानवी, तृतीय प्रबुद्ध रहे। रंगोली प्रतियोगिता में न्यू पब्लिक एकेडमी इंटर कालेज कल्याणपुर के बच्चों के बीच हुई, जिसमें प्रथम ग्रुप-शाहिना, ज्योति, अर्पिता, प्रियंका, द्वितीय ग्रुप-वर्तिका, मानसी, करन, नंदनी, तरंग, सृष्टि, तृतीय दो ग्रुप -1. हर्षिता श्रेया अनुष्का चांदनी और 2. सौरभ, शिवम, लक्ष्मी, आशा रहे। यह प्रतियोगिताएं महापरिषद के महिला शाखा की देख रेख में आयोजित हुई। ग्रेस एट पेस स्टूडियो एंड एकेदमी की प्रस्तुति शैलजा श्रीवास्तव के नेतृत्व में-सरस्वती वन्दना, -राजस्थानी नृत्य -घूमर नृत्य, स्वरांजलि कला केन्द्र का संध्या प्रजापति के नेतृत्व में - कथक, गढ़वाली एवं जौनसारी नृत्य, ऋषभ का गायन, राघव का पंजाबी नृत्य - इन प्रस्तुतियों को दर्शको ने खूब सराहा। सायं 05 बजे से-झोड़ा प्रतियोगिता के द्वितीय राउण्ड में 5 दल - रामलीला समिति तेलीबाग- राजेन्द्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में, जौहार मुन्स्यार सांस्कृतिक दल-विकास नगर-नन्दा रावत के नेतृत्व में, तेलीबाग रामलीला समिति- दीपा ऐरी के नेतृत्व में, उमंग ग्रुप वसुन्धरापुरम- सुशीला नेगी के नेतृत्व में, विकास नगर- त्रिलोचनी रावत के नेतृत्व में - इन पांचो दलों ने उत्तराखण्ड के सामूहिक झोड़ा नृत्य की अद्भूत प्रस्तुतियों से दर्शकों की तलियाँ बटोरी।

आज की स्टार नाईट में उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध डांसर अंकित कुमार-जिनकी कोरियोग्राफी आज लगभग हर उत्तराखण्डी गीत में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ती है- की प्रस्तुतियों ने लोगों का मनोरंजन किया। नाचेगा भारत तृतीय राउण्ड में 2 दल - लीरिक एकेडमी ऑफ म्यूजिक - मनीद्य त्रिपाठी एवं अनीता सिंह के नेतृत्व में तथा नूपुर संस्था महानगर-विभा नौटियाल के नेतृत्व में सुन्दर नृत्यों से धमाल मचाया। डांस उत्तराखण्ड डांस सीजन-4 तृतीय राउण्ड में 4 दल - देवभूमि वृन्दावन जनसरोकार समिति पीजीआई वृन्दावन क्षेत्र-प्रेम सिंह बिष्ट के नेतृत्व में, नया सवेरा फाउण्डेशन नीलमत्था- पिंकी नौटियाल के नेतृत्व में, यूथ सांस्कृतिक समिति, गोमती नगर - सार्थक रावत के नेतृत्व में, सृजन ग्रुप चिनहट-सुनीता रावत एवं राजेश्वरी रावत के नेतृत्व में-चारों दलों के कलाकारों ने अपनी धमाकेदार प्रस्तुतियों से मंच सजाया तथा फाइनल में जगह बनाने की पुरजोर कोशिश की। वाइस ऑफ उत्तराखण्ड में प्रवासी गायकों की स्वरचित व अन्य रचनाओं में जगत सिंह धपोला, दर्शन सिंह परिहार, बबली भण्डारी एवं हरितिमा पन्त - चारों गायकों ने अपनी गायकी से दर्शकों का मन मोहा। वन्दना सनवाल के नेतृत्व में संस्कृति विभाग, देहरादून उत्तराखण्ड के सहयोग से आये संस्कृति एवं सामाजिक संस्था, देहरादून के मेहमान कलाकारों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों के दिलों में अपनी छाप छोड़ी।

# आज से बजेगी शहनाई, नवंबर में हैं 14 शुभ मुहूर्त

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शहनाई बजने की शुरूआत होने वाली है। नवंबर माह में 14 शुभ मुहूर्त बताए गए हैं। मार्च 2026 तक अनुमान है कि इस दौरान छह हजार घरों में शहनाई बजेगी। इस दौरान करीब साढ़े छह हजार करोड़ रुपये का व्यापार होने की संभावना है। हजारों लोगों को रोजगार भी मिलेगा। 18 नवंबर से शहनाई बजने की शुरूआत हो जाएगी।

**नवंबर में 14 दिन रहेगी सहालग:** पंचांग के अनुसार, नवंबर में 14 शुभ मुहूर्त और दिसंबर में दो शादी की तारीखें हैं। इसके बाद खरमास और शुक्र अस्त के कारण डेढ़ महीने तक विवाह रुक जाएंगे। अगला शुभ समय फरवरी 2026 से मिलेगा। नवंबर के प्रमुख विवाह मुहूर्त इस प्रकार हैं, 18 नवंबर, 22 नवंबर, 23 नवंबर, 24 नवंबर, 25 नवंबर, 29 नवंबर, 30 नवंबर। कई तारीखें दिन की हैं, कुछ रात के मुहूर्त में आती हैं।

**दिसंबर में शादी के सिर्फ दो मुहूर्त:** दिसंबर महीने में शादी के लिए सिर्फ दो शुभ मुहूर्त हैं, 04 दिसंबर 2025 गुरुवार और 05 दिसंबर 2025 शुक्रवार। इसके बाद खरमास और शुक्र अस्त के चलते लगभग डेढ़ महीने तक शादी-विवाह पर रोक लग जाएगी। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि अगला शुभ समय फरवरी 2026 से फिर शुरू होगा। फरवरी 2026 में शादी के लिए यह खास तारीखें बेहद शुभ रहेंगी, 04, 05, 06, 07, 10, 11, 12, 13, 19, 20, 21, 24, 25 और 26 फरवरी 2026।

**कारोबारियों में भी उत्साह :** हलवाई और पुरोहितों की भी डिमांड बढ़ गई है। अनुमान है कि बसंत पंचमी तक 4500 करोड़ और मार्च 2026 तक करीब 6500 करोड़ कुल व्यापार होने की संभावना है। सहालग की चमक से कारोबारियों में भी उत्साह है। सोना बाजार से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स और गिफ्ट बाजार में है धूम। अगर शहर में करीब 2000 से अधिक विवाह स्थल हैं। इसमें 1500 गेस्ट हाउस और 150 होटल हैं। इनमें बुकिंग शुरू हो चुकी है। शहर के गेस्ट हाउस, रिसॉर्ट और होटल फुल हो चुके हैं। कैटरिंग कारोबार से जुड़े व्यापारियों का कहना है कि भले ही एक दिन में शादियां अधिक हैं लेकिन एक-एक विवाह में 500 से 700 लोगों के लिए व्यवस्था की जा रही है।

# उत्तराखंड के क्रांतिकारी पुस्तक का हुआ लोकार्पण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सुभारती समूह के संस्थापक एवं सुप्रसिद्ध शिक्षाविद व समाजसेवी डॉ. अतुल कृष्ण की नवीनतम पुस्तक उत्तराखंड के क्रांतिकारी नामक पुस्तक का भव्य लोकार्पण हुआ। उत्तराखंड के गौरवशाली इतिहास और अनसुने वीरों को समर्पित इस पुस्तक का लोकार्पण समारोह देहरादून के गौतम बुद्ध चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. के.के.बी.एम. सुभारती अस्पताल झाझरा के संयुक्त तत्तवावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम कि अध्यक्षता दीपेन्द्र चौधरी, (भा.प्र.से.), सचिव आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. चंडी प्रसाद घिल्डियाल देवज्ञ, उत्तराखंड ज्योतिष रत्न एवं सहायक निदेशक (संस्कृत शिक्षा) उत्तराखंड सरकार रहे। मुख्य अतिथि डॉ. चंडी प्रसाद घिल्डियाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तराखंड के क्रांतिकारियों ने जिस त्याग, राष्ट्रभक्ति और साहस के साथ संघर्ष किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर है। उन्होंने इस पुस्तक को शोध, भावना और तथ्यकृतीनों का संतुलित और सार्थक संयोजन बताते हुए कहा कि यह कृति युवाओं के मन में राष्ट्रगौरव और आत्मसम्मान की नई ज्योति प्रज्ज्वलित करेगी। डॉ. अतुल कृष्ण ने अपने संबोधन में कहा कि यह पुस्तक केवल इतिहास का दस्तावेज नहीं है, बल्कि उन असाधारण वीरों की समर्पित स्मृति है, जिनके पराक्रम ने उत्तराखंड की पर्वतीय घाटियों में साहस और क्रांति की लौ प्रज्ज्वलित की।

# मेरे सपनों की रानी कब आओगी...



**लखनऊ।** प्रगति इवेंट द्वारा आयोजित लक्ष्मणपुर अवध महोत्सव 2025 में जनता का उत्साह उमंग और खरीदारी सब मिलकर महोत्सव को बहुत खास बनाया जा रहा है। सफाई सुरक्षा सांस्कृतिक मंच यह सब लक्ष्मणपुर अवध महोत्सव को उन सभी महोत्सव से अलग कर रहा है संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि संस्था का उद्देश्य हमेशा आई हुई सम्मानित जनता सुरक्षा के साथ-साथ उचित मूल्य पर गृह उपयोग की सभी वस्तुएं उपलब्ध हो सांस्कृतिक मंच से कलाकारों को प्रोत्साहन मिले और वह देश और प्रदेश का नाम रोशन कर सके

सांस्कृतिक संध्या में आज सबरंग फाउंडेशन की तरफ से संगीत और नृत्य की मनमोहन प्रस्तुतियां प्रस्तुत करके उपस्थित जनता का मन मोह लिया। हवाओं ने यह कहा राजेश त्रिपाठी द्वारा चांद तेरा अभिषेक द्वारा चिंगारी कोई भड़के और रिमझिम गिरे सावन अतुल त्रिपाठी द्वारा अपनी आंखों में बसाकर और मेरे सपनों की रानी कब आओगी हरिशंकर श्रीवास्तव की शानदार आवाज में गया गया इसके अलावा दिल का आलम सुशील सिंह हमदम मेरे प्रकाश खन्ना द्वारा जीवन के हर मोड़ पर हिमांशु शुक्ला द्वारा गाकर खूब ताली बटोरी की। सुप्रीम फाउंडेशन के अध्यक्ष हरिशंकर श्रीवास्तव ने लक्ष्मणपुर अवध महोत्सव की आयोजन विनोद कुमार सिंह को धन्यवाद दिया सभी कलाकारों को एनबी सिंह ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

# आजादी के लिए कुर्बान हो गये 'धरती आबा बिरसा मुंडा'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। जनजाति भागीदारी उत्सव 2025 आज अपने भव्य समापन की ओर बढ़ रहा है। समापन से पूर्व आयोजित पाँचवे दिन सोमवार 17 नवम्बर की सांस्कृतिक संध्या में नाटक धरती आबा बिरसा मुंडा का प्रदर्शन किया गया वहीं विभिन्न जनजातीय प्रस्तुतियों ने आगंतुकों की प्रशंसा हासिल की। नाटक उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ के सौजन्य से रंगयात्रा संस्था द्वारा मंचित किया गया था। डॉ. करुणा पांडेय के मार्गदर्शन, चित्रा मोहन द्वारा लिखित और ज्ञानेश्वर मिश्र ज्ञानी द्वारा निर्देशित इस प्रस्तुति ने बिरसा मुंडा के संघर्षमय जीवन, जातीय अस्मिता, उलगुलान और बलिदान को प्रस्तुत किया। नाटक में आर्थिक संघर्ष, क्रिश्चियन धर्म अपनाने और पुनः अपनी संस्कृति की ओर दृढ़तापूर्वक लौटने का निर्णय, ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह, मुखबिरी, गिरफ्तारी और जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु को अत्यंत मार्मिक दृश्यों के साथ दशार्या गया। इसमें संदीप देव, मुकुल चौहान, प्रियंका भारती, अंशिका सक्सेना, निरुपमा राहुल, ज्योति सिंह, विनीता सिंह, काजल सिंह, विशाल श्रीवास्तव, कोमल प्रजापति, राम कुमार, अनिल कुमार, मधु प्रकाश श्रीवास्तव और अजहर सिद्दीकी ने अभियान किया। दूसरी ओर तमाल बोस ने प्रकाश परिकल्पना, आदित्य शर्मा ने संगीत परिकल्पना, चयन सिंह सावरे ने ढोलक वादन एवं गायन, रीमा सक्सेना और नीमा गुप्ता ने वेशभूषा परिकल्पना, राज किशोर गुप्ता ने मुख सज्जा का दायित्व निभाया।

**जनजातीय नृत्यों और लोक कलाओं की मनमोहक छटा:** चित्रकूट की बूटीबाई एवं दल की चंगेलिया गायन-नृत्य प्रस्तुति से संध्या का आरंभ हुआ। सुवा सुसररिया जैसे गीतों ने लोकरंग की छटा बिखेरी। बहराइच की राजकुमारी एवं दल ने हूरदूंगवा नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि पश्चिम बंगाल के अबू सालेह एवं दल का रायबेंसे नृत्य अपनी वीरता और तालबद्धता के कारण सराहा गया। गाजीपुर से विनोद कुमार मरावी के नेतृत्व में प्रस्तुत गोंडी नृत्य में तीज-त्योहारों, देवी-देवताओं की स्तुति और सामूहिक उत्सव की संस्कृति को जीवंत किया गया। मध्य प्रदेश के लाल सिंह मकाम की बैगा परधौनी, उत्तराखंड के प्रेम हिंदुआन की पौड़ा नृत्य प्रस्तुति और राजस्थान के सुगना राम का रावणहत्था वादन शाम की खूबसूरती में और इजाफा करते गए। अरुणाचल प्रदेश से ओदलों नृत्य और शेरदुकपेन नृत्य की प्रस्तुतियों ने युद्ध-जीत, स्वास्थ्य, समृद्धि और शुभता के पारंपरिक संदेशों को मंच पर साकार किया। पश्चिम बंगाल के अनुत्तम दास एवं दल ने बाउल गायन से श्रोताओं को आत्मिक शांति का अनुभव कराया।

**हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आकर्षण:** उत्सव परिसर में लगे शिल्प मेले में पश्चिम बंगाल का कांथा वर्क, वाराणसी का जनजातीय हस्तशिल्प, बैतूल के आदिवासी आभूषण, हैदराबाद की जूलरी और लखीमपुर की जलकुंभी से बनी दरी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

### आज होगा उत्सव का भव्य समापन

जनजाति भागीदारी उत्सव झ 2025 का समापन मंगलवार 18 नवम्बर 2025 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, में होगा। इस समारोह में उत्तर प्रदेश समाज कल्याण एवं अनुसूचित जाति तथा जनजाति कल्याण, के माननीय मंत्री श्री संजीव गोंड मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किये गए हैं। यह समारोह सुबह 11:00 बजे होगा।

# कश्मीरी पंडितों के पलायन को दर्शाती है मानव कौल की 'बारामूला'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




- ऐक्टर : मानव कौल, भाषा सुंबली, अरिस्ता मेहता, रोहान सिंह, मीर सरवर
- डायरेक्टर : आदित्य सुहास जांबले

**रेटिंग-2.5/5**

### फिल्म समीक्षा

**लखनऊ।** कश्मीर की वादी जितनी हसीन है, अपने दामन में उसने उतने ही जख्म भी समेटे हुए हैं। फिर वो आतंकवाद का साया हो, मासूम बच्चों का पत्थरबाज बनना या फिर बरसों पहले हुआ कश्मीरी पंडितों का पलायन। 'बारामूला' कश्मीर के इन्हीं जख्मों पर मरहम लगाती एक संवेदनशील फिल्म है।

कश्मीर पर ही 'आर्टिकल 370' बनाने वाले निमार्ता आदित्य धर और निर्देशक आदित्य सुहास जांबले की जोड़ी की यह सुपरनैचरल क्राइम थ्रिलर, घाटी में बच्चों का ब्रेनवॉश करके आतंक के रास्ते पर धकेलने के मुद्दे से शुरू होकर 90 के दशक में कश्मीरी पंडितों के साथ हुई ज्यादती से जुड़ती है। कहानी बारामूला में एक पूर्व एमएलए के मासूम बेटे के गायब होने से शुरू होती है। केस सुलझाने के लिए डीएसपी रिदवान सैय्यद शफी (मानव कौल) अपनी पत्नी गुलनार (भाषा सुंबली), बेटी नूरी (अरिस्ता मेहता) और बेटे अयान (रोहान सिंह) के साथ बारामूला पहुंचता है। रिदवान केस की पड़ताल कर ही रहा होता है कि वहां कई और स्कूली बच्चे दिन-दहाड़े गायब हो जाते हैं। इधर, जिस घर में रिदवान और उसका परिवार रहता है, वहां गुलनार और उसके बच्चों को अजीबोगरीब साए दिखाई देते हैं।

आवाजें सुनाई देती हैं, जिस पर रिदवान भरोसा नहीं करता। कहानी में आगे हमें पता चलता है कि रिदवान के हाथों पहले एक ऐसा हादसा भी हो चुका है, जिसकी वजह से उनकी बेटी संग ही उसके रिश्ते सामान्य नहीं है। अब दिखाई देने वाले ये साएं कौन हैं? बच्चों के गायब होने से उनका क्या कनेक्शन है? यह सब आपको फिल्म देखकर पता चलेगा। साल 2016 में सेट यह कहानी रोचक है, मगर धीमे-धीमे खुलती है।

निर्देशक और को-राइटर आदित्य जांबले, शहर और रिदवान के घर में घट रहे घटनाक्रमों को स्थापित करने में काफी समय लेते हैं। इसके चलते स्क्रीनप्ले शुरू में जटिल लगता है, लेकिन जैसे-जैसे घर के सायों का रहस्य खुलता है, अतीत और वर्तमान के सारे तार जुड़ने शुरू होते हैं, तो यह आपको हैरान और भावुक दोनों करता है। फिल्म के क्लाइमैक्स की चर्चा विशेष रूप से बनती है। यह आखिरी आधा घंटा बेहद असरदार है। यह आपको झकझोकरता है और इसका बड़ा श्रेय डीओपी अर्नाल्ड फर्नांडिस और एडिटर शिवकुमार वी पणिक्कर को भी जाता है।

अर्नाल्ड की सिनेमेटोग्राफी और शिवकुमार की एडिटिंग लाजवाब है। बारामूला के प्रतीक सफेद ट्यूलिप और धर्म के नाम पर खोते बचपन के मेटाफर भी बहुत खूबसूरती से इस्तेमाल किए गए हैं। एक्टिंग की बात करें, तो सभी कलाकारों ने नैचरल एक्टिंग की है। मानव कौल, भाषा सुंबली और बच्चे, सभी ने अपने किरदारों को सच्चाई बख्शी है। कुल मिलाकर, कुछ हटकर देखना चाहते हैं तो यह फिल्म आपके लिए है, मगर निर्देशक हर चीज सरल करके नहीं समझाते, इसलिए अगर ध्यान भटका तो आप कुछ चीजें मिस कर सकते हैं।

# रानी चटर्जी की नयी फिल्म 'हम हई जेठानी' का ट्रेलर रिलीज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी की अपकमिंग फिल्म 'हम हई जेठानी' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर पारिवारिक होने के साथ-साथ घर में संपत्ति के लिए हो रही साजिश की कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है।

एक्ट्रेस का रोल फिल्म में बहुत मार्मिक है। ट्रेलर रिलीज होने के बाद फैंस तारीफ करने से खुद को नहीं रोक पा रहे हैं और फिल्म की जल्दी रिलीज की डिमांड कर रहे हैं। एक्ट्रेस रानी चटर्जी की फिल्म 'हम हई जेठानी' का ट्रेलर 'बीफॉरयू भोजपुरी' पर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर की शुरूआत में रानी चटर्जी यानी कात्यायनी का हंसता-खेलता परिवार दिखाया गया है, जिसमें उनके दो देवर और दो देवरानी मिलकर कात्यायनी की सेवा कर रही हैं। कात्यायनी को बच्चे होने में परेशानी हो रही है लेकिन वो अपनी देवरानी के बच्चों को अपने बच्चों की तरह पालती हैं लेकिन कात्यायनी को इस बात से अनजान हैं कि उनके दोनों देवर मिलकर सिर्फ संपत्ति के लिए उनकी सेवा कर रहे हैं। स्टोरी में ट्विस्ट तब आता है, जब कात्यायनी खुद मां बनने वाली है और अपने भतीजे को भी अपने साथ रहने के लिए बुला लेती है।

अब घर के हर सदस्य का असली रूप सामने आने लगता है। ट्रेलर की शुरूआत में परिवार का प्यार देखकर चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी, लेकिन आखिर में आप रोने के लिए भी मजबूर हो जाएंगे। ट्रेलर फैंस को भी पसंद आ रहा है। एक यूजर ने तारीफ कर लिखा, 'हर परिवार में ऐसा ही होता है, रिश्ते संपत्ति के लालची और दिखावट के हो चुके हैं। रानी चटर्जी फिलहाल अपनी नई फिल्म 'यूपी वाली और बिहार वाली' की शूटिंग में बिजी हैं। इसी फिल्म के सेट से रानी आए दिन बीटीएस वीडियो शेयर करती रहती हैं। इसके अलावा, उनकी 'जानम' और 'बैरी बहुरिया' भी रिलीज हो चुकी हैं।

# लखनऊ जं. पर कॉनकोर्स निर्माण से ट्रेनों के टर्मिनल बदले

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्टेशन पुनर्विकास के अन्तर्गत लखनऊ जं. पर कॉनकोर्स का निर्माण किया जा रहा है। इस कार्य हेतु प्लेटफार्म संख्या-4 एवं 5 पर 20 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक इंजीनियरिंग कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों के टर्मिनल/प्लेटफार्मों में परिवर्तन किया जायेगा तथा इसके अतिरिक्त गाडियों का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन भी किया जायेगा। लखनऊ जं. के पुनिर्विकास का कार्य पूरा हो जाने पर यात्रियों को उन्नत यात्री सुविधायें उपलब्ध होगी तथा परिचालनिक सुविधायें बढ़ेगी।

टर्मिनल में परिवर्तन के तहत आगरा फोर्ट से 13 से 22 दिसम्बर तक चलने वाली 12180 आगरा फोर्ट-लखनऊ जं. इण्टरसिटी एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर ऐशबाग 12.25 बजे पहुँचकर यात्रा समाप्त करेगी। लखनऊ जं. से 13 से 22 दिसम्बर तक चलने वाली 12179 लखनऊ जं.-आगरा फोर्ट इण्टरसिटी एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर ऐशबाग से 15.55 बजे चलाई जायेगी। बांद्रा टर्मिनस से 22, 29 नवम्बर, 06, 13, 20 दिसम्बर को चलने वाली 20921 बांद्रा टर्मिनस-लखनऊ एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर ऐशबाग स्टेशन पर 14.20 बजे यात्रा समाप्त करेगी। लखनऊ जं0 से 23, 30 नवम्बर, 07, 14, 21 दिसम्बर को चलने वाली 20922 लखनऊ जं.-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर ऐशबाग से 17.50 बजे चलाई जायेगी।

पुणे से 25 नवम्बर, 02, 09, 16, 23 दिसम्बर को चलने वाली 12104 पुणे-लखनऊ जं. एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर गोमतीनगर स्टेशन पर 14.20 बजे यात्रा समाप्त करेगी। लखनऊ जं. से 26 नवम्बर, 03, 10, 17, 24 दिसम्बर को चलने वाली 12103 लखनऊ जं.-पुणे एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर गोमतीनगर से 15.45 बजे प्रस्थान करेगी।

पुणे से 25 नवम्बर, 02, 09, 16 दिसम्बर को चलने वाली 11407 पुणे-लखनऊ जं. एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर ऐशबाग स्टेशन पर 00.50 बजे यात्रा समाप्त करेगी। लखनऊ जं. से 27 नवम्बर, 04, 11, 18 दिसम्बर को चलने वाली 11408 लखनऊ जं.-पुणे एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर ऐशबाग से 06.30 बजे प्रस्थान करेगी।

शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन के तहत गोरखपुर से 20 नवम्बर से 23 दिसम्बर तक (मंगलवार को छोड़कर) चलने वाली 15031/15032 गोरखपुर- लखनऊ जं-गोरखपुर एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर ऐशबाग में/से शार्ट टर्मिनेट एवं शार्ट ओरिजिनेट होगी। यह गाड़ी लखनऊ जं. से ऐशबाग के बीच निरस्त रहेगी। छपरा से 19 नवम्बर से 21 दिसम्बर तक चलने वाली 15053 छपरा-लखनऊ जं.एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर गोमतीनगर स्टेशन पर 07.40 बजे पहुंचकर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी गोमतीनगर से लखनऊ के बीच निरस्त रहेगी। लखनऊ जं. से 20 नवम्बर से 22 दिसम्बर तक चलने वाली 15054 लखनऊ जं.-छपरा एक्सप्रेस लखनऊ जं. के स्थान पर गोमतीनगर से 21.48 बजे चलाई जायेगी। यह गाड़ी गोमतीनगर से लखनऊ के बीच निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 20 नवम्बर से 22 दिसम्बर तक चलने वाली 15069 गोरखपुर-ऐशबाग एक्सप्रेस ऐशबाग के स्थान पर गोमतीनगर में 09.46 बजे पहुंचकर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी गोमतीनगर से ऐशबाग के मध्य निरस्त रहेगी। ऐशबाग से 20 नवम्बर से 22 दिसम्बर तक चलने वाली 15070 ऐशबाग-गोरखपुर एक्सप्रेस ऐशबाग के स्थान पर गोमतीनगर सें 17.02 बजे से प्रस्थान करेगी। यह गाड़ी ऐशबग से गोमतीनगर के मध्य निरस्त रहेगी। 15009/15010 गोरखपुर-पीलीभीत-गोरखपुर एक्सप्रेस का इंजन रिवर्सल 20 नवम्बर से 22 दिसम्बर तक डालीगंज में किया जायेगा। यह गाड़ी डालीगंज-लखनऊ के बीच निरस्त रहेगी। प्लेटफार्म में परिवर्तन के तहत रायपुर से 21 एवं 25 नवम्बर को चलने वाली 12536 रायपुर-लखनऊ जं. गरीब रथ एक्सप्रेस लखनऊ जं. पर प्लेटफार्म सं.-4 के स्थान पर प्लेटफार्म संख्या-1 पर आयेगी। रायपुर से 05, 09, 12, 16 एवं 19 दिसम्बरको चलने वाली 12536 रायपुर-लखनऊ जं. गरीब रथ एक्सप्रेस लखनऊ जं. पर प्लेटफार्म सं.-4 के स्थान पर प्लेटफार्म संख्या-2 पर आयेगी। लखनऊ जं0 से 25 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक चलने वाली 12583 लखनऊ जं0-आनन्द विहार टर्मिनस-लखनऊ जं. एक्सप्रेस लखनऊ जं. से प्लेटफार्म सं.-5 के स्थान पर प्लेटफार्म संख्या-3 से चलाई जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 25 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक चलने वाली 12584 आनन्द विहार टर्मिनस-लखनऊ जं. एक्सप्रेस लखनऊ जं. पर प्लेटफार्म सं.-5 के स्थान पर प्लेटफार्म संख्या-2 पर आयेगी।

## डीआरएम ने किया लखनऊ-अयोध्या धाम-दर्शननगर रेल खंड का निरीक्षण



● यात्री सुविधाओं एवं आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों का लिया जायजा

**लखनऊ।** सोमवार को उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मण्डल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा द्वारा लखनऊ-अयोध्या कैंट-अयोध्या धाम-दर्शननगर रेल खंड का विंडो ट्रेलिंग के माध्यम से निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं एवं आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं का विस्तृत अवलोकन किया।

अपने निरीक्षण के दौरान गोमती नदी पर स्थित रेलवे ब्रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने ब्रिज की संरचनात्मक स्थिति, सुरक्षा मानकों एवं रख-रखाव व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद सलारपुर स्टेशन पर सकुर्लेटिंग एरिया की वर्तमान स्थिति का अवलोकन किया। स्टेशन परिसर में चल रहे रैम्प निर्माण कार्य की प्रगति, निर्माण में गुणवत्तापूर्ण सामग्री के उपयोग एवं समयबद्ध पूर्णता की समीक्षा की एवं निर्देश जारी किए।

अयोध्या कैंट स्टेशन आगमन पर मण्डल रेल प्रबंधक ने स्टेशन के कई महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण किया, उन्होंने होल्डिंग एरिया व वेटिंग हॉल मे यात्रियों की बैठने की सुविधा एवं स्वच्छता की स्थिति का परीक्षण किया। शौचालय, स्वच्छता, जल उपलब्धता एवं प्लेटफॉर्म संख्या 3/4 पर चल रहे निर्माण एवं सुधार कार्यों का निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्यों की गति को और बेहतर बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

निरीक्षण के अगले क्रम मे अयोध्या धाम स्टेशन पर होल्डिंग एरिया, यात्रियों की भीड़ प्रबंधन व्यवस्था और यात्री सुविधाओं को देखा, फर्स्ट क्लास वेटिंग रूम मे उपलब्ध प्रीमियम सुविधाओं की स्थिति का मूल्यांकन किया तथा स्टेशन बिल्डिंग का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता और मेंटेनेंस पर जोर दिया गया। क्कउ रूम (इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर) मे उपलब्ध सीसीटीवी द्वारा उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी प्रणाली एवं जीरो त्रुटि संचालन की आवश्यकता पर बल दिया। इसके पश्चात दर्शननगर स्टेशन पर मण्डल रेल प्रबंधक ने सकुर्लेटिंग एरिया में यात्री एवं वाहन आवागमन की व्यवस्था व अप्रोच रोड की समीक्षा की तथा स्टेशन अधीक्षक कक्ष का निरीक्षण कर प्रशासनिक कार्यप्रणाली की जानकारी ली एवं टिकट वितरण डीआरएम ने किया लखनऊ-अयोध्या धाम-दर्शननगर रेल खंड का निरीक्षणप्रणाली की जांच कर यात्रियों को त्वरित एवं सहज टिकट उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मण्डल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि लखनऊ-अयोध्या-दर्शननगर रेल खंड पर चल रहे सभी विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर तथा उच्चतम गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा किया जाना आवश्यक है। यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाएँ जैसे स्वच्छता, वेटिंग हॉल, वॉशरूम, टिकटिंग सिस्टम तथा स्टेशन परिसर की समग्र व्यवस्था में लगातार सुधार सुनिश्चित किया जाए। यात्री सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आज के इस निरीक्षण में मंडल के वरिष्ठ अधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# 198 तारा शक्ति केंद्रों से महिला सशक्तीकरण का नया अध्याय : डॉ. राजेश्वर

## डॉ. राजेश्वर सिंह का विजन—तारा शक्ति केंद्रों को समग्र विकास केंद्र में बदलता सरोजनीनगर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारत की अखंडता के शिल्पी, भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को सरोजनीनगर में भव्य सरदार @150 एकता यात्रा का आयोजन किया गया। यह ऐतिहासिक यात्रा स्कूटर इंडिया चौराहे से प्रारंभ होकर सैनिक इंटर कॉलेज ग्राउंड तक आयोजित हुई, जिसमें सैकड़ों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। करीब ढाई किलोमीटर लंबी इस पदयात्रा में आम नागरिकों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और भाजपा कार्यकताओं की व्यापक सहभागिता देखने को मिली। तिरंगा-झंडों, देशभक्ति गीतों और सरदार पटेल के संदेशों से वातावरण को राष्ट्रभाव की ऊर्जा से भर उठा। ह्लएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्व और सरदार पटेल अमर रहें के नारों ने पूरे मार्ग को गूंजायमान कर दिया।

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा आयोजित पदयात्रा के इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय, लखनऊ भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्या, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की उपस्थिति रही, जिन्होंने सरदार पटेल के आदर्शों और राष्ट्र को उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। पदयात्रा की समाप्ति पर बड़ी संख्या में मौजूद जन समूह को सम्बोधत करते हुए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सरदार पटेल को आधुनिक भारत का वास्तुकार बताते हुए कहा, जब देश आजाद हुआ तब 562 रियासतें थीं, हर एक का अपना संविधान और अपना झंडा था। सरदार पटेल के दृढ़ निश्चय और नीति-कौशल ने ही अखंड भारत की नींव रखी। सरोजनीनगर विधायक ने हैदराबाद रियासत के विलय का उदाहरण देते हुए कहा, जब हैदराबाद रियासत भारत में शामिल होने को तैयार नहीं थी और रजाकारों का आतंक चरम पर था, तब सरदार पटेल लौह पुरुष के रूप में डटकर खड़े हुए। उनके नेतृत्व में 30,000 जवानों ने बिना एक भी गोली चलाए हैदराबाद का भारत में विलय कराया। सरदार पटेल ने भारतीय सिविल सर्विसेज की नीव भी रखी जिसे देश के स्टील फ्रेम कहा जाता है। सरकारें बदलती रहेंगी, लेकिन देश का संचालन मजबूत प्रशासनिक व्यवस्था से ही संभव है, यह उनकी दूरदर्शी सोच थी।

युवाओं ने भारत-पाक युद्ध, सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक और दोकलाम विवाद देखा है। भारत पर हमले इसलिए बढ़ रहे हैं क्योंकि हमारे पूर्वजों ने देश को पुनः ह्यसोने की चिड़िया बनाने की दिशा में अग्रसर किया है। मोदी जी ने जब पदभार संभाला, भारत 11वीं अर्थव्यवस्था था, आज हम चौथी अर्थव्यवस्था हैं। 2027 तक तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर हैं। विकसित भारत @2047 को पूरा करना युवा पीढ़ी की जिम्मेदारी है। हम इतिहास की गलतियों से सीखें। मात्र 2 लाख अंग्रेजों ने हमें 200 वर्षों तक इसलिए शासित किया क्योंकि हम जाति, भाषा और प्रांतों में बंटे रहे। आज फिर कुछ शक्तियाँ समाज को बाँटने की कोशिश कर रही हैं, जातिवाद जहर है, इसे जड़ से उखाड़ फेंकना होगा। उन्होंने साइबर युद्ध, सोशल मीडिया युद्ध और सीमा पर चल रही चुनौतियों का भी उल्लेख किया देश में प्रतिदिन 3,000 साइबर अटैक होते हैं। युवाओं को साइबर योद्धा, सामाजिक योद्धा और सीमाओं के रक्षक, तीनों बनना होगा।

# एकेटीयू में छात्रों को स्किल्ड बनाने के लिए कार्यशाला शुरू

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में सोमवार से इंजीनियरिंग छात्रों के लिए ऑटोकैड और इम्बेडेड सिस्टम पर आधारित तीन दिवसीय स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ हो गया। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग स्कोरटेक कंपनी के सहयोग से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को करा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पहले दिन डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो. नीलम श्रीवास्तव ने छात्रों से इस अवसर का लाभ लेने की अपील की। कहा कि पढ़ाई के दौरान इस तरह के कार्यक्रम न केवल स्किल्ड करते हैं बल्कि रोजगार दिलाने में भी सहायक होते हैं। आज का दौर स्किल्ड पेशेवरों का है। उद्योगों को ऐसे लोगों की जरूरतें हैं जिन्हें नई तकनीकी का पता हो। जो उनके कामों को आसानी से संपादित कर सकें। इसके अलावा खुद का स्टार्टअप शुरू करने में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम काफी मदद करते हैं। एकेटीयू अपने छात्रों को लगातार नई तकनीकी में सबल बनाने का प्रयास कर रहा है। इसलिए इसका छात्रों को अधिक से अधिक लाभ उठाने की जरूरत है।

**विशेषज्ञों ने दी जानकारी :** पहले दिन स्कोरटेक के विशेषज्ञों ने छात्रों को ऑटोकैड और इम्बेडेड सिस्टम की सामान्य जानकारी दी। साथ ही इनके विभिन्न पहलुओं को बारे में बताया। इस दौरान स्कोरटेक के प्रोजेक्ट डायरेक्टर वीर शंकर, जीएम रेनु सक्सेना, प्रतिभा शुक्ला, शिशिर द्विवेदी सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। ऑफलाइन मोड में विश्वविद्यालय परिसर में चलने वाले इस कार्यक्रम में बीटेक, द्वितीय, तृतीय चतुर्थ वर्ष के एवं पासआउट छात्र शामिल हो रहे हैं।

# डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान के लिए कार्यशाला का आयोजन



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल पर डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान 4.0 चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के वित्त एवं लेखा विभाग के पेंशन अनुभाग द्वारा मण्डल कार्यालय के बहुउद्देशीय हाल में राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान 4.0 के अंतर्गत फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक के प्रसार हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके द्वारा पेंशनरों या पारिवारिक पेंशनरों के लिये जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को सरल एवं आसान बनाना है। कार्यशाला में मण्डल वित्त प्रबंधक उमेश कुमार, सहायक कार्मिक अधिकारी/द्वितीय आर.के. भारती तथा पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर एसोसिएशन के मण्डल अध्यक्ष गोपाल तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त भारतीय स्टेट बैंक, लखनऊ से अपर महाप्रबंधक रंजीत कुमार, उप महाप्रबंधक अशोक कुमार तथा भारी संख्या में रेलवे पेंशनर उपस्थित थे। कार्यशाला में मण्डल वित्त प्रबंधक श्री उमेश कुमार ने डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह तकनीक विशेष रूप से अशक्त एवं वृद्ध पेंशनरों के लिए अत्यंत ही उपयोगी है, क्योंकि वे इसके माध्यम से बिना बैंक गए अपने जीवन प्रमाण-पत्र जमा कर सकते हैं। भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ के अपर महाप्रबंधक रंजीत कुमार ने उपस्थित पेंशनरों को फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक का डेमो प्रदर्शित कर प्रशिक्षण दिया गया तथा वित्त व लेखा विभाग के के कर्मचारियों द्वारा उपस्थित पेंशनरों के जीवन प्रमाण-पत्र को इस तकनीक के माध्यम से दर्ज किए गए एवं 26 पेंशनरों का डिजिटल लाइफ सर्टीफिकेट बनाया गया।

# क्रिकेट में वीसी 11 ने दर्ज की धमाकेदार जीत



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में चल रहे इंट्रा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स फेस्ट में सोमवार को वीसी 11 एवं डीन 11 के बीच क्रिकेट मैच हुआ। जिसमें वीसी 11 की टीम ने मैच को एकतरफा करते हुए मुकाबला डीन 11 को दस विकेटों से हरा दिया। टॉस जीतकर डीन 11 के कप्तान प्रो. अनुराग त्रिपाठी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सलामी बल्लेबाजी करने उतरे प्रो. बीएन मिश्रा ने जल्द ही अपना विकेट गंवा दिया। इसके बाद तो विकेटों का पतझड़ शुरू हो गया। प्रो. अरूण तिवारी रन आउट हुए तो प्रो. भवेश चौहान, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. उपेन्द्र ने भी अपना विकेट सस्ते में गंवा दिया। अंत में प्रो. ओपी सिंह के दो छक्के और एक चौके की संघर्षपूर्ण पारी के बदौलत 10 ओवरों में पचास का आंकड़ा छू सकी। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरे कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने अपनी क्लासिकल बल्लेबाजी से बिना कोई जोखिम लिये पहले ओवर में ही 18 रन जड़ दिये। योगेंद्र यादव ने भी बल्लेबाजी में उनका अच्छा साथ दिया। टीम ने चार ओवर के भीतर ही लक्ष्य को बिना किसी विकेट के नुकसान हासिल कर लिया। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने 19 रनों की पारी खेली। इस मौके पर कुलसचिव रीना सिंह, उपकुलसचिव डॉ. आरके सिंह, सहा. कुलसचिव रंजीत सिंह, सहा. कुलसचिव सुनील पाण्डेय, सहाकुलसचिव सौरभ सिंह, स्टाफ आफिसर अमित मलिक सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अभाविप का कार्य सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ा : सुनील आंबेकर

विशेष संवाददाता (vol)



● अभाविप के नवनिर्मित क्षेत्रीय सचिवालय का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न

**लखनऊ।** कैसरबाग स्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, पूर्वी उत्तर प्रदेश के नवनिर्मित क्षेत्रीय सचिवालय का भव्य उद्घाटन सोमवार को किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर, विशिष्ट अतिथि के रूप में अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. राजशरण शाही, विशेष अतिथि के रूप में राज्य परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं अल्पसंख्यक मंत्री दानिश अंसारी की उपस्थिति रही।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना काल के 77 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, जो एक लंबा और महत्वपूर्ण कालखंड है। स्थापना काल से लेकर वर्तमान तक के कार्यों एवं दस्तावेजों को संरक्षित रखने के लिए अभाविप ने अखिल भारतीय स्तर के साथ-साथ क्षेत्रीय और प्रांतीय स्तर पर भी सचिवालय स्थापित करने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में आज अभाविप, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के नवनिर्मित क्षेत्रीय सचिवालय का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा, अभाविप का कार्य सभी क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ा है और विद्यार्थी परिषद ने असंख्य विद्यार्थियों को राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया है। सभी विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा के अनुरूप कार्यों में लगाना तथा नवाचारों के माध्यम से उन्हें जोड़ना आवश्यक है। अभाविप द्वारा स्थापना काल से ही अनेक विषयों पर कार्य किया गया है, जिनकी समीक्षा करते हुए आगे बढ़ने की आवश्यकता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे ऐसे नवाचार सराहनीय हैं और अपेक्षा है कि विद्यार्थी परिषद नित नए कीर्तिमान स्थापित करती रहे। अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. राजशरण शाही ने नवनिर्मित सचिवालय के उद्घाटन पर सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं प्रेषित कीं और सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय सह-प्रचार प्रमुख मनोजकांत, अभाविप पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही, अवध प्रांत मंत्री पुष्पेंद्र वाजपेई, अवध प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी, क्षेत्रीय सचिवालय सचिव अभिनव मिश्र सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट संरक्षा सेवाओं के लिए 5 रेलकर्मी सम्मानित



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा संरक्षा से जुड़े कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 05 रेलकर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए रेलकर्मी में रोहित विश्वकर्मा, पॉइंट्समैन/भदैया, नीरज कुमार यादव, ट्रेन मैनेजर/प्रतापगढ़, सूरज यादव, पॉइंट्समैन/लंभुआ, मुकेश कुमार, लोको पायलट/ लखनऊ एवं अनुराग यादव, वरि.सहा.लोको पायलट/ लखनऊ शामिल हैं । ये कर्मचारी संरक्षा, परिचालन तथा इंजीनियरिंग विभाग से संबंधित हैं, जिन्होंने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में संरक्षित एवं सुरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करने में सराहनीय भूमिका निभाई है। इनके सतर्क प्रयासों से मंडल में संरक्षा मानकों में निरंतर सुधार हुआ है। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ‍‍ररेलवे में संरक्षा सर्वोपरि है, और हमारे रेलकर्मी विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा, सजगता और समर्पण के साथ निभाते हैं। ऐसे कर्मठ कर्मचारियों का सम्मान न केवल उन्हें प्रोत्साहित करता है, बल्कि अन्य साथियों को भी प्रेरणा देता है। उन्होंने सम्मानित कर्मचारियों की सराहना करते हुए अन्य रेलकर्मियों को भी उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

# सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से तय समयसीमा में हों पूर्ण : आनंदीबेन पटेल

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में सोमवार को राजभवन में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के विभिन्न राज्य विश्वविद्यालयों में निमार्णाधीन एवं लंबित भवन परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में प्रत्येक परियोजना के शुरू होने की तिथि, निर्धारित पूर्णता तिथि, लंबित अवधि, परियोजना लागत और निर्माण कार्य की संभावित पूर्णता अवधि पर विस्तार से चर्चा की गई।

समीक्षा बैठक में भारत सरकार की केंद्र प्रायोजित योजना, पीएम उषा के अंतर्गत राज्य विश्वविद्यालयों को प्राप्त फंड और उससे जुड़े निर्माण कार्यों की विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की समीक्षा करते हुए राज्यपाल ने निर्देश दिया कि विश्वविद्यालयों, कार्यदायी संस्थाओं, पीएम उषा तथा संबंधित विभागों के अधिकारी नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करें और निर्माण कार्यों में आने वाली समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हों, निर्धारित समयसीमा में पूरे किए जाएं तथा उनकी प्रभावी मॉनिटरिंग कुलाधिपति कार्यालय, राजभवन और संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यह जांचना आवश्यक है कि निर्माण कार्य लंबे समय से लंबित क्यों हैं। इस संबंध में उन्होंने विभागों के अपर मुख्य सचिवों, उच्च शिक्षा विभाग तथा संबंधित अधिकारियों को विश्वविद्यालयों का भ्रमण कर समस्याओं के निराकरण के लिए ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने भवनों की डिजाइन, टेंडर और निर्माण से जुड़े हर चरण की गहन समीक्षा पर बल देते हुए कहा कि सभी भवनों की डिजाइन उपयोगकर्ताओं, विशेषकर छात्रों की वास्तविक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की जाए। राज्यपाल ने जर्जर भवनों के अनिवार्य निरीक्षण, केवल आवश्यकता होने पर नए भवनों का निर्माण, पुराने भवनों के सदुपयोग तथा उनमें महिलाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम संचालित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षित इंजीनियरों की निगरानी में ही भवनों की डिजाइन तैयार की जाए तथा निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ कराया जाए। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी, विद्यालय और विश्वविद्यालय तीनों संस्थानों की प्रकृति भिन्न है इसलिए निर्माण भी उनकी जरूरतों के अनुरूप ही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यदायी संस्थाओं का चयन सोच-समझकर किया जाए और बार-बार संस्थाएं न बदली जाएं।

राज्यपाल ने कुलपतियों को निर्देश दिया कि वे स्वयं निर्माण कार्यों का निरीक्षण करें, अपनी समस्याओं को बैठकों में स्पष्ट रूप से रखें और समाधान की दिशा में सक्रिय रहें। उन्होंने एनईपी के अनुरूप छोटे क्लासरूम के निर्माण, कमरों के आकार को उपयोगिता और विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर निर्धारित करने तथा छात्रावासों में वाशिंग मशीन, डिश वॉश एरिया और बड़े किचन जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में नया निर्माण शुरू करने से पहले विभागीय अधिकारी यह जांचें कि भवन की वास्तविक आवश्यकता क्या है, साथ ही विश्वविद्यालय परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाए। पीएम उषा के अंतर्गत राज्य विश्वविद्यालयों को प्राप्त फंड और उससे जुड़े निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए राज्यपाल जी ने निर्देश दिया कि सभी विश्वविद्यालय और अधिकारी विद्यार्थियों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए निर्माण कार्यों की प्राथमिकताएं तय करें तथा ऐसा सिस्टम बनाया जाए कि किसी कुलपति या अधिकारी के स्थानांतरण से कार्यों की निरंतरता प्रभावित न हो। उन्होंने मल्टी-स्टोरी भवनों के निर्माण, उच्च शिक्षा विभाग और अपर मुख्य सचिवों द्वारा सतत उच्च स्तरीय समीक्षा पर जोर दिया।

बैठक में विशेष कार्याधिकारी राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी (शिक्षा) डॉ. पंकज एल. जानी, अजय चौहान (प्रमुख सचिव, लोक निर्माण), अमित आसेरी (विशेष सचिव, लोक निर्माण), विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं रजिस्ट्रार, विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी, विभिन्न विभागों के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, महाप्रबंधक, अति. महाप्रबंधक, प्रबंधक वाणिज्य तथा संबंधित विभागों के उच्च स्तरीय अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# दूसरे चरण की समय-सारिणी के तहत 20 से होंगे आवेदन : नरेंद्र कश्यप

**लखनऊ।** योगी सरकार द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना (ओ लेवल एवं सीसीसी) के द्वितीय चरण के लिए समय-सारिणी जारी कर दी गई है। यह योजना उन प्रतिभागियों के लिए है जो इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण हों तथा जिनके माता-पिता या अभिभावकों की वार्षिक आय अधिकतम एक लाख रुपये हो।

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट से मान्यता प्राप्त ऐसी संस्थाओं का चयन वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए किया जा चुका है। इन संस्थाओं में प्रशिक्षण के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 20 नवम्बर से 01 दिसम्बर तक विभागीय पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। योगी सरकार द्वारा डइउ युवाओं को डिजिटल कौशल प्रदान कर आत्मनिर्भर एवं रोजगारोन्मुख बनाने का यह महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षणार्थियों के जनपद-स्तरीय चयन के उपरांत 12 दिसम्बर से पूरे प्रदेश में एक साथ प्रशिक्षण सत्र प्रारम्भ कराए जाएंगे।

सभी प्रक्रियाएं पूर्णतः ऑनलाइन एवं पारदर्शी होंगी, जिससे पात्र युवाओं को बिना किसी बाधा के लाभ मिल सके।

निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ. वंदना वर्मा ने बताया कि द्वितीय चरण की प्रमुख कार्यवाही एवं समय-सारिणी के अंतर्गत 20 नवम्बर से 01 दिसंबर तक प्रशिक्षणार्थी ओ-लेवल एवं सीसीसी प्रशिक्षण के लिए आवेदन करेंगे तथा हार्ड कॉपी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय में जमा करेंगे। 02 दिसंबर से 06 दिसंबर तक आय, जाति, शैक्षिक अभिलेखों सहित सभी दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन कर पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। 07 दिसंबर से 11 दिसंबर तक चयनित अभ्यर्थियों की सूची को डिजिटली लॉक किया जाएगा, प्रतीक्षा सूची तैयार होगी तथा संस्थाओं द्वारा नीलिट में रजिस्ट्रेशन कराते हुए प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। 12 दिसंबर से प्रदेशभर में चयनित प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण एक साथ संचालित किया जाएगा। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अन्य पिछड़े वर्ग के सभी पात्र युवाओं से अपील की कि वे विभागीय वेबसाइट back ward welfareup.gov.in अथवा obc computer training.upsdc.gov.in के माध्यम से निर्धारित तिथियों में आवेदन अवश्य करें और योगी सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ उठाएं।

संक्षेप

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

फतेहपुर। थाना असोथर अपराधियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत असोथर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना असोथर पुलिस ने सोमवार को एक नफर वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के उपरांत उसे न्यायालय भेज दिया।पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी थरियांव के कुशल पर्यवेक्षण में थाना असोथर पुलिस टीम लगातार वांछित अपराधियों के खिलाफ अभियान चला रही है। इसी क्रम में आज सोमवार को उपनिरीक्षक राधे मोहन श्रीवास्तव व कांस्टेबल वीकेश सहित हमराह पुलिस बल ने 01 नफर वारंटी अभियुक्त शैलेन्द्र यादव उर्फ.कृष्ण पाल यादव पुत्र यादव निवासी बेसडी, थाना असोथर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया।अभियुक्त के विरुद्ध थाना असोथर में केस नंबर 130/18, धारा 323/504 के तहत मुकदमा पंजीकृत गया था तथा वह लंबे समय से न्यायालय से पारित वारंट में वांछित चल रहा था। पुलिस ने अभियुक्त को पकड़कर आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं और बाद में उसे माननीय न्यायालय फतेहपुर में पेश किया गया, जहां से अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी अभिलाष तिवारी का कहना है कि अपराधियों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान आगे भी चलता रहेगा।

## महिला खाताधारक ने लगायी न्याय की गुहार

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा नेतुवा में उपभोक्ता के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। घटना के अनुसार बैंक महिला कर्मचारी (कैशियर) ने खाते से जुड़े नियमित कार्य के सिलसिले में पहुँची महिला उपभोक्ता के साथ न केवल रूखा व्यवहार किया, बल्कि उसके साथ उच्च स्वर में अपमानजनक शब्दों का प्रयोग भी किया। इस पूरे प्रकरण से आहत पीड़िता ने बैंक प्रबंधन के साथ-साथ बैंक लोकपाल तथा प्रधानमंत्री कार्यालय को लिखित शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार पीड़िता फूलमती पत्नी स्व० सजीवन निवासिनी आजाद नगर शुक्लागंज, उन्नाव अपने खाते से संबंधित कार्य से बैंक पहुँची थीं। लेकिन संबंधित महिला कर्मचारी (कैशियर) ने बिना किसी उचित कारण उनसे व उनके पुत्र नितिन वर्मा से असम्मानजनक ढंग से बातचीत की। पीड़िता ने बताया कि कर्मचारी का व्यवहार न केवल गैर-पेशेवर था, बल्कि बैंकिंग सेवा मानकों के अनुरूप बिल्कुल नहीं था। उन्होंने कहा कि यह घटना अन्य ग्राहकों की उपस्थिति में हुई, जिससे उन्हें अत्यधिक अपमान का अनुभव और मानसिक रूप से तनाव भी हुआ। सूत्रों के अनुसार शिकायत को गंभीरता से लेते हुए यह मामला ऊपरी स्तर तक पहुँच चुका है, हालांकि बैंक की ओर से अब तक किसी प्रकार का आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। उपभोक्ता और स्थानीय लोग उम्मीद कर रहे हैं कि मामले की निष्पक्ष जांच कर पीड़िता को न्याय मिलेगा और ऐसे मामलों पर रोक लगाने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।

# जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करायें



- जिलाधिकारी ने सीएचसी खैराबाद का किया औचक निरीक्षण
- डीएम ने बीपीएम अनुज कुमार व बैम का 15-15 दिन का वेतन काटने के दिये निर्देश

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खैराबाद का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, भर्ती वार्ड, लेबर रूम, एनआरसी पैथॉलोजी, औषधि कक्ष, एनबीएसयू आदि का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। चिकित्सालय में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये तथा अवस्थापना सुविधाओं में सुधार किया जाये। सभी स्थलों पर सफाई का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।

जिलाधिकारी ने बीपीएम अनुज कुमार के अनुपस्थित होन एवं व्यवस्थाएं सही न होने पर 15 दिन का वेतन काटनें एवं बैम का भी 15 दिन का वेतन काटनें के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस की तैयारियां न होने पर नाराजगी व्यक्त की। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक को कार्यो में रूचि न लेने व अपने कार्यो के प्रति लापरवाही बरतने के कारण नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। ए0एन0एम0 सुमन लता स्टाफ नर्स को मरीजों को रेफर किये जाने पर लापरवाही बरतने के लिये कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। रजिस्टर पर विवरण अद्यतन न होने पर जिलाधिकारी ने स्टाफ नर्स पिंकी सिंह व पूनम सिंह को स्पष्टीकरण जारी करते हुये प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। डिलीवरी रजिस्टर पर पूरा विवरण दर्ज कराया जाये तथा जन्म पंजीकरण प्रमाण-पत्र डिस्चार्ज के समय ही उनके परिवारजन को दे दिया जाये। भर्ती मरीजों को दी जाने वाली दवाओं का विवरण पर्चे में अवश्य दर्ज किया जाये। उन्होंने मरीजों से वार्ता कर चिकित्सालय में मिल रही सेवाओं के विषय में फीडबैक भी लिया। उन्होंने रिफर रजिस्टर भी देखा तथा रिफर किये मरीजों से फोन से वार्ता भी की। जिलाधिकारी ने कहा कि भर्ती मरीजों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन एवं नाश्ते का वितरण सुनिश्चित किया जाये। भोजन एवं नाश्ते की मात्रा एवं गुणवत्ता मानकों के अनुसार सुनिश्चित की जाये। फैमिली प्लानिंग के संबंध में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि डिलीवरी के उपरान्त समुचित काउंसलिंग की जाये। उन्होंने फामेर्सी में जाकर दवाओं के रख-रखाव का भी गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि मानकों के अनुरूप दवाओं का समुचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाये तथा दवाओं से संबंधित समस्त रिकार्ड अद्यतन रखा जाये। समय पर मांग पत्र भी प्रेषित कराया जाये, जिससे किसी प्रकार की दवाओं की कमी न हो। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने आईटीआई में चल रहे भवन निर्माण के कार्यों का किया निरीक्षण

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने तहसील सदर क्षेत्रान्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खैराबाद में निमार्णाधीन थ्योरी कक्ष, आई0टी0 लैब एवं लाईब्रेरी भवन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

यह निर्माण कार्य 262.80 लाख की लागत से कार्यदायी संस्थान यू0पी0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0 निर्माण, इकाई-14, लखनऊ द्वारा किया जा रहा है। जिसमें खैराबाद स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आई0टी0 लैब, लाईब्रेरी, भूतल पर तीन कक्ष क्लास रूप, प्रथम तल पर तीन कक्ष क्लास रूम, स्टेयर केस, सी0सी0 रोड, फॉयर फाईटिंग का कार्य, रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य, सेप्टिक टैंक एवं सोकपिट का कार्य तथा बोरिंग एवं टॉयलेट ब्लॉक संबंधी कार्य प्रस्तावित हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये की पूरी गुणवत्ता के साथ कार्यों को पूर्ण कराते हुये हैण्डओवर की कार्यवाही की जाये। प्रकाश एवं पेयजल हेतु भी समुचित प्रबंध किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जब दिलशाद ने लगायी 23 फीट छलांग



फतेहपुर। नगर के लंबरदार मार्केट में रविवार नागेंद्र प्रधान द्वारा चौथी लंबी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रतापगढ़ के दिलशाद ने 23 फीट लंबी छलांग लगाकर साइकिल जीत लिया क्षेत्र के बच्चों के उत्साहवर्धन और खेलकूद में रुचि बढ़ाने के लिए हरदो निवासी नागेंद्र प्रधान द्वारा पिछले 4 वर्षों से लगातार खागा कस्बा के लंबरदार मार्केट के पास लंबी कूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है जिसमें दूर दराज के जनपदों से प्रतियोगी छात्र भाग लेने आते हैं रविवार चौथी बार आयोजित हुई लंबी कूद प्रतियोगिता का लंबरदार अमर सिंह यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया जहां आसपास के जनपदों के सैकड़ो बच्चों ने अपनी किस्मत आजमाई अंततः फाइनल राउंड में प्रतापगढ़ के दिलशाद ने 23 फिट 1 इंच की छलांग लगाकर रेंजर साइकिल जीत लिया वहीं 21.9 फिट की छलांग लगाकर किशनपुर कस्बा निवासी अक्षय कुमार रहे तथा 20 फीट की लम्बी छलांग लगाकर प्रतापगढ़ के विकास तीसरे स्थान पर रहे जिन्हें कमेटी द्वारा आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर शिवनारायण सिंह चौधरी सिंह रावेंद्र प्रताप सिंह शुभम सिंह महेंद्र सिंह अरविंद सिंह गुड्डू लेखपाल सर्वेश यादव अखिलेश सिंह व व्यवस्थापक अनुज पाल मौजूद रहे।

## मृतक के परिजनों ने शराब ठेके के सीसीटीवी फुटेज व सुरक्षा मुहैया कराने की उठाई मांग

हरगांव (सीतापुर)। अभी बीते दिनों हरगांव थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक को घर से बुलाकर ले जाने के बाद गांव में ही शराब ठेके पर पीट पीट कर की गई हत्या के बाद मृतक के परिजनों द्वारा दी गई नामजद तहरीर के बाद पुलिस के स्तर से न्यायोचित कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार न किए जाने से क्षुब्ध होकर मृतक के परिजनों ने जिलाधिकारी सीतापुर को जनसुनवाई के माध्यम से प्रार्थना पत्र देकर शराब ठेका के सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कराने की मांग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की भी मांग की है। जानकारी के अनुसार जिले के थाना हरगांव क्षेत्र के गांव रीछिन निवासी भारतीय जनता पार्टी के हरगांव मंडल उपाध्यक्ष अवधेश मिश्रा उर्फ रामू मिश्रा के 25 वर्षीय युवक ध्यानचंद मिश्र को पड़ोसी जनपद के लखीमपुर कोतवाली सदर अंतर्गत रामनगर निवासी रुपेश तिवारी पुत्र इंद्रेश तिवारी के द्वारा घर से बुलाकर ले जाने के बाद रीछिन गांव में ही स्थित शराब ठेके के पास आपसे बाद विवाद के पश्चात गांव के ही तौले पुत्र छैलू व रजनीश पुत्र तौले के द्वारा रात लगभग साढ़े नौ बजे के आसपास पीट पीट कर अधमरा कर दिया गया। जानकारी मिलने पर जब परिवार के लोग घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव को लेकर गए तो वहां पर तैनात चिकित्सकों ने घायल ध्यानचंद को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही हरगांव पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए आनन फानन में जिला मुख्यालय भेज दिया। बेटे की मृत्यु के बाद पीड़ित पिता की तहरीर पर थाना हरगांव में मु. अ.सं. 461 25 पर धारा 191(3),191(2), 190,105बीएनएस के तहत रुपेश तिवारी पुत्र इंद्रेश तिवारी, तौले पुत्र छैलू, रजनीश पुत्र तौले तथा दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। लेकिन समाचार लिखे जाने तक किसी की भी गिरफ्तारी पुलिस के स्तर से नहीं की गई। जिससे हत्याभियुक्तों के हौसले बुलंद हैं जिससे मृतक के परिजन काफी भयभीत हैं। मृतक के चाचा नवनीत मिश्रा पुत्र देवी गुलाम एवं मृतक की मां निर्मला देवी पत्नी अवधेश मिश्रा उर्फ रामू ने जन सुनवाई संदर्भ संख्या 400154 25084472 के जरिए शराब ठेका रीछिन के सायं सात बजे से ग्यारह बजे तक के सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने की मांग करते हुए सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। शराब ठेके के सी सीटीवी फुटेज मिल जाने के बाद बहुत से राज उजागर हो सकेंगे। मृतक के परिजनों ने यह भी बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी न होने के कारण उन्हें तरह-तरह के धमकियां मिल रही हैं। परिजनों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित कराकर सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। जानकारी करने पर पुलिस ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर ली जाएगी।

## चौथे स्तंभ की स्वतंत्रता के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून जरूरी

फतेहपुर। भारतीय प्रेस दिवस के अवसर पर साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन सीजेए) द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें देश और प्रदेश के कई वरिष्ठ पत्रकारों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आधुनिक भारत में मीडिया की भूमिका, उसकी साख, जिम्मेदारी और चुनौतियों पर चर्चा की गई। इस बैनर तले देश में मीडिया को संवैधानिक रूप से लोकतंत्र का चौथा स्तंभ दर्ज करने, पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने सहित पत्रकार एकता की मुख्य रूप से चर्चा हुई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नई दिल्ली से चलकर आए वरिष्ठ पत्रकार, लेखक और पूर्व सांसद डॉ. संतोष भारतीय शामिल हुए। उन्होंने 1990 के दौर से लेकर आज तक की पत्रकारिता और अपने पत्रकारिता से लेकर सांसद बनने तक के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल खबर लिखने का काम नहीं है, यह जनता की आवाज बनकर सत्ता को आईना दिखाने की जवाबदेही भी है। उन्होंने अपने जीवन से जुड़े अनुभव सुनाते हुए युवा पत्रकारों को निष्पक्षता और साहसिक पत्रकारिता की प्रेरणा दी। वहीं लखनऊ से आए उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के कोषाध्यक्ष एवं लखनऊ जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार आलोक कुमार त्रिपाठी ने पत्रकारिता के गुर और अपने अनुभवों को साझा किया। वरिष्ठ पत्रकार राजीव तिवारी बाबा ने लोगों को नवयोग कराते हुए मानसिक शांति और आत्मबल को पत्रकारिता के लिए जरूरी बताया। राष्ट्रीय सलाहकार समिति के सदस्य आशीष तिवारी ने संगठन की एकता और मजबूती पर जोर दिया। फतेहपुर के वरिष्ठ पत्रकार वसीम अख्तर, शिवशरण बंधु, रमेश चंद्र गुप्ता, विवेक मिश्रा, सरोज पाण्डेय, संदीप केशरवानी, शमशाद खान और प्रभाकर पाण्डेय समेत अन्य पत्रकारों एवं समाजसेवी अजय त्रिपाठी ने भी मीडिया से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखी। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाश्वत तिवारी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और संगठन के उद्देश्यों को बताया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान ने किया। मंच से दिवंगत पत्रकार दिलीप सैनी और पूर्व मंत्री स्व. मुन्ना लाल मौर्य को जनपद रत्न सम्मान मरणोपरांत दिया गया। जिसके लिए पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल ने सामूहिक रूप से दिवंगत पत्रकार के सम्मान का प्रतीक चिन्ह प्राप्त किया वहीं पूर्व मंत्री स्वर्गीय मुन्ना लाल मौर्य का सम्मान प्रतीक चिन्ह उनकी धर्मपत्नी ऊषा मौर्य (विधायक - हुसैनगंज) ने प्राप्त किया और संगठन का आभार प्रकट किया। इसके अलावा शहर के अखबार वितरकों को लोक संदेश वाहक प्रहरी सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी पत्रकारों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी, फतेहपुर जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह, सैय्यद शारिब कमर अजमी, धीर सिंह यादव, अनिल विश्वकर्मा, डॉ जे पी चौहान, प्रदीप कुमार, मेराज अहमद, मोहम्मद अब्बास, महेश चौधरी, संदीप निर्मल, अजय कुमार, अभिमन्यु मौर्या, कृष्ण गोपाल साहू, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, इसरार अहमद, पारुल सिंह, गुलाब सिंह यादव, नाजिया परवीन, राकेश साहू सहित जनपद एवं अन्य जनपद के सैकड़ों पत्रकारों ने उपस्थिति दर्ज की।

## सीएचसी पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस आयोजित



महोली (सीतापुर)। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सोमवार को सीएचसी अधीक्षक दीपांशु शुक्ला के द्वारा डा0 अभिनव वर्मा एवं डा0 जया शर्मा तथा अस्पताल स्टाफ के सहयोग से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन कराया गया। इस दौरान कुल 45 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण की जांच की गई। इस मौके पर सभी मातृशक्ति को जहां जरूरी स्वास्थ्य सेवाए दी गई, वहीं उनके लिए फल और नाश्ते का वितरण भी कराया गया।

मातृत्व दिवस के इस दिन पर मिलने वाली सुविधाओं में, प्रथम समस्त जांच और उपचार, दूसरे निःशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा, तीसरे घर से आने और घर तक जाने की व्यवस्था के लिए (102 एम्बुलेंस) व्यवस्था तथा अंत में सिजेरियन प्रसव हेतु चिन्हित कर सिजेरियन प्रसव की सेवाए प्रदान कराना शामिल हैं। सरकार द्वारा नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मातृ सुरक्षा केंद्र की शुरूवात की गई है। यह केन्द्र पूरे सप्ताह चैबीसों घंटे संचालित रहेगा। सीएचसी अधीक्षक डॉ दीपांशु शुक्ल ने बताया, इस केंद्र पर गर्भवती महिलाओं को 24 घंटे परामर्श व प्रसव संबंधित जानकारी दी जा रही है। गर्भवती महिलाओं के द्वारा बताए गए लक्षणों के आधार पर उन्हें आवश्यक सेवाएं दी जायेंगी। महिलाओं के सामान्य अथवा जटिल प्रसव सहायता के लिए 7839734168 नम्बर पर संपर्क किया जा सकता है।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर में लोगो ने जांच करायी

हिलौली, उन्नाव (वीओएल)। पठई गांव में समाजसेवी वरुण सिंह की अगुवाई में डॉक्टर ओ पी चौधरी हॉस्पिटल लखनऊ की टीम ने कैंप लगाकर मोतियाबिंद की जांच की। साथ में अन्य बीमारियों की भी जांच कराई गई। जांचोंपरांत मरीज को दवा वितरण की गई। साथ ही मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए लोगों को निशुल्क घर से ले जाकर अस्पताल में ऑपरेशन कर घर सकुशल पहुंचने की जिम्मेदारी भी उठाई गई। जिसमे ओ पी चैधरी हॉस्पिटल की टीम ने गठिया बाई चोट मोच सर्दी जुकाम बुखार, मधुमेह रोग की विधिवत जांच कर लोगों को निःशुल्क दवा उपलब्ध कराया। डॉ योगेश पांडे जनरल फिजिशियन डॉक्टर पायल गर्ग नेत्र चिकित्सक डा. आरिश ऑप्टोमेट्रिस्ट पी आर ओ आनंद यादव, सुनील तिवारी, अभय सिंह व समस्त नर्सिंग और सहायक स्टाफ के सहयोग से कैंप को सकुशल संचालित किया गया। कैंप में प्रमुख रुप से प्रधान प्रतिनिधि मंगल चौधरी, सनी सिंह अवधेश सिंह (लाला सिंह) नरेंद्र नाई संतोष कुमार, रामबाबू, काली शंकर, गोविंद कृष्ण द्विवेदी, संतोष रावत, शीतल लोधी, पियारे यादव, राम सेवक लोधी, लाला गौतम, डॉ सुरेश, भोला रावत, राजकुमार कुशवाहा, बिंदादीन, राजकुमार रावत आदि उपस्थित रहे।



## एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में 40 पौधे लगाये



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के जवाहर नवोदय विद्यालय कालीमिट्टी में सोमवार को पौधारोपण किया गया। इसमें करीब 40 पौधे लगाए गए। एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत बांगरमऊ के वन अधिकारी पी एस यादव एवं सहयोगी कर्मचारी के साथ विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा पुरी ने पौधों के महत्त्व के बारे में एनसीसी कैडेट्स को बताया साथ ही लगाए गए पौधों के देखरेख की जिम्मेदारी भी सभी कैडेट्स को दी। कार्यक्रम में उप प्राचार्य रोहित सिंह राठौर, एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर अरविंद कुमार श्रीवास्तव, पूर्व एनसीसी ए न ओ ए पी कटियार, पंकज सिंह, पूनम मौर्य, अभय शर्मा आदि मौजूद रहे।

## वर्षों से उपेक्षा का शिकार राजकीय बीज भंडार गृह




पाटन, उन्नाव (वीओएल)। कस्बा पाटन स्थित राजकीय बीज भंडार वर्षों से जर्जर हालत में संचालित हो रहा है। जिससे लगातार खतरा बना हुआ है। भवन की दीवारें टूट रही हैं, छज्जे लटके हुए हैं। प्लास्टर जगह-जगह से झड़ रहा है। इसके बावजूद सरकारी उपेक्षा के चलते बीज वितरण का कार्य यहीं से जारी है, जिससे कर्मचारियों, अधिकारियों व किसानों को किसी भी समय बड़े हादसे का सामना करना पड़ सकता है।

स्थानीय किसानों का कहना है कि बरसों से जीर्ण-शीर्ण स्थिति में पड़े इस भवन की न तो मरम्मत हुई और न ही इसके स्थान पर नए भवन का उपयोग शुरू हो सका। जबकि शासन द्वारा जर्जर भवन से निजात दिलाने के लिए लगभग दो वर्ष पहले नया बीज गोदाम बनवाकर विभाग को हैंडओवर कर दिया गया था। लेकिन मुख्य मार्ग से नए गोदाम तक पक्का रास्ता तैयार न होने की वजह से उसका उपयोग शुरू ही नहीं हो पाया है। किसानों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही के चलते करोड़ों रुपये की लागत से बना नया भवन वीरान पड़ा है। जबकि पुराने जर्जर भवन में काम कराना सीधे-सीधे जन सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। किसानों ने सवाल उठाया कि क्या शासन-प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? क्या दुर्घटना होने के बाद ही नए बीज गोदाम तक पक्का मार्ग बनाया जाएगा? किसानों ने जिलाधिकारी से मामले को संज्ञान में लेकर नए गोदाम तक जल्द से जल्द सड़क निर्माण कराने और जर्जर भवन में चल रहे कार्य को तत्काल रोकने की मांग की है, ताकि किसी संभावित दुर्घटना को टाला जा सके।

## उर्मिला त्रिवेदी के लिए दरिद्र नारायण की सेवा परम धर्म थी

जिला संवाददाता



परसेण्डी (सीतापुर)। मनोज कुमार त्रिवेदी जिला सहसंयोजक मीडिया की माता उर्मिला देवी त्रिवेदी की धूमधाम से आदर्श नगर सीतापुर में पांचवी पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर सैकड़ों लोगों ने चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

मनोज कुमार त्रिवेदी जिला सहसंयोजक मीडिया की माता की पांचवीं पुण्यतिथि के पावन अवसर पर अचिन मेहरोत्रा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सीतापुर की आगमन पर पुष्प गुच्छ देकर मनोज त्रिवेदी ने स्वागत किया। अचिन मल्होत्रा पूर्व जिला अध्यक्ष ने उर्मिला देवी त्रिवेदी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और अपने संबोधन में उन्होंने कहा पूजनीय माता के द्वारा कमजोर पिछड़ी और दरिद्र नारायण की सेवा करना उनका परम धर्म था। आज उनके बताए रास्ते पर हम चलकर अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। अभिषेक बेबी गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खैराबाद के द्वारा चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद अपने विचार रखते हुए कहा उर्मिला देवी त्रिवेदी ने अपने जीवन में संघर्षों के बीच में रास्ता बनाया आज उनके विचार सदैव प्रासंगिक रहेंगे। कार्यक्रम को नीरज वर्मा ब्लॉक प्रमुख बेहटा जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ने भी चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया।


कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले प्रमुख रूप में संदीप मिश्रा सदस्य जिला पंचायत सीतापुर गौरव मिश्रा उपाध्यक्ष गन्ना विकास समिति कमलापुर सुरेश गुप्ता जिला संयोजक व्यापार पर पोस्ट बीजेपी सीतापुर देश दीपक भार्गव पूर्व जिला पंचायत सदस्य, शत्रुघ्न तिवारी ब्यूरो चीफ हिंदी दैनिक आज, आनंद तिवारी ब्यूरोचीफ नवभारत टाइम्स, अमित तिवारी, विपिन राजवंशी जिला संवाददाता सी टीवी न्यूज, वीरेंद्र तिवारी जिला संवाददाता प्रयाग दर्शन, हरीश शुक्ला प्रबंधक युवन इंटर कॉलेज मछरेहटा, सत्येंद्र मिश्रा अध्यक्ष प्रधान संघ रेउसा, पावन मिश्रा अध्यक्ष युवा मोर्चा मंडल रेउसा, प्रहलाद कनौजिया प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य, अमरीश शुक्ला, वरिष्ठ शिक्षक अंजनी मिश्रा, सभासद मंगला प्रसाद त्रिवेदी, अमित त्रिवेदी पूर्व प्रधान लिपिक आरएमपी डिग्री कॉलेज, शिव दुलारे शुक्लादुष्यंत शुक्लासहायक अध्यापक देशराज लोधी, प्रधान भदियासी सुशील कुमार लोधी, वीरेंद्र पांडे तकनीकी सहायक, नीलय मिश्रा, सुरेंद्र प्रताप सिंह, निशिकांत बाजपेई विवेक पांडे, पंकज त्रिवेदी, नमन मिश्रा, प्रवीण त्रिवेदी, हर्षित दीक्षित, कमलाकांत त्रिवेदी पत्रकार, निशिकांत बाजपेई, जगदीश अवस्थी, हरीश अवस्थी, शिव प्रसाद त्रिवेदी, ओम शंकर त्रिवेदी, शिवपूजन लाल त्रिवेदी, शिवराज त्रिवेदी, गंगा प्रसाद त्रिवेदी, युवराज त्रिवेदी, पंकज मिश्रा, पूर्व प्रधान सालपुर विवेक पांडे, यमुना वर्मा, पूनम बाजपेई बड़ी संख्या में प्रधान सदस्य क्षेत्र पंचायत सहित अधिवक्ता पत्रकार सहित सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन मनोज कुमार त्रिवेदी, जिला सहसंयोजक मीडिया भाजपा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

## विद्यार्थियों को दी गयी सड़क सुरक्षा की जानकारी



फतेहपुर। यातायात माह के तहत सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी यातायात बृजमोहन राय के पर्यवेक्षण में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। मुख्य गतिविधियाँ- मुस्लिम इंटर कॉलेज बिन्दकी बस स्टॉप के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई और सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई यातायात प्रभारी लाल जी सविता एवं यातायात पुलिस द्वारा प्रचार सामग्री वितरित की गई तथा छात्रों को यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया दो पहिया वाहनों, बिना फिटनेस व बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई नाबालिकों द्वारा ई-रिक्शा चलाने पर रोक लगाई गई और अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाया गया जागरूकता कार्यक्रम के दौरान वाहन स्वामियों को पंपलेट वितरित किए गए तथा यातायात नियमों की जानकारी दी गई अभियान का उद्देश्य- सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण करना आमजन व छात्रों में यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना बिना फिटनेस, बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों, नाबालिक द्वारा वाहन चलाने और अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करना अभियान का प्रभाव- छात्रों और आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ीअवैध वाहनों व नाबालिक वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई से सड़क सुरक्षा में सुधार देखा गया।यह अभियान सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति जनता को जागरूक करने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम के रूप में सामने आया है।

## तीन चरणों मे विद्युत उपभोक्ताओं को मिलेगी बिजली बिल में राहत



पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। बिजली उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिल राहत योजना 2025-26 शुरू की गई है। इस योजना के तहत बकायेदार उपभोक्ताओं को सरचार्ज में 100 प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह योजना 1 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक तीन चरणों में लागू की जाएगी, जिसके लिए पंजीकरण अनिवार्य है। योजना का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को 2000 रुपये का पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा। प्रथम चरण 1 दिसंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक चलेगा, जिसमें विद्युत बिलों पर 100 प्रतिशत सरचार्ज माफ किया जाएगा तथा बिल की मूल धनराशि में 25 प्रतिशत माफी भी शामिल होगी। द्वितीय चरण 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक और तृतीय चरण 1 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक संचालित होगा, इन क्रमशः 20 प्रतिशत व 15 प्रतिशत मूल धनराशि में भी अतिरिक्त छूट शामिल होगी। पंजीकरण के बाद, उपभोक्ता को 30 दिनों के भीतर पूर्ण भुगतान करना अनिवार्य होगा, किसत में भी जमा करने की सुविधा है। शेष बकाये के भुगतान के लिए उपभोक्ताओं को तीन विकल्प दिए गए हैं। पहला विकल्प एकमुश्त भुगतान का है। दूसरे विकल्प में उपभोक्ता 750 रुपये की मासिक किस्त के साथ वर्तमान माह का बिल चुका सकते हैं, जबकि तीसरे विकल्प में 500 रुपये की मासिक किस्त के साथ वर्तमान माह का बिल जमा करना होगा। पुरवा के विद्युत वितरण खंड के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा इस योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है प्रेस वार्ता का जानकारी दी इनमें अधिशाषी अभियंता इ० विष्णु दयाल यादव, खण्डीय लेखाकार मयंक अनु, सी०ए० विशाल सोनी, और कार्यकारी सहायक आर के सिंह, राजीव कुमार एवं संतोष कुमार गौतम शामिल हैं।

संक्षेप

## तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

**बांदा।** शहर कोतवाली के अरबई गांव में रविवार की देर शाम बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गयी। हर्ष पुत्र जयपाल गुप्ता 11 परिजनों के साथ खेत गया था जहां वह धान की फसल काट रहे थे। बच्चे के लापता होने के बाद गांव के लोगों और पुलिस ने तालाब में बच्चे की तलाश शुरू की। रविवार रात को शव नही मिला, सोमवार सुबह लगभग 8 बजे गोताखोरों की मदद से बच्चे का शव तालाब से बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और कारणों का पता लगा रही है। इस दुखद घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं।

## चोरी की बाइक समेत पकड़ा गया बदमाश

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस ने दर्ज मु.अ.सं. 1325/2025 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस में वांछित रामनगर निवासी अमित सोनी उर्फ मोनू भैया पुत्र अरविन्द कुमार उर्फ रज्जूलाल को मुखबिर की सूचना पर हिरासत में लिया है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के पास से चोरी की मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 आर 0893 टीवीएस स्पोर्ट्स को बरामद किया है। चोर को पकड ? वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी व उ.नि. मनोज खान शामिल रहे।

## युवा संघ ने जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े

**ललितपुर।** स्थानीय युवा संघ ने सर्दी से प्रभावित जरूरतमंद परिवारों के लिए गर्म कपड़े वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विभिन्न बस्तियों में पहुंचकर गरीब एवं असहाय लोगों को स्वेटर, जैकेट, शॉल सहित ऊनी वस्त्र उपलब्ध कराए गए। सेवा गतिविधि में नितिन पंथ, अंश, अनुभव, हर्ष, आदित्य, आसवेन्द्र, कुंवरजी, ऋषि और मोहित सहित संघ के कई सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सदस्यों ने बताया कि बढ़ती ठंड को देखते हुए यह अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंदों को राहत मिल सके। स्थानीय नागरिकों ने युवा संघ की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे सामाजिक प्रयास समाज में मानवीय संवेदनाओं को मजबूती प्रदान करते हैं।

## सौजना पुलिस ने पकड़े शातिर चोर

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व सीओ महरौनी आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में वांछितों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सौजना पुलिस ने दर्ज मुकद्दमा मु.अ.सं. 179/25 धारा 331(4), 305(सी) बीएनएस की विवेचना के दौरान प्रकाश में आये मड़ावरा के ग्राम चैमऊ निवासी चाली राजा पुत्र दरयाव सिंह, ग्राम रमेशरा निवासी सुमित उर्फ अमित राजा पुत्र नत्थूसिंह, ऋषिकेश उर्फ विक्की राजा पुत्र हरीशंकर सिंह व ग्राम जखौरा निवासी अभिषेक प्रताप सिंह पुत्र नाहर सिंह को ग्राम कुसमाड़ सौजना के पास से हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने पकड़े गये बदमाशों के पास से चोरी का मोबाइल फोन व 6500 रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि चारों शातिर बदमाशों का आपराधिक इतिहास भी है। चोरों को पकड ? वाली पुलिस टीम में उ.नि. मुलायम सिंह, हे.का.बृजबिहारी सेंगर, का.गौरव कुमार, का.हिमांशु श्रीवास्तव, म.का.चंचल शर्मा आदि शामिल रहे।

## चार का शांति भंग में चालान

अयोध्या। शहर क्षेत्र की पुलिस ने सोमवार को चार का शांति भंग में चालान किया है। पुलिस का कहना है कि नगर कोतवाली पुलिस ने आपसी विवाद के मामले में कोतवाली क्षेत्र के बाहदुरगंज निवासी भाई विष्णु गुप्ता (35) पुत्र स्व. श्याम सुंदर गुप्ता और इसके बड़े भाई डेविड गुप्ता (57) पुत्र स्व. श्याम सुंदर गुप्ता तथा व पठान टोलिया निवासी गोलू उर्फ रोहित पुत्र रामनारायण और कैंट थाना पुलिस ने थाना पुलिस ने हैदरगंज थाना क्षेत्र के पाली पूरब हथिगो निवासी दीक्षान्त सिंह पुत्र दिवाकर सिंह को पकड़ा है। सभी के के खिलाफ पाबंदी की कार्रवाई करते हुए इनका शांति भंग में चालान किया है।

# स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनायें: डीएम

### विभागीय कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा




जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जिला स्तरीय शासी निकाय की बैठक कर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की गहन समीक्षा की। इस दौरान डीएम ने लापरवाह अधिकारियों व चिकित्सकों को फटकार लगायी और वेतन रोकने की कार्यवाही करते हुए स्पष्टीकरण तलब किया। बैठक के दौरान विकासखण्ड स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बार और बिरधा में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति खराब होने पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी कि अगली बैठक तक स्वास्थ्य सेवाओं के सभी

- **खराब प्रगति वाले चिकित्सा अधिकारियों व ब्लॉक प्रोग्राम व समुदाय मैनेजरों को लगाई फटकार**
- **सुधार न होने पर सेवा समाप्त करने की दी चेतावनी**

पैरामीटर्स में अपेक्षित सुधार न हुआ तो जिम्मेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर व ब्लॉक कम्युनिटि प्रोसेस मैनेजर को कारण बताओ नोटिस के साथ चेतावनी दी कि यदि व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी। इसके अलावा बैठक में अनुपस्थित रहने व कार्य में शिथिलता व लापरवाही पाये जाने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी जखौरा का एक दिन का वेतन काटते हुए स्पष्टीकरण तलब किया गया ।मड़ावरा और महरौनी सहित सभी विकासखण्डों में पिछले वर्ष की अपेक्षा संस्थागत प्रसव कम होने पर जिलाधिकारी ने चिंता व्यक्त करते हुए थर्ड पार्टी यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ व जिला कार्यक्रम अधिकारी से जांच कराने के निर्देश दिये, जिससे स्पष्ट हो सके कि संस्थागत प्रसव में कमी किन कारणों से आ रही है। प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने विकासखण्डों में नवीन प्रसव इकाईयां तैयार कराकर सभी प्रसव संस्थागत कराना सुनिश्चित करें, इसके लिए उन्होंने सभी को निर्देश दिये कि वह आशा और एएनएम को ट्रेनिंग कराकर सक्रिय करें कि कोई भी प्रसव बाहर न हो ।नियमित टीकाकरण के सम्बंध में निर्देश दिये गए कि सभी केन्द्रों पर शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाए। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी अपने -अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वजन मशीनें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, सीएमएस डॉ गजेन्द्र सिंह, डीपीआरओ कुॅवर सिंह यादव, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, डॉ राजेश भारती, डीपीएम रजिया फिरोज, पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना, डीसीपीएम गनेश टैगोरिया, डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि, यूनिसेफ से सबा परवीन सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में शातिर चेन लुटेरा गिरफ्तार, लूट का माल बरामद



**बिजनौर।** मुठभेड के बाद पुलिस ने मुकदमें में फरार चल रहे एक चेन लुटेरे को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। मुठभेड के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाही में चेन लुटेरे के पैर में गोली लगी है। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली शहर में सोमवार तड़के पुलिस ईदगाह रोड पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। पुलिस ने चेकिंग के दौरान ग्राम खेड़की की ओर से आ रहे एक बाइक सवार व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम को देखकर बाइक सवार भागने लगा और उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो बदमाश के पैर में गोली लग गई।। पुलिस के अनुसार पकडा गया बदमाश बीती 01 नवंबर मोहल्ला नई बस्ती में दो अज्ञात बाइक सवारों ने एक महिला की सोने की चेन छीन ली थी। घटना के संबंध में शहर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई थी। गिरफ्तार बदमाश की पहचान मेरठ के सरधना थाना क्षेत्र निवासी संजय उर्फ शिवा पुत्र मंगत सैनी के रूप में हुई है। पुलिस गिरफ्त में आए बदमाश ने अपने साथी का नाम गाजियाबाद निवासी सुशील उर्फ मानव पुत्र हरि सिंह बताया। आरोपी ने खुलासा किया कि वे दोनों मिलकर चेन झपटमारी और चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। चोरी का माल को कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम समसपुर खोड़ा में बेचते थे। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटी गई एक सोने की चेन, एक तमंचा और कुछ जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। सीओ (सिटी) संग्राम सिंह के अनुसार पकडा गए बदमाश संजय उर्फ शिवा पर डेढ दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। बदमाश को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सोलंकी, उ0नि0 विनय कुमार, उ0नि0 राम निवास शर्मा, कां0 संदीप, मोहित आदि शामिल रहे।

# पराली जलाने पर रोक को सेल गठित, लगेगा जुर्माना

जिला संवाददाता

बांदा। पराली जलाने पर रोक लगाए जाने के लिए जनपद स्तर पर अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सेल गठित किया गया है। इसमें अपर पुलिस अधीक्षक, तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी तथा विकासखण्ड स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी, संबंधित

- **42 ग्राम पंचायतों को चिन्हित किया गया है**

थानाध्यक्ष को सचल दस्ते में नामित किया गया है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि सचल दस्ता फसल कटाई के दौरान से रबी फसल की बुवाई के पूर्व तक क्रियाशील रहेंगे।

ग्राम पंचायत स्तर पर प्रधान, सचिव, लेखपाल, कृषि विभाग के कर्मचारी फसल अवशेष को जलने से रोकने की कार्यवाही करेंगे। माह नवम्बर तक सेटेलाइट के माध्यम से निगरानी की जा रही है।

पराली जलने की घटनायें होने पर पराली जलाने वालों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करते हुये राजस्व एवं कृषि विभाग संयुक्त रूप से जांच कराकर जुमार्ना अधिरोपित कर आख्या शासन को प्रेषित करेंगे। दो एकड़ से कम क्षेत्र में पराली जलाने पर 2500 रुपये, दो से पांच एकड़ के लिये पांच हजार, पांच एकड़ से अधिक क्षेत्र में 15 हजार तक का जुमार्ना की वसूली पर्यावरण कम्पनसेशन के रूप में की जायेगी। बीते वर्ष जनपद में फसल अवशेष, कृषि अपशिष्ट जलाये जाने वाले 42 ग्राम पंचायतों को चिन्हित किया गया है। इनमें बडोखरखुर्द ब्लाक के फतपुरवा, दोहा, जारी, जौरही, बढेहा, कुरौली, सुरौली, छनेहरालालपुर, करबई, महुआ ब्लाक के महुवा, जखनी, हस्तम, खुरहंड, बिलगांव, छिबांव, खम्हौरा, बिसण्डा ब्लाक के कोर्रही, बछौंधा, तेंदुरा, फुफुंदी, ओरन ग्रामीण, बबेरू ब्लाक के अरमार, बाकल, भभुवा, पिण्डारन, गुजेनी, करहुली, मवई, समगरा, मझिला, पाराबन्नूबेगम, कमासिन के जमरेही, खरौली, सांडासानी, दतौरा, पाली, अण्डौली, कमासिन के बेर्राव, भांटी, सुनहुला, कुमेढासानी, किटहाई, तिंदवारी ब्लाक के खप्टिहाकला, पलरा, पिपरगवा, मूंगुस हैं।

# बम्हौरीकलां गांव में बिक रही अवैध शराब



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम बम्होरीकलां में अवैध शराब की बिक्री के विरोध में 50 से अधिक महिलाओं ने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव का घेराव किया। महिलाओं ने तत्काल कार्रवाई की मांग की, जिसके बाद अपर जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग को निर्देश दिए। थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम बम्होरी कलां निवासी इन महिलाओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। उन्होंने अपर जिलाधिकारी को बताया कि उनके गांव में पांच लोग खुलेआम अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं। इस कारण लोगों को 24 घंटे आसानी से शराब उपलब्ध हो रही है। महिलाओं ने शिकायत की कि शराब पीने से उनके पति और बेटे बीमार हो रहे हैं, और कई लोग शराब के लिए घर का सामान तक बेच देते हैं। जब वे शराब बिक्री का विरोध करती हैं, तो अवैध शराब बेचने

- **महिलाओं ने एडीएम का घेराव कर शराबबंदी कराने की उठायी मांग**

वाले उन्हें धमकी देते हैं। महिलाओं ने स्थानीय पुलिसकर्मियों पर भी अवैध शराब विक्रेताओं से हर महीने पैसे लेने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अवैध शराब की बिक्री बंद नहीं हुई तो वे आगे भी प्रदर्शन करेंगी। अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने तत्काल आबकारी अधिकारी को मौके पर बुलाया और अवैध रूप से शराब बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने कहा कि अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए आबकारी विभाग और पुलिस की एक संयुक्त टीम बनाकर छापेमारी की जाएगी। ज्ञापन देते समय विजय सिंह, मंगल सिंह, जगभान, मुन्नालाल, फूला, रेखा, सुमित्रा, रामकली, फूलकली, गौरा, कौशल्या, भागवती, रामा, लाड़कुंवर, रामवती, मीरा, श्रीबाई, कुसुम, नीलम के अलावा अनेकों महिलाएं मौजूद रहीं।

## शिक्षा सारथी सम्मान से 9 शिक्षक सम्मानित



**बांदा।** बुंदेलखंड के शिक्षा सारथी सम्मान से लखनऊ के अम्बर होटल में हुए समारोह में जनपद के 9 शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट शैक्षिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। अखिल भारतीय साहित्यकार परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. पवन पुत्र बादल ने संबोधन में शिक्षकों को प्रेरणा देते हुए कहा कि ह्यआनंदघरह्ण की संकल्पना को पूरा करने के लिए अपनी समृद्ध भारतीय परंपराओं का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भारतीय संस्कृति को प्रकृति का दोहन करने वाली संस्कृति बताया, न कि शोषण करने वाली। इस दौरान हमारे शिक्षा सारथी पुस्तक का भी अनावरण किया गया। इस पुस्तक मे भी इन 9 शिक्षकों के कार्य का उल्लेख किया गया है इसमें सबसे सराहनीय कार्य नरैनी ब्लॉक की शिक्षिका दीप्ति राजपूत का वर्णन किया गया। शिक्षिका दीप्ति राजपूत बाकरगंज शहर की निवासिनी हैं और नरैनी ब्लॉक के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में शिक्षिका हैं। दीप्ति राजपूत के अलावा सम्मानित शिक्षकों में रामकिशोर पाण्डेय, मीरा रविकुल, सविता देवी, इंसाफ अली, पवन कुमार तिवारी, चंद्रशेखर सेन, अर्चना गुप्ता, प्रदीप बाथम शामिल हैं। इन्हें राष्ट्रीय शिक्षा सारथी सम्मान और राष्ट्रीय आधार सेतु सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक रामकिशोर पांडेय ने की।

## स्नातक एमएलसी चुनाव को एकजुट हुआ कायस्थ समाज

**बांदा।** कायस्थ समाज ने चित्रगुप्त मंदिर में आगामी प्रयागराज, झांसी स्नातक एमएलसी चुनाव में अपनी सहभागिता एवं प्रतिनिधित्व पर चर्चा की। स्नातक एमएलसी चुनाव में मतदाता बनने का द्वितीय एवं अंतिम दौर 25 नवंबर से 10 दिसम्बर तक चलेगा। इन चुनावों में हमेशा से कायस्थ समाज की भूमिका अग्रणी रही है। यह समाज कलम दवात के पूजन के लिए जाना जाता है और कायस्थ समाज में स्नातकों की बाहुल्यता है। बैठक में समाज के वरिष्ठ और युवाओं ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि यदि हमारे समाज ने प्रत्येक सदस्य को स्नातक बनाया तो इससे न सिर्फ कायस्थ अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे बल्कि 40 विधान सभा में विकेंद्रित चुनावों में खासा सहयोग भी दे सकते हैं। यह भी उल्लेख किया गया कि इस बार मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए कायस्थ समाज के लोग अच्छी संख्या में आगे आ रहे हैं यह उत्साहवर्धक संकेत है। समाज सदैव ही सामाजिक एवं राजनैतिक विषयों पर आगे रहा है बल्कि जब भी आव्यशकता पड़ी सबको जागृत करने का भी कार्य किया है। बैठक में आदित्य श्रीवास्तव, डी. सी. श्रीवास्तव, विजय निगम, नरेन्द्र सक्सेना, सिद्धार्थ सिन्हा, लव सिन्हा, चारु चन्द्र खरे, रामू श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, राजेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, सुबोधिनी भटनागर, हरवंश श्रीवास्तव, धीरज श्रीवास्तव, विमल निगम, अजय सिन्हा, आलोक निगम, अम्ब्रीश कुमार, आशुतोष खरे व बड़ी संख्या में कायस्थ मौजूद रहे।

# बच्चों ने ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए



जिला संवाददाता

**नगीना, बिजनौर।** परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ एमएम इंटर कॉलेज के मैदान में किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विकास राजपूत व कोतवाली ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चैहान ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व फीता काट कर किया।

क्रीडा प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि विकास राजपूत तथा विशिष्ट अतिथि प्रमोद चैहान, चैयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया।

ब्लॉक कोतवाली के परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्राथमिक व जूनियर वर्ग के प्रतिभागियों ने जमकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास राजपूत व व जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रमोद चैहान, चैयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने प्रमाणपत्र व ट्रॉफी प्रदान की इस मौके पर बोलते हुए विकास राजपूत ने कहा कि खेल से शरीर ही मन और मस्तिष्क का भी विकास होता है। स्वस्थ मनुष्य ही समाज के विकास में योगदान दे सकता है। विशेष अतिथि शेख शाहनवाज व प्रमोद चैहान ने परिषदीय विद्यालयों के खेल प्रतिभागियों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए इन्हें सराहा। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए। कोतवाली ब्लॉक की मिनी खेलकूद प्रतियोगिता में विकास खंड कोतवाली की 17 न्याय पंचायतों के परिषदीय विद्यालयों के बाल एथलीटों ने प्रतिभाग किया। खेल प्रतियोगी बच्चों ने अनुदेशकों के नेतृत्व में मार्च पास्ट के बाद में विभिन्न प्रतियोगिताओं दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, चक्का फेंक, गोला फेंक, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो खो आदि में प्राथमिक व जूनियर वर्ग के प्रतिभागियों ने जमकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी वक्ताओं ने परिषदीय विद्यालयों के खेल प्रतिभागियों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उन्हें सराहा बीईओ इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ शिक्षक अशोक कुमार के संचालन में आयोजित खेल प्रतियोगिता में पंकज सिंह, सचिन शर्मा, डॉ विनोद शर्मा, व्यायाम शिक्षक राहुल त्यागी, जिलाध्यक्ष अटेवा उमेश राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष गर्वित चैधरी, ब्लॉक अध्यक्ष जूनियर डॉ0 यशपाल सिंह, मनीष राणा, परवेज आदिल, आलमगीर काजमी, हिमांशु राजपूत, ओमकार सिंह, राहुल त्यागी, कमलिनी अग्रवाल, कामिनी दिवाकर, गजाला रुही, मीनाक्षी चैधरी, ओमकार सिंह आदि शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा। क्रीडा प्रतियोगिता के सभी एथलेटिक्स इनेंट्स में बाल एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन किया।

## टैक्सी की जोरदार टक्कर से युवक की मौत

ललितपुर। थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत अखाड़ा मोहल्ला में रहने वाली अकल बाई पत्नी विजय अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 11 नवम्बर को रात करीब 10 बजे उसके पति विजय पुत्र मुन्ना अहिरवार खेत पर फसल की रखवाली करने के लिए पैदल जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से जाखलौन निवासी अनिल पुत्र गुलाब प्रजापति ने तेजी व लापरवाही से टैक्सी चलाते हुये उसके पति को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान विजय को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया।

बताया कि इस घटना के दौरान पुष्पेन्द्र पुत्र कल्लू अहिरवार व ईलू पुत्र रामसहाय रजक मौके पर मौजूद थे। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर टैक्सी चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## नही खुले रैन बसेरा, बेघर तीमारदार परेशान, लटक रहा ताला




**बांदा।** जिले में बढ़ रही ठण्ड के बावजूद रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैण्ड, जिला अस्पताल और तहसील स्तर पर भी रैन बसेरा नही शुरू किए गये हैं। प्रशासन और नगर पालिका की लचर व्यवस्था के चलते रात के समय बाहर से आने वाले और स्थानीय गरीब लोग रैन बसेरों में ही रात गुजारते हैं। रैन बसेरा न खोले जाने से तमाम लोग बढ़ रही इस ठण्ड के बीच फुटपाथों पर रात गुजारने के लिए मजबूर हैं। शहर में ऐसे तमाम लोग हैं जो बेघर हैं लेकिन उन्हे रैन बसेरों की सुविधा मयस्सर नही है। माह नवंबर का आधा पखवाड़ा बीत चुका है और ठण्ड ने जोर पकड़ लिया है। सुबह-शाम बिना गरम कपड़ों के निकलने पर बीमारी का शिकार होना तय है लेकिन नगर पालिका व नगर पंचायतों के जिम्मेदारों को ठण्ड का कतई अहसास नही है। यही वजह है कि जरूरतमंद लोग परेशान हाल फुटपाथों के सहारे रात गुजार रहे हैं। रोडवेज बस स्टॉप के रैन बसेरा का हाल यह है कि वहां का ताला बंद है और बरामदे में कर्मचारियों का मोटरसाइकिल स्टैण्ड बना हुआ है। शहर से रात और सवेरे यात्रा करने वाले यात्री रैन बसेरा की तलाश करते देखे जा रहे हैं लेकिन जिला चिकित्सालय, रोडवेज, स्टेशन परिसर और ब्लाकों में रैन बसेरा न शुरू होने से ठण्ड से यात्री दो-चार हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि नगर पालिका और तहसील की ओर से प्रत्येक वर्ष नवंबर माह के पहले सप्ताह तक रैन बसेरों की शुरूआत हो जाती थी। जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के तीमारदारों रामखेलावन, दिनेश व बुधिया ने बताया कि वह लोग खुले में रात गुजारने को बेबश हैं। रोडवेज तो ताला लटक रहा है लेकिन जिला अस्पताल में रैन बसेरा के स्थान पर मरीजों के अधिकांश तीमारदार बरामदे और बेंचों पर लेटे देखे जा रहे हैं। यहां प्रतिदिन अधिकारी और नेता आते-जाते हैं लेकिन किसी की नजर इस ओर नही है। ठण्ड से जब मौत का सिलसिला शुरू होगा तभी सोया प्रशासन जागेगा। जिम्मेदार अधिकारियों ने पूंछने पर बताया कि अभी ठंड की शुरूआत है ठण्ड से बचाव के शीघ्र उपाय किए जाएंगे। रैन बसेरों का लोकेशन पूंछने पर जिम्मेदारों ने फोन पर बात करना मुनासिब नही समझा।

## यातायात नियमों का पालन कराने सड़कों पर उतरे कलाकार

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में शहर कोतवाल अनुराग अवस्थी व यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने शहर के प्रमुख चैराहों/तिराहों पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से और आम जन मानस में हेलमेट, सीट बेल्ट के प्रति जागरूकता बढ ? के लिए रचनात्मक यातायात जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस कार्यक्रम में जनपद की नाटक मंडली के एक कलाकार को यमराज का रूप धारण कर राहगीरों और वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग करने के साथ -साथ सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

## नाले में व्यक्ति का शव पड़ा मिलने से सनसनी, परिजनों में मचा कोहराम



**अफजलगढ, बिजनौर।** घर से कुछ दूरी पर पुलिया के पास संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। घटना से परिजनो में कोहराम मचा हुआ है। थाना प्रभारी रामप्रताप सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। जानकारी के अनुसार कादराबाद के आलमपुर निवासी चमन पुत्र (43 वर्ष) पुत्र भज्जू परिवार सहित काफी समय से तुरतपुर में ही रहते था। परिजनों ने बताया कि चमन घर से किसी काम से नबाबपुर जाने को कहकर गया था। चमन जब रात को वापस नही लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। सोमवार की सुबह नवाबपुर के ग्रामीण घूमने के लिए निकले तो पुलिया के पास एक व्यक्ति अचेत अवस्था मे देखा जिसकी सूचना उन्होंने ग्राम प्रधान सुरेन्द्र सिंह को दी। ग्राम प्रधान की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बॉडी को चेक किया तो वह मृत था। मृतक की पहचान चमन के रुप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। पुलिस ने चमन के शव को अपने कब्जे में पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबन्ध में थाना प्रभारी रामप्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

## फंदे से लटकी मिली युवती

**अयोध्या।** कैंट थाना क्षेत्र के मऊ यदुवंशपुर स्थित यदुनाथ पांडेय का पुरवा में एक युवती अपने ही घर में फंदे से लटकी मिली है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस का कहना है कि परिजनों ने सोमवार सुबह लगभग दस बजे सलोनी (22) पुत्री जियालाल को घर में फंदे से लटका देखा और मामले की सूचना पुलिस को दी। शव का पोस्टमार्टम कराने के साथ घटना के कारण की तहकीकात कराई जा रही है।

# पीएम की भूटान यात्रा

चाइना जिस तरह से भारत को पड़ोसी देशों में दखल बढ़ाकर घेरने की कोशिश कर रहा है, उसके मद्देनजर भारत की सामरिक रणनीति ऐसी होनी चाहिए जिससे पड़ोसी देशों में चीन की पैठ को कमजोर किया जाये। पूर्व में श्रीलंका, मालदीव, नेपाल जैसे देशों में चीन अपना प्रभाव बढ़ाकर इन देशों में भारत की कूटिनीति को कमजोर करने या फिर इन देशों को भड़काने का काम करता रहा है। छोटे देश पैसे लेकर चीन की लाइन पर चलने भी लगते हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भूटान दौरा महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां किसी भी तरह से चीन के प्रभाव को रोकना जरूरी है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूटान यात्रा ने दो असमान शक्तियों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों के एक मॉडल को प्रतिबिंबित किया है। यह ऐसा मॉडल है जिसे भारत ने लगभग 7,92,000 लोगों के हिमालयी राजतंत्र के साथ लगातार बनाये रखा है। नेपाल के विपरीत, वर्ष 2008 में भूटान के चुनावी लोकतंत्र में परिवर्तन ने भारत के साथ संबंधों को अस्थिर नहीं किया है। वर्ष 2007 में भूटान में राष्ट्रीय परिषद के लिए पहली बार प्रत्यक्ष चुनाव हुए थे। उस समय भारत-भूटान संधि में एक महत्वपूर्ण संशोधन किया गया और उस उपबंध को बदल दिया गया जिसमें कहा गया था कि भारत विदेशी मामलों में भूटान का मार्गदर्शन करेगा। उसकी



जगह लिखा गया कि दोनों देश 'एक दूसरे की स्वतंत्रता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान' करेंगे। दोनों देश एक-दूसरे के खिलाफ अपने क्षेत्र का इस्तेमाल नहीं करने देने पर भी सहमत हुए। इस उप बंध का परीक्षण साल 2017 में भूटान के डोकलाम क्षेत्र पर चीन के कब्जे के दौरान हुआ था। वर्ष 1960 के दशक से ही भूटान के साथ भारत के रचनात्मक और विश्वसनीय संबंधों के परिणाम निरंतर सौहार्दपूर्ण रहे हैं, जिससे इस पड़ोसी देश को शासन के संस्थानों और सैन्य क्षमता के निर्माण में मदद और विकास में उदार सहायता मिली है। भूटान की ओर से, चतुर्थ ड्रुक ग्यालपो या नरेश जिग्मे सिंग्ये वांगचुक ने संबंधों को आगे बढ़ाया है। उन्होंने अपने साम्राज्य को संसदीय लोकतंत्र में बदलने की पहल की और फिर अपने पुत्र जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक की खातिर पद त्याग दिया था। मोदी की भूटान यात्रा के माहौल ने दोनों देशों के बीच पारंपरिक सभ्यतागत और रणनीतिक संबंधों को प्रतिबिंबित किया। मोदी की यात्रा के दौरान ही दिल्ली के लाल किले के पास हुए आतंकवादी विस्फोट के पीड़ितों के लिए थिम्पू में एक प्रार्थना समारोह आयोजित किया गया और पीएम मोदी ने भी उसमें हिस्सा लिया। अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम में मोदी ने भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड द्वारा निर्मित और भारत की वित्तीय मदद से तैयार 1,020 मेगावॉट की जलविद्युत परियोजना का उद्घाटन किया और देश में नई ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 4,000 करोड़ रुपये के ऋण देने की घोषणा की। चुखा, कुरिचु, ताला, मंगदेछु और पुनात्सांगछु-1 के साथ, जलविद्युत भारत-भूटान आर्थिक सहयोग के मुख्य स्तंभों में से एक रहा है। मोदी की यात्रा के दौरान एकीकृत भुगतान प्रणाली के दूसरे चरण सहित कई अन्य समझौते संपन्न हुए। एकीकृत भुगतान प्रणाली के दूसरे चरण सहित कई अन्य समझौते भी हुए। भारत ने वर्तमान नरेश की महत्वाकांक्षी शहरी विकास परियोजना, गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी, जो दक्षिणी भूटान में विकसित किया जा रहा एक विशेष प्रशासनिक क्षेत्र है, के लिए भी ठोस समर्थन दिया है। मोदी ने गेलेफू में निवेशकों और आगंतुकों की सुगम आवाजाही के लिए असम में एक आव्रजन जांच चौकी स्थापित करने की भी घोषणा की। मोदी की यात्रा के दौरान प्रदर्शित की गई हार्ड और सॉफ्ट पावर की ठोस भू-राजनीतिक वजह हैं और ये भूटान की सीमाओं पर उभरती महाशक्ति से संबंधित हैं। भूटान और चीन के बीच औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं हैं क्योंकि चीन, ऐतिहासिक रूप से तिब्बत का हिस्सा बताते हुए भूटानी भूभाग के एक बड़े हिस्से पर अपना दावा करता है। चीन की गिद्द्ध दृष्टि भारत के साथ भूटान के भूभाग पर भी है। इसलिए भूटान के साथ के मजबूत संबंधों के साथ ही सीमाओं की सुरक्षा के लिए साझा संकल्प और सतर्कता बहुत जरूरी है।

## विचार

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।
–गीता.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री–पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?
–महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।
–महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।
– शेक्सपियर.

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।
–गौतम बुद्ध.

# घरेलू पिचों पर बार-बार हारती टीम इंडिया

**डॉ. अनिता राठौर**



## खेल-जगत

> हाल के दिनों में जिस प्रकार का व्यवहार मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने स्थापित खिलाड़ियों के साथ किया है, वह निंदनीय है। इससे यह संकेत मिलता है कि राजनीति की वजह से टीम में तनाव है जो प्रदर्शन को भी प्रभावित कर रहा है। ऐसा लगता नहीं कि विराट कोहली व रोहित शर्मा ने टेस्ट से संन्यास अपनी स्वतंत्र मर्जी से लिया था।

कोलकाता में वही हुआ, जो मुंबई में 2024 में हुआ था। मुंबई टेस्ट में भारत न्यूजीलैण्ड के विरुद्ध 147 रन का लक्ष्य हासिल न कर सका था और 25 रन से हार गया था। कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका ने इससे भी कम का टारगेट रखा था, मात्र 124 रन का, लेकिन हमारे बैटर्स उसे भी पार न कर सके और टीम को 30 रनों से शर्मनाक हार का कड़वा घूंट पीना पड़ा। रविवार (16 नवम्बर 2025) को भारत की अपने ही घरेलू मैदानों पर सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैण्ड व ऑस्ट्रेलिया) के खिलाफ यह लगातार चैथी हार है। एक दौर था जब हम अपने स्पिनिंग ट्रैक पर शेर हुआ करते थे, हर टीम को मुकाबला करने के लिए भी लोहे के चने चबाने पड़ते थे। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। हमारी टीम चार स्थापित स्पिनर्स- रविन्द्र जडेजा, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल व वाशिंगटन सुंदर को लेकर मैदान में उतरती है और अनजान ऑफ-स्पिनर साइमन हारमर की घुमाव व उछाल लेती गेंदों के सामने नतमस्तक हो जाती है। लेकिन टीम के कोच गौतम गंभीर कहते हैं कि 'पिच एकदम वैसी ही थी, जैसा हम चाहते थे और इसमें क्यूरेटर बहुत अधिक मददगार रहा'।

सवाल उठता है जब सब कुछ आपकी मर्जी के मुताबिक हुआ, तो फिर इस शर्मनाक पराजय का दोषी कौन है? गंभीर ने घुमा फिराकर बैटर्स को जिम्मेदार माना है कि उनके पास ऐसे विकेट पर खेलने की तकनीक नहीं थी। लेकिन अगर गौर से देखा जाये तो इसके लिए जिम्मेदार स्वयं गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर हैं, जिनकी वजह से भारतीय क्रिकेट में राजनीति अधिक और खेल कम हो रहा है। टेस्ट मैच स्पेशलिस्ट बैटर्स व स्पेशलिस्ट गेंदबाजों और एक या दो आल-राउंडर्स की बदौलत जीते जाते हैं। लेकिन गंभीर की मानसिकता टी-20 वाली है, जिसमें ऐसे खिलाड़ियों से काम चल जाता है, जो थोड़ा सा बल्ला तेजी से चला लेते हैं व हाथ घुमाकर एक-दो ओवर भी निकाल देते हैं, विशेषकर इसलिए कि बतौर कप्तान व कोच उन्होंने कोलकाता नाईट राइडर्स को दो आईपीएल खिताब जिताने में मदद इसी ट्रिक से की थी। इसी सोच के तहत उन्होंने कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध टीम में मात्र तीन स्पेशलिस्ट बैटर्स- यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल व शुभम गिल (जो चोटिल होने की वजह से मैच में केवल तीन गेंद ही खेल सके) और दो स्पेशलिस्ट गेंदबाज (जसप्रीत बुमराह व मुहम्मद सिराज) को लेकर खेले। शेष या तो बोलिंग आल-राउंडर्स थे या विकेटकीपर आल-राउंडर्स। जाहिर है इन आल-राउंडर्स में कोई भी गैरी सोबर्स, कपिल देव या जैक कालिस के स्तर का नहीं है, जो टेस्ट मानकों पर निरंतरता के साथ खरा उतर सके। इसलिए स्पिन लेती पिचों पर हमारा स्तर गिरता जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर सारा ध्यान आईपीएल पर ही फोकस किया जायेगा तो टेस्ट में स्तर बद से बदतर होता जायेगा। जबकि भारत के पूर्व सलामी बैटर वसीम जाफर का कहना है, 'ऐसा प्रतीत होता है कि हमने न्यूजीलैण्ड से 0-3 से श्रृंखला हारने के बाद कोई सबक नहीं सीखा है। कोलकाता जैसी पिचों पर हमारे स्पिनर्स और विपक्ष के स्पिनर्स के बीच का फासला कम हो जाता है। क्लासिक भारतीय पिचों की ओर लौटने की जरूरत है।'

दरअसल, सोचने की बात यह भी है कि इस समय हमारे पास अंतर्राष्ट्रीय स्तर के तेज गेंदबाज मौजूद हैं, जो किसी भी प्रकार की पिच पर विकेट लेने में सक्षम हैं, तो फिर स्पिनिंग ट्रैक बनाने का मोह किसलिए है? इंग्लैंड में इंग्लैंड के विरुद्ध हम टेस्ट श्रृंखला मुहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा व आकाश दीप की वजह से ही 2-2 से बराबर करा सके। हाल ही में वेस्टइंडीज से 2-0 से जीत में बुमराह व सिराज की ही महत्वपूर्ण भूमिका थी। फिर कोलकाता के इस टेस्ट में भी स्पिनिंग ट्रैक के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के 20 से 10 बैटर्स को बुमराह व सिराज ने मिलकर आउट किया। पिछली चैंपियंस ट्राफी, जिसमें हमारे मैच यूएई के स्पिनिंग ट्रैक पर खेले गये थे, में हमारे सबसे सफल गेंदबाज मुहम्मद शमी रहे थे, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच विकेट भी लिए थे। अगर आपके पास इतने जबरदस्त तेज गेंदबाज मौजूद हैं, तो निम्नस्तरीय स्पिनिंग ट्रैक की बजाय स्पोर्टिंग पिच तैयार करनी चाहिए। इस संदर्भ में भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद का कहना है, 'यह सही है कि हम वाइट-बॉल क्रिकेट में शानदार हैं। लेकिन इस किस्म की बेकार की प्लानिंग के साथ हम खुद को टॉप टेस्ट साइड नहीं कह सकते। बिना किसी स्पष्टता के टीम का चयन किया जाता है और ओवर-टैक्टिकल सोच भी बैकफायर कर रही है'।

दरअसल, हाल के दिनों में जिस प्रकार का भद्दा व्यवहार मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने हमारे स्थापित खिलाड़ियों के साथ किया है, वह निंदनीय है। इससे यह संकेत मिलता है कि राजनीति की वजह से टीम में तनाव है जो प्रदर्शन को भी प्रभावित कर रहा है। ऐसा लगता नहीं कि विराट कोहली व रोहित शर्मा ने टेस्ट से संन्यास अपनी स्वतंत्र मर्जी से लिया था। अब जो खबरें छनकर आ रही हैं, उनसे तो यही प्रतीत होता है कि उन पर ऐसा करने के लिए दबाव बनाया गया था कि खुद चले जाओ वर्ना तुम्हें टीम में चुना नहीं जायेगा। जिस तरह से टी-20 विश्व कप व चैंपियंस ट्राफी जिताने वाले रोहित शर्मा को ऑस्ट्रेलिया के दौरे से पहले ओडीआई टीम की कप्तानी से हटाया गया और जो गंदा खेल मुहम्मद शमी के खिलाफ खेला जा रहा है, उससे इसी धारणा को बल मिलता है। शमी ने 2023 विश्व कप में और फिर चैंपियंस ट्राफी में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लिए जबकि इन प्रतियोगिताओं में वह ही सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज बने। लेकिन इसके बावजूद उन्हें इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के दौरों पर गई टीम में शामिल नहीं किया गया और अब वेस्टइंडीज व दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखलाओं में भी अनदेखा किया गया। शमी ने रणजी ट्राफी में बंगाल के लिए खेलते हुए दो मैचों में 15 विकेट लिए, 60 से अधिक ओवर फेंके और अगरकर कहते हैं कि उन्हें शमी की फिटनेस स्टेटस के बारे में मालूम नहीं है।

अजीब मजाक है, क्या लीजेंड्स के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है? उनकी विदाई तो उनकी मर्जी के अनुसार सम्मानपूर्वक होनी चाहिए, उन्हें बेइज्जत करके अनदेखा करना निंदनीय है, जिसका प्रभाव टीम के प्रदर्श पर भी पड़ता है।

दरअसल, इस समय समस्या व्यवस्था की भी है। हम टेस्ट क्रिकेट की जरूरतों की सेवा केवल लफ्फाजी से कर रहे हैं, जबकि आईपीएल को भारतीय क्रिकेट का ड्राइवर व डायरेक्टर बना रहे हैं। यह सही है कि आईपीएल ने वाइट बॉल क्रिकेट में भारत का स्तर बढ़ाने में मदद की है, पैसा भी आया है, लेकिन टेस्ट क्रिकेट हार रही है। दोनों टी-20 व ओडीआई में भारत की रैंकिंग 1 है, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में हम चौथे पायदान पर हैं, जबकि डब्लूटीसी के पहले दो फाइनल्स में हम थे। हद तो यह है कि जब कोलकाता टेस्ट चल रहा था तो कमेंटेटर्स लंच के दौरान आईपीएल की टीमों पर ही चर्चा कर रहे थे। आईपीएल के पैसे की चकाचौंध ने सबको अंधा कर दिया है। बीसीसीआई को चाहिए कि आल-विकेट क्रिकेटर्स विकसित करने की योजना बनाये। अगर वह ऐसा नहीं करती है तो कोलकाता की शर्मनाक हार पर अफसोस करना फिजूल है।

## सोशल मीडिया

प्रधानमंत्री मोदी कांग्रेस में फूट का दिवास्वप्न देख रहे हैं, इस संबंध में उनकी टिप्पणियां पूरी तरह बकवास है, कांग्रेस पर टिप्पणी से पहले अपना घर ठीक करना चाहिए। अशोक गहलोत.



माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी ने विरासत, विकास और गरीब कल्याण की नयी परंपरा आगे बढ़ाकर वर्तमान पीढ़ी को नयी प्रेरणा और विकसित भारत का विजन दिया। सीएम योगी.



सनातन संस्कृति और राष्ट्रहित के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले प्रखर राष्ट्रवादी बाला साहब ठाकरे जी की पुण्य तिथि पर उन्हें कोटिश: नमन करता हूं। जेपी नड्डा.



# ईश्वर की श्रेष्ठ कृति

## अंतर्दृष्टि

ईश्वर ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति इंसान को कोई बुराई नहीं दी है, लेकिन फिर भी वह अपनी आदतों का शिकार हो जाता है। कई बार हमारी आदतें, हमारी प्रवृत्तियां जिसे हम खराब भाषा में लत भी कह सकते हैं, अगर उनका रचनात्मक उपयोग किया जाये, उनके पीछे भागने के बजाय उनका सदुपयोग कर सृजन में उपयोग किया जाये, तो वह दरअसल हमारी ताकत भी बन जाती हैं। हानिकारक आवेशों से मुक्त रहकर यदि मनोवृत्तियों का उपयोग किया जाये तो वे हानि पहुंचाने की बजाय हितकर ही सिद्ध होंगी। सर्वथा संसार त्यागियों की तो बात छोड़ दीजिए पर अधिकांश मनुष्यों को जो संसार में रहते हैं और जिनको भली बुरी सभी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। सभी मनोवृत्तियों से काम लेना आवश्यक होता है। इसलिए हमारा कर्तव्य यही है कि अपनी मनोवृत्तियों और इन्द्रियों को ऐसी ही सधी हुई अवस्था में रखें। मनुष्य की जो मनोवृत्तियां जन्म से ही दी गयी हैं, वे सब उपयोगी एवं महत्वपूर्ण हैं। यदि उनको ठीक प्रकार से प्रयोग में लाया जाये तो प्रत्येक व्यक्ति अत्यंत सुख-शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकता है। हम देखते हैं कि दुर्भाग्यवश लोग उनका सदुपयोग करना नहीं जानते और उन्हें बुरे मार्ग से खर्च करके अपने लिए तथा दूसरों के लिए दुखों की सृष्टि करते हैं। हम देखते हैं कि कई मनोवृत्तियों की संसार में निन्दा होती है। कहा जाता है कि यह बातें पाप और दुख की जड़ है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि को जी भर कर कोसा जाता है और कहा जाता है कि इन्हीं के कारण संसार में अनर्थ हो रहे हैं। इस प्रकार का कथन किस हद तक सही हैं इसका विचारवान पाठक स्वयं निर्णय कर सकते हैं। यदि काम बुरी वस्तु है, त्याज्य है, पापमूलक है तो उसका उपयोग न तो सत्पुरुषों को ग्राह्य हो सकता था और न बुरी बात का अच्छा परिणाम निकल सकता था। परन्तु इतिहास दूसरी ही बात सिद्ध करता है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश, विवाहित जीवन व्यतीत करते हैं। व्यास, अत्रि, गौतम, वशिष्ठ, विश्वामित्र, याज्ञवल्क्य, भारद्वाज, च्यवन आदि प्रायः सभी प्रधान ऋषि सपत्नीक रहते थे और संतानोत्पादन करते थे। दुनिया में असंख्य पैगम्बर, ऋषि, अवतार महात्मा, तपस्वी, विद्वान, महापुरुष हुए हैं, यह सब किसी न किसी माता पिता के संयोग से ही उत्पन्न हुए थे। यदि काम सेवन बुरी बात है तो उसके द्वारा उत्पन्न हुए बालक भी बुरे ही होने चाहिए। बुरे से अच्छे की सृष्टि कैसे हो सकती है? कालोंच से सफेदी कैसे निकल सकती है? इन बातों पर विचार करने से स्पष्ट हो जाता है कि काम स्वयं कोई बुरी वस्तु नहीं है। परमात्मा ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति मनुष्य में कोई बुरी बात नहीं रखी।

# पिताजी से मिले संस्कार!




## व्यंग्यलोक

पिताजी से मुझे संस्कार मिले थे। उन्होंने मुझे शाखा में भी भेजा तथा स्वयं भी संस्कारों की सीख दी। उसका प्रभाव यह हुआ कि मैं लगभग चरित्रवान-सा बन गया था यानि मुझे मूल्यों से हटाना सरल नहीं था। मैं सिद्धान्तों पर अडिग रहता था। कई बार तो मेरी जिद के सामने बाद में पिताजी को भी दिक्कत होने लगी। उन्हें गुस्सा आता कि उन्होंने मुझे इतना जबरदस्त चरित्रवान क्यों बना दिया। वे कहते कि बेटा, थोड़ा व्यावहारिक बनने की भी आवश्यकता है। अन्यथा तुम्हें जीवन में भूखों मरने की नौबत आ सकती है। मैं कहता कि तो क्या हुआ, मूल्यों की रक्षा के लिए भूखों मर जाना भी श्रेष्ठ मानता हूँ। उन दिनों देश में भ्रष्टाचार का शुभारंभ हो चुका था। और राजनेता भ्रष्टाचार की होड़ लगा रहे थे। पिताजी ने मुझे अपने कमरे में बुलाया और कहा-बेटा! देख रहे हो देश की हालत क्या हो रही है? लोग इसे अपने चारों हाथ-पाँवों से लूट रहे हैं। मुझे एक पल गौर से देखो और अपने जीवन का रास्ता चुन लो। मैंने पिताजी को देखा-फटी धोती, तार-तार कुर्ता, टूटी चप्पलें तथा मोटे फ्रेम के चश्मे में वे भारतीय गरीब का पर्याय थे। मुझे लगा क्या ये इसी विपन्नता में मर जायेंगे। तभी चरित्र ने जोर मारा-जीवन में अपने सद्चरित्र से ही आदमी को अपनी जीविका चलानी चाहिए। जब पिताजी ने इस मूल्य को नहीं त्यागा तो मुझे इस विरासत को आगे बढ़ाना चाहिए। तभी मन का विरोधी बोला-भूखों मर जाओगे। जिन्दगी की रेस में बढ़ना है तो भ्रष्टाचार में लग जाओ। तभी पिताजी बोले-बेटा! तुम्हारे भीतर जो द्वंद्व चल रहा है उसे मैं समझता हूँ, लेकिन प्रैक्टिकल हुए बिना नैया पार नहीं लगेगी। मैं चरित्र की अपनी सारी शिक्षायें विड्रा करता हूँ। हो सके तो इस घर को भुखमरी से निकाल लो। उनकी आँखों में आंसू भरे थे। उनकी चाह को मैं भली प्रकार से समझ सकता था। मैं बोला-यह आप क्या कह रहे हैं पिताजी। चरित्र और सिद्धान्त मेरी रग-रग में समा चुका है। अब इसे आसानी से विड्रा नहीं किया जा सकता। जब पेट ईमानदारी से भर सकता है तो बईमानी की क्या आवश्यकता है? बेटा! अकेले पेट का सवाल नहीं है, अब जरूरतें इतनी बढ़ गयी हैं कि उसके अनुसार तुम नहीं बन पाये तो मुझे दुःख होगा। हालांकि गलती मेरी ही है। लेकिन बेटा पहले का जमाना वही था। नये जमाने को और नये मूल्यों को समझने की आवश्यकता है। मैं नहीं चाहता कि तुम भी मेरी ही तरह घुट-घुट कर मरो। चरित्र समय की आवश्यकता नहीं है। मैं आपका आशय समझ नहीं पा रहा? अभी समझाता हूँ बेटा। देखो चुनाव नजदीक है-मैं चाहता हूँ कि तुम राजनीति में चले जाओ। इसमें तुम जल्दी ही प्रेक्टिकल बन जाओगे। सारे चरित्र पर पानी फिर जायेगा। मेरी आत्मा को शांति मिलेगी तथा तुम अच्छा कमा-खा लोगे। इतना कहकर वे चले गये और मैं ठंडा पड़ गया। काटो तो खून नहीं। निश्चित नहीं कर पा रहा था कि राजनीति में जाऊँ या नहीं।



पूरन सरमा

# दिनोंदिन गंभीर होता जा रहा वैश्विक जल संकट



## सामयिक

**लोकमित्र**

पानी की कमी से दुनियाभर के समुदायों के स्वास्थ्य और विकास को खतरा है, हमें इस बात को गंभीरता से समझना होगा- जो बाइडेन पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति। पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति की यह चिंता जायज है, मगर सवाल है क्या इस चिंता के लिए वे अपने देश को भी जिम्मेदार ठहराएंगे या इसके लिए बरती जाने वाली किफायत के दायरे में अपने देश को भी लाएंगे? ऐसा कभी नहीं होगा। जबकि हकीकत यह है कि दुनिया के मौजूदा जल संकट में सबसे बड़ी भूमिका दुनिया के विकसित और अमीर देशों की है, जिनमें अमरीका सबसे आगे है। इसे एक उदाहरण से समझते हैं। जहां अफ्रीका के करीब 27 देशों में वहां के लोगों को औसतन प्रतिदिन 10 लीटर भी पीने का पानी उपलब्ध नहीं है, वहीं औसतन अमरीकी नागरिक प्रतिदिन 100 गैलन यानी 350 लीटर पानी का इस्तेमाल करता है। यह स्थिति तो तब है, जब पिछले एक दशक में अमरीकियों के पानी के इस्तेमाल में कुछ कमी आयी है वरना 90 के दशक में और इस सदी के शुरूआती दशक में भी औसतन अमरीकी 400 लीटर पानी प्रतिदिन इस्तेमाल करते थे। आज भी एक अमरीकी परिवार हर दिन औसतन 552 गैलन पानी का इस्तेमाल करता है यानी करीब हर दिन 1800 लीटर।

क्या पानी के इतने गैर जिम्मेदारी से इस्तेमाल के बावजूद अमरीकी राष्ट्रपति या वहां के किसी भी नेता को विश्व जल संकट पर इस कदर रस्मी आंसू बहाने की छूट होनी चाहिए? लेकिन आज की दुनिया की हकीकत यही है। दरअसल इंसान इतना चतुर हो गया है कि वह समस्याओं पर दिन-रात लंबे चौड़े खाके तो खींचता है, लेकिन इन परेशानियों को खत्म करने के लिए अपनी निजी भूमिका जरा भी नहीं अदा करता। ये लगभग वैसा ही है जैसे कि हर हिंदुस्तानी यह तो चाहता है कि भगत सिंह जैसे कुर्बानी की भावना से भरे राष्ट्रभक्त युवा हों, लेकिन हम यह नहीं चाहते कि भगत सिंह हमारे घर में पैदा हों। हम चाहते हैं, भगत सिंह पैदा तो हों, लेकिन पड़ोस में। दुनिया की ज्यादातर वैश्विक समस्याओं और उनके लिए खूब हाय-तौबा मचाए जाने का पूरा का पूरा रवैय्या कुछ इसी तरह का है। आज विश्व जल दिवस है (22 मार्च 2024)। पूरी दुनिया में जल संकट पर खूब रस्मी भाषण होंगे, चिंताएं व्यक्त की जाएंगी और सावधानियां सुझाई जाएंगी। लेकिन कोई ऐसा करने वाले दुनिया के बड़े बड़े नेताओं से पूछे कि वे यह सब उपदेश किसके लिए दे रहे हैं, क्या उन्हें या उनके देश को इन सब बातों पर खुद अमल नहीं करना चाहिए? अपने यहां तुलसीदास जी ने सदियों पहले लिख दिया है, 'पर उपदेश, कुशल बहुतेरे...।' दुनिया की किसी भी समस्या को लेकर आज इसी किस्म के पर उपदेश खूब दिए जा रहे हैं, लेकिन स्वयं उन पर अमल करना किसी को पसंद नहीं है। अगर जरा भी चिंता होती तो अमरीका और अफ्रीका में पीने के पानी को लेकर इस तरह का विकराल भेद नहीं होता कि एक अफ्रीकी परिवार को तो एक दिन में 5 गैलन पानी भी उपलब्ध न हो और एक अमरीकी परिवार हर दिन 552 गैलन पानी का इस्तेमाल करे? दरअसल दुनिया के एक नहीं ज्यादातर संकटों की यही कहानी है। एक अमरीकी हर दिन औसतन 8.2 मिनट नहाता है और लगभग 18 गैलन पानी खर्च कर देता है। 2005 में तो नहाने में औसतन अमरीकी 22 गैलन पानी खर्च किया करते थे, जबकि अमरीकियों की तुलना में दुनिया के दूसरे अमीर और विकसित देश, जो यह मानकर चलते हैं कि धरती के ज्यादातर संसाधनों का मनमानी से इस्तेमाल करना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है, ऐसे पश्चिमी देश भी अमरीका की मनमानी के सामने शरमा जाते हैं। क्योंकि जहां एक अमरीकी हर दिन करीब 100 गैलन पानी का इस्तेमाल करता है, वहीं एक अंग्रेज बेचारा हर दिन महज 150 लीटर पानी से ही संतोष कर लेता है और एक जर्मन हर दिन 126 लीटर पानी कम से कम इस्तेमाल करता है। जबकि इन दिनों भारत के महानगरों में हर व्यक्ति के लिए औसतन प्रतिदिन महज 10 लीटर पीने का पानी उपलब्ध है और बंग्लुरु तथा चेन्नई जैसे जल संकट से घिरे महानगरों में आम लोगों को हर दिन पानी के संकट का सामना करना पड़ता है। यह अकारण नहीं है कि इन दिनों बंग्लुरु के प्रशासन ने छोटे बच्चों के ही नहीं, बड़े शिक्षण संस्थानों को भी पानी के संकट के कारण कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया है और कई बड़ी कंपनियां जल संकट से घिरे होने के कारण अपने कर्मचारियों से वर्क फ्राम होम करने के लिए कह रहे हैं।

## आपकी बात

### शिक्षा को प्रोत्साहन

उत्तर प्रदेश सरकार की टेबलेट नीति शिक्षा के लिए जरूरी है लेकिन सभी छात्रों को टेबलेट देना चाहिए। पटरी से उतर चुकी शिक्षा व्यवस्था को दुरस्त करने में सरकार के द्वारा छात्रों को दिया गया स्मार्टफोन, टेबलेट बहुत ही मददगार साबित होगा। लेकिन यह सुविधा सभी छात्रों को मिलनी चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ छात्रों को मिलेगा लेकिन अधिकांश छात्र इससे वंचित रहेंगे। ऐसे में स्कूल बंद होने पर उनकी शिक्षा का क्या होगा इस दिशा में गंभीरता से सोचने की जरूरत हैं। इसी तरह प्रदेश सरकार ने गरीब वर्ग के छात्रों की मदद के लिए कोचिंग योजना की जो शुरूआत की है उसकी सराहना होनी चाहिए। इससे गरीब वर्ग के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने में मदद मिलेगी। वैसे प्रदेश सरकार शिक्षा की दशा और दिशा को सुधारने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार लगातार एक के बाद एक अभिनव पहल कर रही है। प्राथमिक विद्यालयों में अंग्रेजी पढ़ाने, छात्रों की छात्रवृत्ति बढ़ाने, उच्च शिक्षा से लेकर माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षा तक, करीब डेढ़ लाख शिक्षकों की नियुक्ति करने, प्रशासनिक, मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं सैन्य सेवाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराने के बाद अब एक और बेहतरीन फैसला किया है जिससे एक साथ अनेक समस्याओं का समाधान हो जायेगा। दरअसल प्रदेश सरकार प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को साल में दो यूनिफार्म सेट के साथ ही सर्दी में स्वेटर, जूता, मोजा भी उपलब्ध कराती है। इन सभी मदों में सरकार ने रकम निर्धारित कर दी है, लेकिन जब स्कूल खुलते हैं तो प्रायः सत्र शुरू पर बच्चों को यूनिफॉर्म नहीं मिल पाते हैं। दो-तीन महीने बाद जब यूनिफार्म आता है तब तक बच्चों को पुराने से ही काम चलाना पड़ता है। बड़ी संख्या में छात्र बिना यूनिफार्म के ही चले जाते हैं। इसी तरह सरकार स्वेटर देती है लेकिन सर्दी शुरू होने पर नहीं मिल पाता, जब तक टेंडर करती है, सप्लायर तय करती है तब सर्दी बीत जाता है और जब बच्चों को स्वेटर मिलता है तब तक गर्मी शुरू हो जाती है। यह देरी दरअसल सरकारी खरीद प्रक्रिया के कारण है जिसमें टेंडर लगाने, अधिकारियों का कमीशन फिक्स होने आदि में समय लगता है और जब अधिकारी सब कुछ तयतोड़ कर लेते हैं तब जाकर टेंडर पास होता है। इससे एक तो भ्रष्टाचार पनपता है और दूसरे छात्रों को समय पर यूनिफार्म नहीं मिलता है। कई बार घटिया कपड़ों से बना यूनिफॉर्म मिल जाता है। इस व्यवस्था से छुटकारा पाने के लिए प्रदेश सरकार ने यूनिफॉर्म का पैसा छात्रों को नकद देने का फैसला किया है। यह एक ऐसी पहल है जिससे भ्रष्टाचार भी कम होगा।

**रघुवीर यादव, लखनऊ.**

### बढ़ता अवैध निर्माण

राजधानी लखनऊ के सबसे बड़े लॉजिस्टिक और आपूर्ति केन्द्र ट्रॉसपोर्ट नगर में एक बिल्डिंग ढहने से कई लोगों की मौत हो गयी। इस दुर्घटना के बाद तरह-तरह की खबरें सामने आ रही हैं। इस क्षेत्र में अन्य बिल्डिंगों की जांच और सर्वे किया जा रहा है, स्वीकृत मैप के विपरीत बिल्डिंग बनवाने की बात सामने आ रही है। अब यहां पर सवाल यह है कि अगर नक्शे के विपरीत यह बिल्डिंग बनी थी, तो जब बन रही थी या बनने के बाद इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की गयी। अगर निर्माण के समय ही कारवाई की जाती, तो जिन आठ लोगों को इसमें जान गंवानी पड़ी उनको बचाया जा सकता था। लेकिन यह कोई पहली बार नहीं है। जब स्कूल वाहनों से दुर्घटना होती है तो तमाम स्कूली वैनों पर आफत आ जाती है, अचानक उनकी जांच शुरू हो जाती है, जब कोई बड़ी अग्नि दुर्घटना हो जाती है तो अचानक फायर एनओसी आदि की जांच शुरू हो जाती है। सवाल है यह सब सुरक्षा से जुड़ी कार्रवाई को नियमित रूप से क्यों नहीं की जाती है। क्यों नहीं बड़ी इमारतों की नियमित स्ट्रक्चरल जांच होती है, नक्शे के विपरीत और अवैध निर्माण कैसे हो जाते हैं। कहीं न कहीं इन सब गतिविधियों में जिम्मेदार विभागों के लोग भी मिले होते हैं।

**अशोक कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## बाइक डिवाइडर से टकराई, दो दोस्तों की मौत

मथुरा। फरह के फ्लाईओवर पर सोमवार दोपहर लगभग दो बजे एक तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई।इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम गृह भेजे गए है। पारस पुत्र स्वर्गीय हरप्रसाद अपने साथी बिट्टू पुत्र जयवीर और नागेश उर्फ दीपक पुत्र नत्थीलाल के साथ बाइक पर सवार थे। जब वे फ्लाईओवर पर होंडा एजेंसी के पास पहुंचे, तो तेज रफ्तार के कारण उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीन युवकों में से बिट्टू और नागेश ऊर्फ दीपक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, पारस गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही फरह पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची।पुलिस टीम ने घायल पारस को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। इसके साथ ही, मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

# राम मंदिर ध्वजारोहण समारोह को लेकर सीएम योगी आज करेंगे उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

जिला संवाददाता

- मुख्यमंत्री ध्वजारोहण समारोह की तैयारियों का स्वयं करेंगे निरीक्षण
- राम मंदिर तक गोल्फ कार्ट से पहुंचाए जाएंगे अतिथि, पार्किंग पर ही जिला प्रशासन लगाएगा गोल्फ कार्ट
- मंदिर परिसर में ही बनेंगे दो खोया पाया कैंप, योगी सरकार अतिथि देवो भवः की तर्ज पर करेगी स्वागत

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह के शिखर पर ध्वजारोहण का भव्य कार्यक्रम 25 नवम्बर को आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने की पूरी संभावना है। कार्यक्रम की तैयारियों को परखने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं मंगलवार को अयोध्या पहुंचकर राम मंदिर परिसर का दौरा करेंगे और उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। वहीं पीएम के कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण भी करेंगे। शिखर पर ध्वज फहराने के बाद मंदिर का मुख्य निर्माण कार्य पूर्ण रूप से समाप्त हो जाएगा। इसके बाद मंदिर आम भक्तों के लिए पूरी तरह खोल दिया जाएगा। अभी तक केवल गर्भगृह और प्रथम तल तक ही भक्तों को प्रवेश मिलता है, लेकिन शिखर कलश और ध्वजारोहण के बाद पूरे मंदिर परिसर में दर्शन की व्यवस्था शुरू हो जाएगी।

कार्यक्रम में देश-विदेश से आने वाले संत-महंत, वीवीआईपी और विशेष अतिथियों की संख्या हजारों में होने का अनुमान है। इन सभी को सुगमता से मंदिर तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष योजना तैयार की है। पार्किंग स्थलों से राम मंदिर तक मेहमानों को गोल्फ कार्ट की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए सभी प्रमुख पार्किंग क्षेत्रों पर ही गोल्फ कार्ट तैनात



रहेंगें।इससे पैदल चलने की परेशानी से मेहमानों को निजात मिलेगी और यातायात व्यवस्था भी सुचारू रहेगी। भीड़ प्रबंधन को देखते हुए मंदिर परिसर में ही दो बड़े खोया-पाया कैंप स्थापित किए जाएंगे।इन कैंपों में खोए हुए लोगों को तुरंत खोजने और उनके परिजनों से मिलाने की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा योगी सरकार ह्यअतिथि देवो भवःह्ण की भावना के साथ मेहमानों का भव्य स्वागत-सत्कार करेगी। सभी अतिथियों के लिए ठहरने, भोजन और परिवहन की उच्चस्तरीय व्यवस्था की जा रही है ।जिलाधिकारी निखिल टीकाराम ने बताया कि 25 नवम्बर के कार्यक्रम को देखते हुए अयोध्या में मल्टी लेयर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। हजारों पुलिसकर्मी, पीएसी, सीआरपीएफ और खुफिया एजेंसियों की टीमें तैनात रहेंगी।

ड्रोन और सीसीटीवी से पूरे शहर की निगरानी की जाएगी। राम मंदिर ट्रस्ट के एक सदस्य ने बताया कि शिखर पर ध्वज फहराने के बाद मंदिर का स्वरूप पूर्ण रूप से दिव्य हो जाएगा। नौ शिखरों वाले इस भव्य मंदिर में मुख्य शिखर पर भगवा ध्वज लहराता देख करोड़ों रामभक्तों की आंखें तर हो जाएंगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यह कार्यक्रम विश्व पटल पर भारत की आस्था और संस्कृति का प्रतीक बने। मंगलवार को समीक्षा बैठक में वे स्वयं हर व्यवस्था को परखेंगे व पीएम के कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण करेंगे। ताकि 25 नवम्बर का कार्यक्रम ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बन सके।

## सांड के हमले से भाकियू तहसील अध्यक्ष संतोष वर्मा घायल

तारुन-अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष बीकापुर ग्राम तारापुर निवासी संतोष वर्मा एडवोकेट सांड के हमले से घायल हो गए और दाहिना पैर टूट गया। उक्त जानकारी देते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा एडवोकेट ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन तहसील अध्यक्ष बीकापुर संतोष वर्मा अपनी खेत की रखवाली कर रहे थे कि सांडों का एक झुंड ने फसल पर आक्रमण किया जिसको बचाने के लिए संतोष वर्मा सांडों को हांकने लगे इतने में एक मारू सांड ने संतोष वर्मा पर हमला कर दिया और बुरी तरह से घायल कर दिया सांड के हमले से संतोष वर्मा का दाहिना पैर टूट गया।

घनश्याम वर्मा ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि प्रशासन सांडों को पकड़ने की फर्जी कार्यवाही/ खाना पूर्ति करता है सांडों का आतंक कायम है। छुट्टा जानवरों से फसलें बर्बाद हो रही हैं तथा दुर्घटनाएं बढ रही हैं जिस पर रोक लगाया जाना आवश्यक है।

## दिव्योत्सव अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का शुभारंभ



बाराबंकी। मुंशी रघुनन्दन पटेल महाविद्यालय प्रांगण में दिव्योत्सव अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राजकुमार भैया, प्रियांशु, गजेन्द्र एंव विशिष्ट अतिथि कवि अम्बरीश अम्बर, वेद प्रकाश, कवि मनोज मिश्रा शीत, कवि जगन्नाथ निर्दोष, कवि विष्णुकांत मिश्रा, कवि अनिल कुमार, वास्तव लल्लू, कवि प्रदीप महाजन, कवि सुनील झंझटी, कवि अमित श्रीवास्तव, कवि संजय सवारा, कवियत्री बिभा त्रिपाठी, कवियत्री स्वाति गोयल, कवि विजय तन्हा ने किया। संचालन कवि संजय शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। सम्मेलन मे मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियो का संयोजिका कवियत्री सुधा सिंह ने बूके देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि कवि गजेन्द्र प्रियांशु समेत लगभग 70 कवियो ने हास्य, व्यंग्य, वीर रस और श्रृंगार रस के माध्यम से अपने विचार रखे।

## पूर्व सांसद ने वक्फ सम्पति पंजीकरण सेंटर का लिया जायजा



बाराबंकी। पंजीकृत वक्फ संस्थाऐं कई बार केन्द्र व राज्य सरकारों की विभिन्न कल्यांणकारी योजनाओं और वित्तीय सहायता के लिये पात्र हो जाती है। जिससे सामाजिक कार्यों के दायरों में बढ़ावा आ जाता है। पंजीकृत वक्फ से सम्बन्धी किसी भी विवाद का निपटारा वक्फ अधिनियम के तहत स्थापित न्यायाधीकरण द्वारा किया जाता है। सरकार द्वारा दिये गये समय के अन्दर लोगों को जानकारी, जागरूक करें एंव समय रहते हुये वक्फ सम्पतियों का पंजीकरण करवा लें। पंजीकरण के माध्यम से सम्पत्ति से सम्बन्धित कानूनी सुरक्षा और बेहतर प्रबन्ध प्रदान करती है। उक्त उद्गार वक्फ सम्पतियों के पंजीकरण हेतु संचालित सेंटर का निरीक्षण करते हुये मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डा0 पी0एल0पुनिया ने व्यक्त किये। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन, समाजसेवी उमेर किदवाई, के0सी0 श्रीवास्तव, जियाउर्ररहमान खान, तरून चावला, जसवन्त यादव, राम हरख, अजीत वर्मा, रमेश कश्यप आदि मौजूद रहे।

# निजी वाहनों का टैक्सी के रूप में प्रयोग करने वालों पर सख्ती

- आरटीओ परिवहन ने सात वाहन को को किया सीज

अयोध्या। अपर मुख्य सचिव, परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा राज्य में 1 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाए जाने के लक्ष्य हेतु वाणिज्यिक (कमर्शियल) वाहन रजिस्ट्रेशन बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष चेकिंग अभियान संचालित किए जाने के निर्देश पर सोमवार को प्रदेश के सभी एयरपोर्ट पर देखा गया है कि अधिकांश यात्रियों का आगमन प्राइवेट वाहनों से होता है, जो निजी वाहन के रूप में पंजीकृत होते हुए भी कमर्शियल उपयोग में लाए जा रहे हैं। कमर्शियल वाहनों के रजिस्ट्रेशन में वृद्धि हेतु सभी एयरपोर्ट पर 17 नवंबर से 21 नवंबर तक प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक चक्रीय क्रम में परिवहन अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर अभियान संचालित किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसी क्रम में सोमवार को महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, अयोध्या पर ऐसे वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया, जो प्राइवेट रूप में पंजीकृत थे, किंतु वाणिज्यिक/व्यावसायिक उपयोग में लाए जा रहे थे। अभियान में अपराह्न 2:00 बजे तक ऐसे 7 वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम, 1988 तथा उत्तर प्रदेश कराधान अधिनियम, 1997 की सुसंगत धाराओं में बंद (सीज) किए जाने की कार्रवाई की गई। यात्रियों को किसी भी प्रकार की



असुविधा न हो, इसके लिए चेकिंग केवल उन वाहनों की की गई जो एयरपोर्ट से बाहर निकल रही थीं। विशेष परिस्थितियों में ऐसे वाहनों में बैठे यात्रियों को अन्य वाहनों से उनके गंतव्य तक भेजा गया। अयोध्या विश्वजीत सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश प्रताप सिंह, यात्री कर अधिकारी राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी सम्मिलित रहे। यह अभियान 21 नवंबर 2025 तक लगातार जारी रहेगा। परिवहन विभाग ऐसे वाहन स्वामियों से अनुरोध किया है कि जो प्राइवेट वाहनों का उपयोग व्यावसायिक कार्य में कर रहे हैं, वे यथाशीघ्र अपने वाहन का कन्वर्जन (परिवर्तन) व्यावसायिक वाहन के रूप में कराना सुनिश्चित करें।

# कार्यकर्ता जनता के बीच रहकर निरंतर संवाद कायम रखें: वेद प्रकाश गुप्ता

जिला संवाददाता

अयोध्या। विधानसभा अयोध्या द्वारा निकाली गई राष्ट्रीय एकता यात्रा के उपरांत स्थानीय क्षेत्रवासियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने विधायक वेद प्रकाश गुप्ता से भेंट की। मुलाकात के दौरान विधायक ने बूथवार यात्रा में सहभागिता, आयोजन व्यवस्था तथा जनसमर्थन की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सफल और ऐतिहासिक आयोजन के लिए क्षेत्रीय नेताओं, कार्यकताओं एवं जनता को धन्यवाद देते हुए उनकी सराहना की।



विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि जनसहयोग और समर्पण की भावना से निकली इस यात्रा ने लोगों में राष्ट्रवाद, एकता और सामाजिक समरसता के भाव को और अधिक प्रबल किया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्रामसभा और वार्ड से लोगों ने यात्रा में उत्साहपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की, जिससे यह आयोजन यादगार बन गया।

उन्होंने पार्टी कार्यकताओं को निर्देश दिया कि वे इसी प्रकार नियमित रूप से जनता के बीच रहकर संवाद, संपर्क और संगठन सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते रहें। विधायक ने कहा कि आने वाले समय में पार्टी के सभी कार्यक्रमों में कार्यकताओं की सक्रिय और जिम्मेदार उपस्थिति आवश्यक एवं अपेक्षित है। मौके पर गन्ना समिति के उपसभापति सियाराम वर्मा, मंडल अध्यक्ष कपिल देव वर्मा, रिंकू सिंह, अनूप वर्मा, अजीत वर्मा, संग्राम पटेल, रमेश वर्मा, पंकज वर्मा, लाल बहादुर वर्मा, अशोक कुमार वर्मा, सभाजीत वर्मा, लल्लन प्रसाद वर्मा, भरत गुप्ता, अरविन्द गुप्ता, दिनेश मिश्र सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

## सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी का डीएम ने किया उद्घाटन



बाराबंकी। महादेवा महोत्सव कार्यक्रम स्थल पर स्थापित सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की विशेष प्रदर्शनी का जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने प्रदर्शनी में शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं, जनपद की उपलब्धियों, पर्यटन धरोहरों, ओडीओपी उत्पादों, महिला समूहों के कार्यों और विकास यात्रा से संबंधित समृद्ध विजुअल सामग्री प्रस्तुति का अवलोकन करते हुये कहा कि यह प्रदर्शनी उपलब्धियों और शासन की विभिन्न योजनाओं को आमजन तक सरल व रोचक ढंग से पहुंचाने का उत्कृष्ट प्रयास है। श्रद्धालुओं के लिए यह प्रदर्शनी पूरे महोत्सव अवधि में खुली रहेगी और स्थानीय प्रतिभा, परंपरा व प्रशासनिक उपलब्धियों को एक ही स्थान पर देखने का अवसर प्रदान करेगी।

# धूप, दीप की सुगंध, शंख, घंटों की गूंज से आरम्भ हुआ महादेवा महोत्सव

- दीप प्रज्वलित कर महोत्सवी कार्यक्रमों की हुई औपचारिक शुरुआत
- डीएम ने की लोधेश्वर धाम में पारंपरिक विधि से पूजा

बाराबंकी। तहसील रामनगर स्थित प्राचीन लोधेश्वर महादेवा धाम में धूप, दीप की सुगंध, शंख, घंटों की गूंज और भक्ति से भरे वातावरण के बीच सात दिवसीय महादेवा महोत्सव 2025 का शुभारंभ हुआ। महोत्सव मे संस्कृत पाठशाला के बच्चों ने पुष्पों से अभिनंदन कर शुभ वातावरण एंव प्रवेश द्वार पर दीप समर्पित किया गया।



वैदिक ऋचाओं की मधुर लय में गर्भगृह मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी को आचार्यों ने दुग्ध, पुष्प, अक्षत और गंगाजल से पारंपरिक विधि से पूजा संपन्न कराई।

पूजा समापन पर जिलाधिकारी ने सांस्कृतिक मंच पर दीप प्रज्वलित कर महोत्सवी कार्यक्रमों की औपचारिक शुरूआत की। बहार सुगम संगीत प्रभाग के निदेशक प्रभात नारायण दीक्षित की रचना ह्यहे लंबोदर, जिसके बाद श्री दीक्षित और उनके छात्र-छात्राओं ने रंग गयो मन मेरा भोला के रंग में शिव स्तुति की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिरस से भर दिया।

शिवराजे फ्यूजन बैंड के कार्तिकेय कैलाश दीक्षित के निर्देशन में अभिजीत, प्रत्युष, वंशिका और अदिति ने लोकप्रिय गीतों का आकर्षक मैशअप पेश किया। कार्यक्रम का समापन प्रशांत बाल विद्या मंदिर की छात्राओं की मनोहारी सरस्वती वंदना के साथ किया। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को महोत्सव में सहभागी बनने का आमंत्रण देते हुए कहा कि महादेवा की यह धरती संस्कृति, श्रद्धा और सौहार्द की अनूठी मिसाल है। महोत्सव में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, एसडीएम गुंजिता अग्रवाल, सीओ गरिमा पंत, प्रशिक्षु आईएएस तेजस के, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजकुमार सिंह, एएसपी विकास चन्द्र त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# साकेतपुरी कॉलोनी से हटेगा अतिक्रमण, नालियों पर लगेगी स्लैब

जिला संवाददाता

- प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर महापौर ने नगर आयुक्त संग किया निरीक्षण



अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 25 नवंबर के प्रस्तावित आगमन के मद्देनजर महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार के साथ साकेतपुरी कॉलोनी से लेकर श्रीरामजन्मभूमि तक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कॉलोनी के मुख्य मार्ग से अतिक्रमण तत्काल हटवाने तथा खुली नालियों पर स्लेब लगवाने एवं नालियों की सफाई कराने का निर्देश दिया।महापौर ने नगर निगम की टीम के साथ सफाई, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान खामियों को चिन्हित कर दूर करने का निर्देश दिया। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि साकेतपुरी कालोनी स्थित साकेत निलयम के सामने खुली नली पर स्लैब लगाने का निर्देश महापौर ने दिया। इसके अलावा साकेत निलयम कार्यालय से आगे खुली नाली की सफाई कराने एवं नाली पर पटिया लगाने, कालोनी एवं अन्य मार्गों पर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने का निर्देश प्रवर्तन दल को दिया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान सामने आया कि साकेतपुरी कालोनी में एवं देवकली मार्ग पर लगी अवैध होर्डिंग लगी है, जिसे तत्काल अभियान चलाकर हटाया जाएगा। साकेत निलयम कार्यालय एवं अन्य मार्गों पर कंस्ट्रक्शन मलबा पड़ा हुआ है, जिसे तत्काल अभियान चलाते हुए हटाए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त निर्देशित किया गया कि जहां जहां कंस्ट्रक्शन कार्य चल रहा है वहां संबंधित से वार्ता कर कंस्ट्रक्शन स्थल पर्दा लगवाया जाय, जिससे कंस्ट्रक्शन मलबा एवं डस्ट मार्गों पर न फैले।

## सड़क हादसे में महिला की मौत

मथुरा। फरह थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर मौत हो गई। टाउनशिप गिर्राज वाटिका निवासी गुड़िया पत्नी बालमुकुंद सड़क पार कर रही थीं, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि महिला सड़क पार कर रही थीं, तभी तेज रफ्तार ट्रक चालक ने नियंत्रण खो दिया और उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन को सड़क किनारे छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर फरह थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटनास्थल से ट्रक को जब्त कर थाने भिजवा दिया गया है। अधिकारियों ने मृतका के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है। थाना प्रभारी त्रिलोकी सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ट्रक चालक की तलाश कर रही है और उसे जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों के कारण बढ़ते हादसों पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने यातायात नियंत्रण के लिए पुलिस द्वारा कड़े कदम उठाने की मांग की है।

## पार्सल डिलीवरी के नाम पर फ्रॉड करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार



फिरोजाबाद। थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा डिलीवरी कम्पनियों के एजेन्ट बन कर पार्सल डिलीवरी के नाम पर फ्रॉड करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में साइबर क्राइम एवं ठगी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा भारत सरकार द्वारा संचालित समन्वय प्रतिबिम्ब पोर्टल से प्राप्त शिकायतों की जांच के क्रम में थाना साइबर अपराध पर दर्ज मुकदमे में प्रकाश में आये अभियुक्त अंकित पुत्र देशराज सिंह,निवासी ग्राम नगला धीर थाना एका जनपद फिरोजाबाद व भीम पुत्र उपेन्द्र उर्फ श्यामो निवासी कमालुद्दीनपुर थाना राजेपुर जनपद फरुर्खाबाद हाल निवासी आजाद नगर,ग्राम खोडा जनपद गाजियाबाद को गिरफ्तार कर अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल बरामद किये गये है ।गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगणों को न्यायालय के समक्ष पेश पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

साइबर पुलिस ने बताया कि वो लोग जस्ट डायल वेबसाइट पर फर्जी फर्म बना कर डिलीवरी कम्पनियों से ग्राहकों का डेटा प्राप्त करते हैं और उसके बाद कम्पनियों के एजेन्ट बन कर ग्राहकों को कॉल करते हैं और उनसे पार्सल का रुपया विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवा लेते है और ग्राहकों का मोबाइल नम्बर ब्लॉक कर देते है। ये अब तक करीब 1500 लोगों से ठगी कर चुके हैं।

# पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत के नेतृत्व में निकाली गयी कैण्डल मार्च

- वीरांगना ऊदा देवी पासी की वीरगाथा का किया विस्तार से बखान

बाराबंकी। उत्तर प्रदेशीय पासी जागृत मंडल एवं पारख महासंघ के संयुक्त तत्वाधान में अमर शहीद नारी शक्ति एवं 1857 के गदर की महानायिका वीरांगना ऊदा देवी पासी के शहीदी दिवस पर जेब्रा पार्क स्थित वीरांगना के चित्र पर माल्यार्पण कर अम्बेडकर पार्क नाका सतरिख तक पारख महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व भाजपा पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत के नेतृत्व मे पदाधिकारियो ने कैड़िल मार्च निकाला। पूर्व सांसद श्री रावत ने कहा कि वीरांगना उदा देवी पासी एक महान क्रांतिकारी थी। जिन्होंने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के लखनऊ में पासी परिवार में हुआ था। उनके पति मक्का पासी अवध के नवाब वाजिद अली शाह की सेना में सैनिक टुकड़ी की कमान सभालते थे। वीरांगना उदा देवी पासी ने लखनऊ के सिकंदर बाग में अंग्रेजो पर आक्रमण करके 36 ब्रिटिश सैनिको को मार गिराया था। ऐसी नारी शक्ति को मेरा शत-शत नमन है। कैड़िल मार्च मे उत्तर प्रदेश पासी जागृत मंडल प्रदेश संगठन मंत्री अमरेश कुमार रावत, निजी सचिव दिनेश चंद्र रावत, आशुतोष नीरज वर्मा, अतुल रावत, संजय राम अवतार, रमेश चैधरी, रमेश वर्मा आदि मौजूद रहे।




# डीएम ने चीनी मिल नानपारा के गन्ना पेराई सत्र का किया शुभारंभ

जिला संवाददाता

बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रोचार के बीच श्रावस्ती किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. नानपारा के 42वें गन्ना पेराई सत्र 2025-26 का शुभारम्भ किया। पेराई सत्र के शुभारम्भ अवसर पर जिलाधिकारी ने मिल के अधिकारियों और कर्मचारियों की इस बात के लिए सराहना की कि उन्होंने मिल का पेराई सत्र शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि आपके इस कार्य से निःसन्देह किसानों को फायदा होगा। जिलाधिकारी ने मिल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से किसान हित में कार्य करते रहने की अपेक्षा की।



जिलाधिकारी ने मिल अधिकारियों और कर्मचारियों का आहवान्ह किया कि पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि किसी भी गन्ना तौल केन्द्र पर किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। डीएम ने तौल केन्द्रों पर किसानों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था तथा उसके आस-पास के मार्गो की आवश्यकतानुसार मरम्मत कराये जाने के निर्देश भी मिल अधिकारियों को दिये। इससे पूर्व पेराई सत्र के शुभारम्भ अवसर पर मिल में हवन पूजा, बैल पूजन, कॉटा पूजन इत्यादि कार्यक्रम परम्परागत से सम्पन्न हुए। जिलाधिकारी ने मिल गेट पर ट्रैक्टर से गन्ना लेकर आए खुदादादभारी के रामसुख व बैल गाड़ी से गन्ना लेकर आए गुलालपुरवा के किसान मोतीलाल को अंगवस्त्र व उपहार देकर सम्मानित करते हुए बैलों को गुड़ खिलाया। तदोपरान्त डीएम ने अन्य अतिथियों, जीएम महेश कुमार कैथल व एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी, सीओ प्रद्युम्न सिंह व अन्य के साथ फीता काटा औ? कांटे पर नारियल फोड़ने के बाद पहली गन्ना तौल की शुरूआत की। जिसमे बैल गाड़ी का वजन 27.50 कुंतल व ट्रैक्टर ट्राली का वजन 99.400 कुंतल रहा। इसके पश्चात डीएम ने विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड, अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजन, अधिकारियों एवं गन्ना कृषकों के साथ ढोला में गन्ना डालकर पेराई सत्र 2025-26 का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ल, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक नानपारा मनोज उपाध्याय, मुख्य अभियन्ता वीरेन्द्र कुमार, मुख्य रसायनविद् गजेन्द्र सिंह, मुख्य लेखाकार गीतेन्द्र कुमार, मुख्य गन्ना अधिकारी गौरव द्विवेदी, चीनी मिल उपाध्यक्ष, समस्त संचालक, समस्त डेलीगेट्स, समस्त अंशधारक (कृषक) एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## उसराहा गांव में होगा श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ

तिलोई अमेठी विकासखंड क्षेत्र के उसराहा गांव में इस वर्ष भव्य धार्मिक आयोजन की तैयारियाँ जोरों पर हैं। गांव में श्रीमद्भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ एवं ब्रह्मभोज का शुभारंभ 20 नवम्बर 2025, गुरुवार को कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएँ, ग्रामीण और श्रद्धालु शामिल होंगे।आयोजक राज नारायण तिवारी श्रीमति विद्यावती तिवारी, (पूर्व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी) ने बताया कि यह आयोजन गांव में आध्यात्मिक माहौल और सामाजिक एकता को बढ़ाने वाला होगा। मुख्य कथा 21 नवम्बर से 27 नवम्बर 2025 तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित की जाएगी। कथा वाचन सुप्रसिद्ध कथावाचक डॉ. श्री शैलेन्द्राचार्य जी महाराज कलिका धाम, पीठाधीश्वर, अयोध्या करेंगे, जिनकी कथाओं को सुनने के लिए क्षेत्र के कई गांवों में उत्साह है। कथा समापन दिवस 28 नवम्बर 2025, शुक्रवार को हवन, पूर्णाहुति और भव्य ब्रह्मभोज का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में अखिलेश कुमार तिवारी एडवोकेट, अमरेश कुमार तिवारी एडवोकेट उपाध्यक्ष सेंटर बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट रायबरेली तथा अनुपम कुमार तिवारी सहित तिवारी परिवार के सभी सदस्य एवं मित्रगण सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों बाद इतना बड़ा धार्मिक कार्यक्रम गांव में आयोजित हो रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह और भक्ति का वातावरण बन गया है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा का पुण्य लाभ प्राप्त करें।

## सब जूनियर बालक हैंडबाल प्रतियोगिता 21 से

अमेठी। जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी मो0 मोसर्रफ खाँ ने बताया कि वर्ष 25-26 में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय सबजूनियर बालक हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन 21 नवम्बर से 24 नवम्बर तक जनपद के डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 21 नवम्बर 2025 को अपरान्ह 03:30 बजे जिलाधिकारी संजय चौहान, मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अनिल कुमार चतुर्वेदी, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अयोध्या अनिमेष सक्सेना एवं उ0प्र0 हैण्डबाल संघ लखनऊ के महासचिव डॉ0 आनन्देश्वर पाण्डेय के द्वारा किया जायेगा तथा पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह 24 नवम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे भारतीय जनता पाटी के जिलाध्यक्ष सुधांशू शुक्ला एवं उ0प्र0 हैण्डबाल संघ लखनऊ के कार्यकारिणी महासचिव अमित पाण्डेय के द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में उ0प्र0 के 18 मण्डलों एवं अमेठी छात्रावास सहित कुल 19 टीम प्रतिभाग करेंगी तथा प्रतियोगिता में लगभग 250 खिलाड़ी ,टीम मैनेजर उपस्थित रहेंगे तथा साथ ही प्रतियोगिता को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु उ0प्र0 हैण्डबाल संघ से नामित 12 निर्णायक तथा 50 वालेन्टियर्स एवं क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अयोध्या/आहरण वितरण अधिकारी अमेठी तथा आयोजक जिला खेल कार्यालय अमेठी के अधिकारी कर्मचारियों के निर्देशन में आयोजित किया जायेगा।

# फौजी की पत्नी से बीओबी कर्मियों ने की 16 लाख की ठगी

## मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद हरकत में आई पुलिस

**रायबरेली।** केरल में तैनात भारतीय सेना के जवान पूनम चंद्र सिंह की पत्नी के साथ शहर कोतवाली क्षेत्र के राना नगर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा के कर्मचारियों व अधिकारियों ने कथित तौर पर करीब 16 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। कई बार अधिकारियों के चक्कर लगाने के बाद कार्यवाही न होने पर पीडित ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलने के बाद जागा विभाग ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई शुरू की है। पीड़ित फौजी ने मुख्यमंत्री से मिलने के बाद सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर बैंक कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई। वर्तमान में केरल में ड्यूटी पर तैनात फौजी पूनम चंद्र सिंह, जो मिल एरिया थाना क्षेत्र के ओम नगर के रहने वाले हैं ने बताया कि उनकी पत्नी को लोन दिलाने के नाम पर बैंक कर्मचारियों ने उनके मकान और प्रॉपर्टी के मूल कागजात ले लिए थे। बाद में बैंककर्मियों ने इन कागजातों का दुरुपयोग कर फर्जी तरीके से लोन पास करा लिया और रकम को हड़प लिया। फौजी का आरोप है कि बिना उनकी या उनकी पत्नी की जानकारी के बैंक ने फर्जी



दस्तावेजों के आधार पर लोन स्वीकृत किया और पूरी राशि अपने खातों में ट्रांसफर कर ली।

पीड़ित जवान ने बताया कि पिछले एक महीने से वह इस मामले की शिकायत लेकर पुलिस थानों और वरिष्ठ अधिकारियों के पास चक्कर लगा रहा था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आखिरकार सोमवार को उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय से संपर्क कर शिकायत की, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित बैंक शाखा के अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक विश्वासघात की धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जल्द ही बैंक कर्मियों से पूछताछ की जाएगी और आवश्यक दस्तावेज जब्त किए जाएंगे। इस घटना से एक बार फिर बैंकिंग सिस्टम में फजीवाड़े और आम लोगों विशेषकर सेना के जवानों के साथ धोखाधड़ी के मामले सामने आए हैं, जिसने जिले में चर्चा का विषय बन गया है। पीड़ित फौजी ने उच्चाधिकारियों से निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## संघ शताब्दी वर्ष के तहत सामाजिक सद्भाव बैठक आयोजित



रायबरेली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में पूरे देश भर में वर्षभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी कड़ी में होटल ओम क्लार्क में ह्यसामाजिक सद्भाव बैठक का सफल आयोजन किया गया।

इस बैठक में हिन्दू समाज के विभिन्न जाति-मत-पंथ से जुड़े लगभग 60 प्रमुख एवं प्रभावशाली महिलाएं-पुरुष शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ नारी शक्ति द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सभी अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि से हुआ। इसके बाद संघ के प्रमुख पदाधिकारियों ने सभी आगंतुकों का परिचय कराते हुए श्रीफल, अंगवस्त्र, संघ साहित्य एवं पुष्पमाला भेंट कर हार्दिक स्वागत-सत्कार किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य एक निर्दोष, निर्भय एवं संगठित हिन्दू समाज खड़ा करना रहा। सभी अतिथियों ने इस बात पर बल दिया कि हमें जाति-जनजाति के भेदभाव से ऊपर उठकर केवल हिन्दू होने का भाव रखना चाहिए, देशभक्ति को जागृत करना चाहिए और राष्ट्रकार्य में सक्रिय सहभागी बनना चाहिए। राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान हेतु समाज को एकजुट होकर आगे आना होगा। बैठक में विशेष रूप से पंच परिवर्तन के पांच बिंदुओं कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वजागरण, नागरिक कर्तव्य पालन पर विस्तृत विमर्श हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग संघचालक अमरेश जी, विभाग प्रचारक अमित जी, जिला संघचालक जागेश्वर दयाल, नगर प्रचारक अनुज के साथ-साथ शिवानन्द, राजकिशोर, नगर प्रचारक प्रमुख जितेन्द्र, विमल तलरेजा, राहुल, कमलेश, डॉ. सुनील, जगन्नाथ सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संघ की इस सामाजिक सद्भाव बैठक ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि हिन्दू समाज जब एकजुट होकर खड़ा होता है, तब राष्ट्र की हर चुनौती का सामना करना और समाधान करना संभव हो जाता है।

## अयोध्या हवाई अड्डे पर 25 को उतरेंगे 80 चार्टर्ड विमान

अयोध्या। भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में 25 नवंबर को राम मंदिर में होने वाले ध्वजारोहण समारोह से पहले अयोध्या हवाई अड्डे पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई अति विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे, ऐसे में हवाई अड्डे पर लगभग 80 चार्टर्ड विमानों के उतरने की संभावना है। हवाई अड्डा के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि 40 से 80 चार्टर्ड विमानों के प्रबंधन की व्यवस्था की गई है, हालांकि विमानों की पार्किंग आसपास के हवाई अड्डों पर की जाएगी। सुरक्षा के लिए हवाई अड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 100 अतिरिक्त जवान तैनात किए जाएंगे। प्रधानमंत्री के लिए एक विशेष लाउंज और मुख्यमंत्री, राज्यपाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के लिए छह वीआईपी लाउंज बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पूरे आयोजन की व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अधिकारियों ने बताया कि आमंत्रित अतिथियों से 24 नवंबर को अयोध्या पहुंचने का अनुरोध किया गया है। ठहरने के लिए विभिन्न होटल और टेंट सिटी में ।,600 कमरे आरक्षित किए गए हैं। मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के अनुसार, सभी मेहमानों को 24 नवंबर तक पहुंचने के लिए कहा गया है और कार्यक्रम के लिए प्रवेश 25 नवंबर को सुबह सात बजकर 30 मिनट से नौ बजे के बीच होगा। अयोध्या के जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि अयोध्या मेडिकल कॉलेज में 50 बिस्तर आरक्षित किए गए हैं और लगभग 24 चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों की बड़ी टीम ड्यूटी पर रहेगी। अयोध्या नगर के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि मंगलवार को मुख्यमंत्री की उपस्थिति में राम जन्मभूमि परिसर में होने वाली बैठक में ट्रस्ट पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की जाएगी।

## 28 दवा कारोबारियों पर प्रतिबंधित सिरप की तस्करी का केस दर्ज

वाराणसी। प्रतिबंधित कोडिनयुक्त कफ सिरप की नशे के लिये तस्करी किए जाने के आरोप में वाराणसी में 28 दवा कारोबारियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि खाद्य एवं औषधि विभाग की जांच में पता चला कि वाराणसी के प्रह्लाद घाट निवासी शुभम जायसवाल एवं उसके पिता भोलानाथ प्रसाद ने भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोडिनयुक्त सिरप की झारखंड के रांची स्थित अपनी कंपनी से वाराणसी के 26 कारोबारियों को आपूर्ति की और इस सिरप का प्रयोग नशे के लिए किया गया। इस मामले में खाद्य एवं औषधि विभाग के निरीक्षक जूनाब अली की तहरीर पर 28 दवा कारोबारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उसने बताया कि औषधि निरीक्षक जूनाब अली ने तहरीर दी कि रांची के शैली ट्रेडर्स द्वारा वाराणसी सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में भारी मात्रा में कोडिनयुक्त कफ सिरप की बिक्री किये जाने का मामला सामने आने पर कुल 26 कंपनियों का निरीक्षण किया गया तथा इनमें से कई कंपनियां बंद पायी गयीं। पुलिस के मुताबिक, कंपनियों के पोर्टल पर उपलब्ध नंबरों पर कॉल करने पर भी उनसे संपर्क नहीं हो पाया। उसने बताया कि यह अनियमितता पाए जाने पर अधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि कोडिनयुक्त कफ सिरप का दुरुपयोग संभवतः नशे के लिए किया गया है। इस मामले में शुभम जायसवाल, भोलानाथ प्रसाद तथा 26 दवा कारोबारियों के विरुद्ध शनिवार को मुकदमा दर्ज किया गया है।

## राहुल गांधी से जुड़े मानहानि मामले में गवाह के पेश न होने से सुनवाई टली

सुलतानपुर। सुलतानपुर की स्थानीय सांसद-विधायक (एमपी-एमएलए) अदालत में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली के सांसद राहुल गांधी से जुड़े मानहानि मामले में सोमवार को गवाह पेश न होने के कारण सुनवाई टल गई। एक अधिवक्ता ने बताया कि अब अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि गवाह राम चंद्र दुबे की अनुपस्थिति और उनके द्वारा स्थगन प्रार्थना पत्र दिए जाने के कारण कार्यवाही आगे नहीं बढ़ सकी। इसलिए अगली तारीख 26 नवंबर निर्धारित की गई है। यह मामला वर्ष 2018 का है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि 2018 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष एवं मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी की थी। इस मामले में पांच वर्षों तक अदालत में कार्यवाही चली। राहुल गांधी के उपस्थित न होने पर दिसंबर 2023 में अदालत ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। फरवरी 2024 में राहुल गांधी ने अदालत में आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद विशेष न्यायाधीश ने उन्हें 25-25 हजार रुपये के दो मुचलकों पर जमानत प्रदान की। पिछले साल 26 जुलाई को राहुल गांधी ने अदालत में अपना बयान दर्ज कराया था, जिसमें उन्होंने खुद को निर्दोष बताया और इस मुकदमे को राजनीतिक साजिश करार दिया था। गांधी के बयान के बाद अदालत ने वादी पक्ष को साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। अब तक केवल एक गवाह से जिरह पूरी हो सकी है, जबकि दूसरे गवाह से जिरह शुरू हुई है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 128 जोड़ों का विवाह व 7 का निकाह संपन्न

- सीडीओ ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आयोजन में शामिल होकर नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद

**रायबरेली।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता द्वारा किया गया। इस सामूहिक विवाह समारोह में जनपद के नगर पालिका परिषद रायबरेली व 2 विकास खण्डों के 135 जोड़ों ने भाग लिया, जिसमें विकास खण्ड राही 66, अमावां 58 एवं नगर पालिका परिषद रायबरेली 11 जोड़े सम्मिलित रहे। सामूहिक विवाह समारोह में पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों को सात फेरे दिलाए और विवाह की पूरी रस्में निभाई। सामूहिक विवाह के दौरान अतिथियों व सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और सभी नव दंपतियों को नए वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी तथा प्रत्येक जोड़ो को वस्त्र, आभूषण (चांदी की पायल, बिछिया) स्टील डिनर सेट, प्रेशर कुकर, वैनिटी किट, दीवार घड़ी, ट्रॉली बैग आदि उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि ऐसे गरीब व निर्धन परिवार जो शादी विवाह समारोह में होने वाले व्यय को वहन करने में सक्षम नहीं हैं, उनका भी विवाह समारोह सम्मानपूर्वक, परम्परागत व धार्मिक रीति-रिवाज से सम्पन्न हो सके, इसलिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को प्रारंभ किया गया है। इस मौके पर परियोजना निदेशक, डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी सहित सम्बन्धित अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचलकर युवक की मौत

रायबरेली। हरचंदपुर थाना क्षेत्र के ढकवा के पास पैदल जा रहे युवक को लकड़ी से लदी ट्रैक्टर ट्राली ने कुचल दिया जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लकड़ी से लदी ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

पूरा मामला थाना क्षेत्र के ढकवा डिघौरा के पास का है जहां पर राम अवध पुत्र स्व छेदी निवासी ढकवा उम्र लगभग 40 वर्ष पैदल जा रहे थे तभी बगैर नंबर लकड़ी से लदी ट्रैक्टर ट्राली ने राम अवध को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस ने लकड़ी से लदी ट्रैक्टर ट्राली व चालक को हिरासत में ले लिया है। थाना अध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है लकड़ी से लदी ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।



## ब्रेजा कार की टक्कर से दो लोग घायल

रायबरेली। हरचंदपुर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद ब्रेजा कार चालक मौके से फरार हो गया। यह घटना मुबारकपुर गैस एजेंसी के पास हुई। घायलों की पहचान सुजीत कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी पिंडारी, थाना हरचंदपुर और वीरेंद्र कुमार पुत्र राधेश्याम निवासी सनिका मऊ, थाना गुरबक्श गंज के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलने पर डायल 112 के हेड कांस्टेबल सियाराम गौतम और चालक होमगार्ड नरेंद्र अवस्थी मौके पर पहुंचे। उन्होंने एंबुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को अस्पताल भिजवाया। हरचंदपुर थाना अध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी मिली थी। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और फरार कार व उसके चालक की तलाश की जा रही है।

## राष्ट्र निर्माण में युवाओं की है सबसे अहम भूमिका : प्रो. डी.के. त्रिपाठी



सुलतानपुर (वीओएल)। राणा प्रताप पी.जी. कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। एनएसएस के वालंटियर द्वारा महाविद्यालय क्रीड़ा परिसर में दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी.के. त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रन फॉर यूनिटी का उद्देश्य देश में एकता, अखंडता और राष्ट्रीय चरित्र को सुदृढ़ करना है। सरदार पटेल ने भारत को एक सूत्र में पिरोने का जो ऐतिहासिक कार्य किया, उससे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। युवा वर्ग जब राष्ट्र निर्माण में संकल्पपूर्वक भाग लेता है, तभी समाज और देश प्रगति करता है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रभात श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से युवाओं में अनुशासन, सामाजिक चेतना और राष्ट्रहित के प्रति सकारात्मक सोच का विकास होता है। एनएसएस कार्यक्रमाधिकारी डॉ. वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि रन फॉर यूनिटी देश की एकता और सामाजिक सामंजस्य का प्रतीक है। ऐसे कार्यक्रम युवाओं में राष्ट्रीय जिम्मेदारी की भावना को और अधिक मजबूत करते हैं। एनएसएस कार्यक्रमाधिकारी डॉ. विभा सिंह ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन त्याग, समर्पण और संगठन की शक्ति का प्रेरक उदाहरण है। आज के युवाओं को उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज में सद्भाव और एकता को बढ़ावा देना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी बृजेश कुमार सिंह, डॉ. बृजेश सिंह, डॉ. आलोक कुमार, डॉ. अभिषेक शुक्ला, डॉ. संतोष अंश, डॉ. जितेंद्र यादव, गोरखनाथ चैरसिया, विष्णुदत्त पाल, राजेश कुमार सहित अनेक शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने प्रतिभागी वालंटियर्स का उत्साहवर्धन किया और सरदार पटेल के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

## अनुपस्थित स्वास्थ्य कर्मी का 7 दिन का वेतन होगा अवरुद्ध




**अमेठी** ।सोमवार को जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह ने जनपद के कुछ प्रमुख केंटो का निरीक्षण किया जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिजनी आलाई पुर बार कोट नाववा पीढ़ी का निरीक्षण किया गया बार कोट के उल्ड पहले के निरीक्षण में 10 बजे अनुपस्थित मिले फिर दोबारा निरीक्षण किया 11 बजे उपस्थित मिले नाववा की उल्ड काजल गौतम अनुपस्थित मिली बार कोट के उल्ड का एक दिन का बेतन काटने का आदेश दे दिया है । और नाववा की उल्ड का एक दिन का बेतन कटेगा और 7 दिन का वेतन अवरुद्ध होगा ।मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह ने बताया कि बार-बार हिदायत देने के बाद भी स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित मिलते हैं फिलहाल अनुपस्थित करनी जरूर दंडित किए जाएंगे लिहाजा अपने रवैया में सुधार कर ले जनहित को देखते हुए समय से ड्यूटी पर उपस्थित रहे ।

## गोरखपुर नगर निगम को जल संरक्षण में राष्ट्रीय सम्मान, राष्ट्रपति 2 करोड़ की राशि और प्रशस्ति पत्र देकर करेंगी सम्मानित

गोरखपुर । गोरखपुर नगर निगम (जीएमसी) को जल संचय जन भागीदारी अभियान (जेएसजेबी 1.0) के तहत उत्कृष्ट प्रयासों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है और निगम ने देश के शीर्ष 10 नगर निगमों में तीसरा स्थान हासिल किया है। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि गोरखपुर नगर को भारत सरकार द्वारा घोषित 21 राष्ट्रीय पुरस्कारों में से एक के लिए चुना गया है और यह पुरस्कार 18 नवंबर को नयी दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रपति निगम को प्रशस्ति पत्र तथा दो करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान करेंगी। नगर आयुक्त गौरव सिंह और महापौर मंगलेश श्रीवास्तव शहर की ओर से यह सम्मान ग्रहण करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि यह उपलब्धि नगर निवासियों की सक्रिय भागीदारी, नगर निगम के निरंतर प्रयासों और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन का परिणाम है। इस अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण को सामुदायिक दायित्व के रूप में स्थापित करना है जिसके तहत जल स्रोतों का संरक्षण, वर्षा जल संचयन, तालाबों और कुओं की सफाई, तथा नदियों और नालों का पुनरुद्धार जैसे कार्य किए गए। अधिकारियों ने बताया कि तकिया घाट पर विकसित प्राकृतिक जल शोधन मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष सराहना मिली। नगर निगम ने इस पहल को जन आंदोलन का रूप दिया, जिसमें स्कूलों, स्वयं सहायता समूहों, व्यापारिक संगठनों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई।

## स्क्रैप आयात के नाम पर 55 लाख ठगने की कोशिश

भदोही। जिले में अबु धाबी की एक कथित कम्पनी से स्क्रैप आयात करने के नाम पर फर्जी दस्तावेजों के जरिये ठगों को 55 लाख रुपये से ज्यादा की रकम दिये जाने की कोशिश के आरोप में पुलिस ने एक बैंक शाखा प्रबंधक समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने रविवार को दर्ज रिपोर्ट के हवाले से सोमवार को बताया कि भदोही के स्क्रैप कारोबारी मालिक सिकंदर को दुबई की सिनोमैट ट्रेडिंग एंड रीसाइक्लिंग कम्पनी से एल्यूमिनियम स्क्रैप आयात करना था। मुम्बई की वर्षा एक्सपोर्ट्स कम्पनी के मालिक हर्षित पारेखर ने आयात में मदद के लिये सिंकदर को सिनोमैट कम्पनी के एजेंट जावेद का व्हाट्सअप नम्बर दिया था। सिंकदर ने जावेद से सम्पर्क किया। मांगलिक के अनुसार, जावेद ने सिकंदर को बताया कि स्कैप आयात के लिये भुगतान गारंटी की जरूरत है जिसके लिये आयातक कम्पनी को बैंक में 55 लाख 74 हजार रुपये का लेटर ऑफ क्रेडिट देना होगा। इस पर सिकंदर ने वह लेटर ऑफ क्रेडिट अपने आईसीआईसीआई बैंक की मेन रोड शाखा में दे दिया था। उन्होंने बताया कि सिंकदर गत 25 अक्टूबर को आयात किया जाने वाला स्क्रैप देखने के लिये दुबई गये थे। वहां जाने पर उन्हें जो पता दिया गया था उस पर न तो कम्पनी का दफ्तर मिला और न ही जावेद नामक एजेंट मिला। काफी खोजबीन करने पर पता लगा कि जावेद और उसके साथी ठग हैं और वे इसी तरह धोखाधड़ी करते हैं। सिकंदर ने 28 अक्टूबर को अपनी बैंक शाखा को ईमेल के जरिये सूचना भेजी कि उन्हें माल नहीं मिला है। जावेद और उसके साथी ठग हैं । लिहाजा लेटर ऑफ क्रेडिट के आधार पर कोई भुगतान न किया जाये। मांगलिक के मुताबिक, मना करने के बावजूद 11 नवंबर को बैंक ने सिकंदर के लेटर ऑफ क्रेडिट को आधार बनाकर यह कहते हुए 55 लाख 74 हजार रुपये का भुगतान करने की बात कही कि सिनोमैट कम्पनी ने उन्हें स्क्रैप निर्यात का एक दस्तावेज भेजा है लिहाजा उसका भुगतान करना बाध्यकारी है। उन्होंने बताया कि सिकंदर ने तर्क दिया उन्होंने बैंक को धोखाधड़ी के बारे में पहले ही बताकर भुगतान से मना किया था। बैंक के कुछ कर्मचारियों ने भी उसे फर्जी बताया था।

## दिव्यांगजनों को वितरित किया गया सहायक उपकरण


भेटुआ अमेठी। एलिम्को द्वारा अधिकृत सामाजिक संस्था आदर्श आसरा सुल्तानपुर द्वारा बीते बारह अक्टूबर को राम दास यादव की आरा मशीन सरूवावा मे दिव्यांग जन ,वरिष्ठ नागरिक बधिर ,शारीरिक रूप से कमजोर लोगो के लिए एक कैम्प लगाकर जाँच की गयी थी जिसमे सभी को आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण वितरित किया गया। सोमवार को भेटुआ ब्लॉक के सरूवावा गाँव मे राम दास यादव की आरा मशीन पर ए लिम्को द्वारा अधिकृत आदर्श आसरा सुल्तानपुर द्वारा निः शुल्क 214 लाभार्थियों को व्हिल चेयर, गद्दी, गांठ का पट्टा, कमर का पट्टा कान की मशीन ,छड़ी वितरित किया गया। समाज के लोगो के लिए यह हितकारी कार्य अपने गाँव मे सम्पन्न कराने के लिए रामदास यादव की भूमिका महत्वपूर्ण थी ।यह उपकरण पाकर लोगो ने खुशी जाहिर की। आयोजक राजकुमार शर्मा ने बताया कि पूरे जिले मे किसी भी गाँव के लोगो को अपने गाँव मे यह कैम्प लगवाने के मेरे मोबाइल नम्बर 8738032101 पर सम्पर्क कर सकते हम लोग उस गाँव मे निशुल्क कैम्प लगवाकर इन उपकरणो का वितरण करेंगे। इस मौके पर लाभर्थियों के साथ धर्मेंद्र कुमार यादव , राजकुमार,बैजनाथ जायसवाल,भूपेंद्र कुमार, शि०बहादुर आदि लोग मौजूद रहे।



# पीएम मोदी देश को कर रहे मजबूत : बृजेश पाठक

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जनसभा में उमड़ा जनसैलाब

सुलतानपुर (वीओएल)। एक दिवसीय दौरे पर सुलतानपुर पहुंचे डिप्टी सीएम ने इसौली विधानसभा के अलीगंज बाजार स्थित कोटिया रोड पर सोमवार को एकता यात्रा का शुभारंभ किया। सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एकता यात्रा भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों के साथ शिवमन्दिर होते हुए सब्जी मंडी मैदान सभा स्थल पर पहुंची। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने सरदार पटेल के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद लौह पुरुष सरदार पटेल ने देश की स्वतंत्र 562 रियासतों का भारत में विलय कराकर अपनी अविश्वसनीय सूझ-बूझ व अद्भुत क्षमता का लोहा



मनवाया। कहा उन्होंने दुनिया में आजाद भारत के नक्शे को बुलंद करने का काम किया। कहा सदियों में ऐसा नेता पैदा होता है। उन्होंने कहा पीएम मोदी ने कश्मीर से धारा 370 व 35ए समाप्त कर लौह पुरुष के एक भारत-श्रेष्ठ भारत के सपने का साकार किया है। पीएम ने दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है। आज उन्होंने कांग्रेस व सपा की तुष्टीकरण व देश विरोधी बयानों को लेकर भी करारा हमला बोला।कहा कांग्रेस ने तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण रामलला के अस्तित्व को नकारा था। आज जनता उनको हर चुनाव में नकारकर सबक सिखा रही है। उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर भी तंज कसते हुए कहा कि यहां के भैया के मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। समाजवादी पार्टी के कार्यकाल के दौरान गुंडा व माफिया राज, अराजकता व जंगलराज को उत्तर प्रदेश की जनता अभी भी भूली नहीं है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि देश विरोधी ताकतें देश को बाँटना चाहती हैं, लेकिन ह्यरन फॉर यूनिटीह्न देश को एकता के सूत्र में बाँधने का काम करेगा। जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। उन्होंने आए हुए सभी लोगों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रामचन्द्र मिश्रा, विधायक सीताराम वर्मा व राज प्रसाद उपाध्याय, ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी, घनश्याम चैहान, धर्मेन्द्र कुमार, डॉ डीएस मिश्रा, बबिता तिवारी, विकास शुक्ला, सुनील वर्मा, विजय त्रिपाठी, चन्दन नारायन सिंह, विजय सिंह रघुवंशी, अशोक कुमार सिंह, संदीप सिंह, आरपी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## शादी अनुदान योजनान्तर्गत आवेदन

मथुरा। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रशान्त कुमार सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि जनपद के अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) ऐसे व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय 1 लाख से कम है और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में उनकी पुत्री की शादी 31 मार्च तक होने वाली है। वह अपनी पुत्री की शादी के लिये अनुदान हेतु शादी की दिनांक से तीन माह पहले तक अथवा तीन माह बाद तक (किन्तु उक्त अवधि वित्तीय वर्ष के अन्तर्गत होनी चाहिए) अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते है।शासनादेश के अनुसार प्रथम आवत प्रथम पावत के सिद्धान्त केकी मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला अथवा दिव्यांगजन आवेदकों को 20 हजार नियमावली के प्रावधानुसार पात्र होने पर प्रदान करने की कार्यवाही की जायेगी।

# सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में पदयात्रा

जिला संवाददाता

मथुरा। पूर्व मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष चैधरी भूपेन्द्र सिंह, बृजक्षेत्र के रीजनल अध्यक्ष दुर्ग विजय शाक्य, विधायक मांट राजेश चैधरी, विधायक बल्देव पूरन प्रकाश जी एवं जिला अध्यक्ष निर्भय पाण्डेय ने सरदार/150यूनिटी पदयात्रा एक भारत, आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। सभी

**● जन-जन तक पहुंचा एक भारत श्रेष्ठ भारत का विचार: भूपेन्द्र सिंह**

अतिथियों ने पदयात्रा को गांव अयेरा खेड़ा के कॉलेज ग्राउंड से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।इस अवसर पर अन्य माननीय जनप्रतिनिधिगण, मंडल अध्यक्ष अमन ठाकुर, उप-जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही, खंड शिक्षा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, पुलिस अधिकारी, प्रभारी जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत मथुरा रामवीर शर्मा के साथ अन्य अधिकारियों, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट तथा स्कूल व कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चैधरी भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि स्वतंत्र भारत के शिल्पकार, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में पूरे भारत में मनाया जा रहा है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत की सैकड़ों रियासतों को जोड़कर एक अखंड राष्ट्र का रूप दिया। राष्ट्रीय एकता दिवस हमें याद दिलाता है कि संविधान के आदर्शों को जीवंत रखने के लिए नागरिक चेतना आवश्यक है। क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्ग विजय शाक्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती उस विचार का उत्सव है, जो भारत की विविधता को उसकी शक्ति बनाता है।

इस अवसर पर विधायक मांट राजेश चैधरी ने कहा कि एकता के



संकल्प के साथ देश को सबसे सुंदर स्वरूप देने का श्रेय लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी को जाता है। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि देश समाज के लिए आज रन फॉर यूनिटी के अवसर पर संकल्प ले और कोई ऐसा अच्छा कार्य करे, जिसके बल पर प्रदेश और देश का नाम रोशन हो। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और युवा चेतना के प्रतीक उत्सव के रूप में किया गया, जिससे एक भारत-श्रेष्ठ भारत का संदेश जन-जन तक पहुंचा। इस यात्रा में लोग हाथों में तिरंगा थामे चले और सामूहिक रूप से यह संदेश दिया कि राष्ट्र की एकता तभी सुदृढ़ होगी जब हम सभी नागरिक जागरूक, उत्तरदायी और सक्रिय होंगे।

युवाओं का उत्साह देखने लायक था। सैकड़ों छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवकों और नागरिकों ने देशभक्ति के नारों के साथ पदयात्रा में भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार मथुरा व जिला प्रशासन द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विशेष रूप से श्यामबाबू शुक्ला, पंकज शर्मा,

## वृद्धाश्रम बन्ना में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया



टूंडला। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों एवं जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फिरोजाबाद डॉ. बब्बू सारंग के कुशल एवं मार्गदर्शक नेतृत्व में सोमवार को वृद्धाश्रम बन्ना रोड में एक महत्वपूर्ण विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों विधिक संरक्षण तथा उपलब्ध वैधानिक सहायता उपायों से जन-सामान्य को अवगत कराना रहा।

शिविर में वरिष्ठ नागरिकों एवं स्थानीय समुदाय के सदस्यों को अधिनियम की प्रमुख धाराओं भरण-पोषण के अधिकारों, न्यायाधिकरण की प्रक्रिया तथा निःशुल्क विधिक सहायता की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मनोरमा मसीह, आदित्य प्रताप सिंह, तथा भावना यादव, लीगल काउंसलिंग टीम की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को अधिनियम की उपयोगिता, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया तथा उपलब्ध सभी विधिक विकल्पों के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर के दौरान वरिष्ठ नागरिकों द्वारा उठाए गए विभिन्न प्रश्नों और समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर उनका समाधान प्रस्तुत किया गया। प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम उन्हें अपने अधिकारों और विधिक संरक्षण के बारे में अधिक जागरूक बनाते हैं तथा आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं।विधिक जागरूकता शिविर वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण संरक्षण और अधिकारों की रक्षा की दिशा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की एक अत्यंत सफल एवं प्रभावी पहल सिद्ध हुआ।

# संस्कृति होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने जेपी होटल का किया शैक्षिक भ्रमण



मथुरा। संस्कृति स्कूल आफ टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों के एक दल ने जेपी होटल आगरा का शैक्षिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का उद्देश्य आतिथ्य क्षेत्र के छात्रों को पाँच सितारा होटलों में अपनाई जाने वाले संचालन, सेवाओं और प्रबंधन पद्धतियों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। इस भ्रमण के दौरान संस्कृति के विद्यार्थियों ने होटल विभागों, अतिथि प्रबंधन प्रक्रियाओं और आतिथ्य उद्योग में अपनाए जाने वाले पेशेवर मानकों के बारे में व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया।

इस दल में संस्कृति स्कूल आफ टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट के 32 विद्यार्थी, दो संकाय सदस्य शुभांगी सक्सेना, और कपिल शर्मा शामिल थे। बीएचएम प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए जेपी होटल आगरा का एक औद्योगिक दौरा आयोजित किया गया, जिसमें कुल 32 छात्रों ने भाग लिया। इस दौरे का समन्वय और संचालन सुश्री शुभांगी सक्सेना, सहायक प्रोफेसर द्वारा, विभागाध्यक्ष रतीश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। जेपी होटल्स पहुँचने पर, समूह का मानव संसाधन प्रबंधक सुश्री यशस्वी चतुर्वेदी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। सत्र की शुरुआत जेपी होटल्स के इतिहास, ब्रांड विरासत और सुविधाओं पर एक ज्ञानवर्धक प्रस्तुति के साथ हुई, जिसे जेपी होटल्स प्रशिक्षण केंद्र के प्रधानाचार्य मनु नारंग ने प्रस्तुत किया। दौरे का संचालन सुश्री प्रियंका (फ्रंट ऑफिस असिस्टेंट) और सुश्री अनिकेता (लर्निंग एंड डेवलपमेंट मैनेजर) ने किया। उन्होंने जिन्होंने छात्रों को होटल के विभिन्न विभागों के बारे में मार्गदर्शन दिया। इस दौरान, छात्रों ने अमित (ड्यूटी मैनेजर) और गौरव (रेस्टोरेंट मैनेजर) के साथ एक संवादात्मक सत्र में भाग लिया, जिन्होंने अपने पेशेवर अनुभव और संचालन संबंधी जानकारी साझा की। छात्रों ने पूरे दौरे में बहुत उत्साह दिखाया और सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे उन्हें होटल संचालन और उद्योग मानकों के बारे में बहुमूल्य व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ।

इस यात्रा का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें जेपी होटल्स के प्रबंधन और कर्मचारियों के प्रति उनके उत्साही आतिथ्य और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। संस्कृति स्कूल आफ टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट के डीन डा. रतिश शर्मा ने बताया कि इस यात्रा ने छात्रों की वास्तविक दुनिया के होटल संचालन और प्रबंधन प्रथाओं की समझ को समृद्ध किया। इसने उन्हें सैद्धांतिक अवधारणाओं को व्यावहारिक अनुप्रयोगों से जोड़ने में भी मदद की, जिससे पेशेवर विकास और भविष्य के उद्योग अनुभव के लिए तत्परता को बढ़ावा मिला। होटल की मानव चतुर्वेदी आदि को संस्कृति विवि के दल की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# यमुना में मिले दो लापता बच्चों के शव



मथुरा। तीन दिन से लापता दो मासूम बच्चों के शव आज सुबह यमुना में मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। शुक्रवार की दोपहर से गायब बच्चों को परिजनों ने काफी तलाशा था, लेकिन उनका पता नहीं चल सका। काफी पुलिस को भी परिवारीजनों ने अवगत कराया, इसके बाद आज अचानक यमुना में शव दिखाई देने पर ग्रामीण भौचक्के रह गए हैं। बच्चों के शव मिलने से परिवार में कोहराम मचा है। आखिर उनके साथ क्या हुआ और वे कैसे यमुना में पहुंचे यह जांच का विषय बन गया है। मांट थाने के मांट मूला गांव में रहने वाले सन्नी का 7 वर्षीय पुत्र भोला और कालिया का 6 वर्षीय पुत्र प्रिंस गांव में ही घर के आसपास खेलते-खेलते शुक्रवार के दिन गायब हो गए। काफी देर तक घर न पहुंचने पर परिवार के लोगों को संदेह हुआ। इसके बाद खोज की गई, परन्तु फिर भी बच्चों का पता नहीं चल पाया। हार कर परिजन पुलिस के पास पहुंचे

**● गांव में मातम, शुक्रवार की दोपहर से खेलते-खेलते हो गए थे गुम**

और सारी घटना से अवगत कराया। पुलिस ने कहा कि तलाश करो हम भी जानकारी जुटा रहे हैं। इन बच्चों के साथ खेलने वाले बच्चों से भी परिवार के लोगों ने बातचीत की। बच्चों और ग्रामीणों ने बताया कि भोला और प्रिंस को आखिरी बार यमुना नदी के किनारे खेलते देखा गया है। ग्रामीण और परिवार के लोग यमुना और आसपास तलाशी में लग गए परन्तु बच्चों का पता नहीं चला।

सोमवार सुबह आठ बजे स्थानीय लोगों ने यमुना नदी में दो शव दिखाई दिए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मांट थाना प्रभारी जसबीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचेऔर शवों को बाहर निकला। स्वजन ने दोनों की पहचान कर ली। बच्चों के शव मिलने की खबर जैसे ही गांव में पहुंची कोहराम मच गया। रोते-बिलखते स्वजन का हाल देखकर हर किसी की आंखें नम हो गई। मांट थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों बच्चे खेलते-खेलते नदी किनारे पहुंच गए होंगे और पानी की ओर बढ़ने पर अचानक फिसलकर गहरे हिस्से में चले गए होंगे। गांव में इस घटना को लेकर मातम पसर गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पुलिस पूरी घटना की जानकारी भी जुटा रही है। पोस्टमार्टम गृह पर कालिया की पत्नी और मृतक प्रिंस की मां ने बताया कि बच्चों के चेहरे से खून बह रहा था जिससे लगता है कि उनकी हत्या कर शव यहां डाले गये हैं। क्योंकि तीन दिन से इसी स्थान पर बच्चों की तलाश जाल डालकर की जा रही थी लेकिन आज यकायक इनका मिलना उनकी हत्या की ओर इशारा कर रहा है। पोस्टमार्टम गृह पर कालिया ने बताया कि उनके दो बेटी और दो बेटे थे।

इनमें से एक प्रिंस था। इसके गायब होने से एक दिन पहले ही घर में छोटा भाई पैदा होने की खुशियां मनाई जा रही थीं। इसी बीच हुये इस हादसे से पूरे परिवार में कोहराम मचा है।

## गबन के आरोपी बिजली विभाग के हेड कैशियर को गिरफ्तार किया

फिरोजाबाद। थाना सिरसागंज पुलिस टीम ने बिजली विभाग की 31,99,931.00 रुपए धनराशि गबन करने वाले अभियुक्त हैड केशियर अनुराग गुप्ता को गिरफ्तार किया है। सोमवार को थाना सिरसागंज पुलिस ने थाना पर बिजली विभाग से संबंधित धनराशि गबन के पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्त हेड कैशियर अनुराग गुप्ता पुत्र मुनीश्वर नाथ गुप्ता निवासी मास्टर प्लान रोड खन्दारी मल्होत्रा हॉस्पीटल के पास थाना हरीपर्वत कमिश्नरेट आगरा को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार किया, थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## जयंत चौधरी के तीसरी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर हर्ष व्यक्त किया

टूंडला। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को राष्ट्रीय लोक दल का तीसरी बार निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर युवा राष्ट्रीय लोकदल फिरोजाबाद पार्टी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया और बधाई एवं शुभकामनाएँ अर्पित की, युवा जिलाध्यक्ष अमर सिंह पचहरे ने कहा कि यह चयन राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी जी के सशक्त एवं कुशल नेतृत्व कर्मनिष्ठा दूरदर्शिता तथा संगठन के प्रति उनके अमूल्य योगदान का प्रमाण है। जयंत जी के नेतृत्व में पार्टी ने संगठनात्मक मजबूती जनसरोकारों की पूर्ति तथा सकारात्मक राजनीतिक दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। हम सभी कार्यकर्ता आपके नेतृत्व में संगठन के सुदृढ़ीकरण हेतु पूर्ण समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान मुख्य रूप से बृज क्षेत्र महासचिव चौधरी निरंजन सिंह पोनिया बृज क्षेत्र उपाध्यक्ष आचार्य राजबीर सिंह जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर मुन्नेश कुमार राजौरिया जिला महासचिव जितेंद्र सिंह पौनिया उपाध्यक्ष सचिन उपाध्याय चौधरी इन्द्रपाल सिंह पौनिया सचिव पुष्पेंद्र सिंह दुर्गेंद्र सिंह सचिव मंजीत सिंह नवीन शर्मा महेश फौजी गोलू शेरसिंह राना उपाध्यक्ष कुंवर सुधीर सिंह जी इन्द्रजीत सिंह दर्जनों लोग मौजूद रहें।

# आगरा में एआई फोटो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले गिरफ्तार

आगरा। थाना कमलानगर क्षेत्र में सोशल मीडिया के जरिये एक परिवार को मानसिक रूप से परेशान करने और पैसे ऐंठने की कोशिश कर रहे दो शातिर ब्लैकमेलरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर पीड़ित की नाबालिग बेटी को अश्लील संदेश भेजने के साथ.साथ उसकी एआई से तैयार अश्लील तस्वीरें और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर परिवार को दहशत में डाल दिया था। पीड़ित पिता ने बताया कि 29 और 30 अक्टूबर को एक फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट से लगातार उसकी बेटी के इंस्टाग्राम पर अश्लील संदेश भेजे गए। संदेशों में रुपयों की मांग की गई और पैसे न देने पर बेटी की एआई जनरेटेड आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की चेतावनी दी गई। इससे परिवार में भय और तनाव का माहौल बन गया। मामला यहीं नहीं रुका। 13 नवंबर को स्कूटी सवार दो युवक पीड़ित के घर के बाहर और आसपास कई स्थानों पर अश्लील पर्चे फेंककर फरार हो गए। इन पर्चों में आरोपी द्वारा तैयार की गई एआई अश्लील तस्वीरें और वीडियो लगे थे। यह देखकर परिवार बेहद घबरा गया और तुरंत पुलिस से सहायता मांगी। थाना कमलानगर पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में दिखाई दिए संदेहास्पद युवकों की खोज शुरू की गई। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने 15 नवंबर को बल्केश्वर क्षेत्र से दोनों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान सुमित कुमारए निवासी शांत कुंजए नगला रामबलए आगराए और प्रशांत मिश्रए निवासी शांत कुंजए नगला रामबल ए आगरा के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक स्कूटी और दो मोबाइल फोन बरामद किएब्लैकमेलिंग और सामग्री तैयार करने की आशंका है। मोबाइल की डिजिटल फोरेंसिक जांच शुरू कर दी गई है।


# महाकुंभ में साध्वी बनी लड़की दस महीने बाद घर लौटी

जिला संवाददाता

आगरा। जनपद की रहने वाली 13 साल की किशोरी महाकुंभ में संन्यास लेकर साध्वी गौरी बन गई थी। जूना अखाडे.के महंत कौशल गिरि को परिजनों ने बेटी दान कर दिया था। इसके बाद महंत को भी अखाडे.से निकाल दिया गया। साध्वी को नारी निकेतन आगरा में रखा गया थाए जहां से अब करीब 10 महीने बाद उसे घरवालों को सौंपा गया है। लेकिन साध्वी हरियाणा में अपने गुरु के पास चली गई। पुलिस 3 दिन पहले 13

**● बोली अब पढ़.लिखकर कुछ बनूंगीय मां ने कहा. बाबा के बहकावे में आ गई थी**

नवंबर को साध्वी को उसके गुरु के वहां से लाईए काउंसिलिंग करके रविवार को उसे परिवार को सौंप दिया। अब साध्वी का कहना है. मैं मां.पिता के साथ रहना चाहती हूं। पढ़.लिखकर जीवन में कुछ अच्छा करने का इरादा है। उधरए साध्वी की मां बच्ची को पाकर खुश हैं। मां का कहना है कि



बेटी महाकुंभ में बाबा के बहकावे में आ गई थी। 5 दिसंबर को आगरा की डौकी में रहने वाली 13 साल की किशोरी अपने परिवार के साथ महाकुंभ गई थी। वहीं पर चिंतन के बाद उसने फैसला किया कि वह संन्यास लेकर आराधना करेगी। परिवार के साथ घर जाने से मना कर दिया। फिर परिवार ने जूना अखाड़े के महंत कौशल गिरि को बेटी दान कर दी। गुरु की मौजूदगी में लड़की को पहले गंगा स्नान कराया गया।

संन्यास दिलाया गया। गुरु की तरफ से उन्हें साध्वी गौरी कहा गया। इस तरह उन्हें नया नाम भी मिला था। पहला अमृत स्नान होने के बाद लड़की का पिंडदान होना था। 19 जनवरी 2025 की तारीख तय हो गई। महामंडलेश्वर महंत कौशल गिरि ने लड़की के पिंडदान की तैयारी कर ली। मगरए इससे पहले श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के संरक्षक हरि गिरि महाराज ने साध्वी का संन्यास वापस करा दिया। उनका कहना था कि यह अखाड़े की परंपरा नहीं रही है कि किसी नाबालिग को संन्यासी बना दें। इस मुद्दे पर बैठक हुई। जहां सबने सर्वसम्मति से फैसला लिया। यहां संतों के बीच चर्चा के बाद एक और फैसला लिया गया। दीक्षा दिलाने वाले महंत कौशल गिरि को जूना अखाड़े से 7 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया था। महंत को अखाडे.से निष्कासित करने के बाद साध्वी उन्हें वापस लाने और उनके साथ रहने पर अड़ गई थी। उस समय साध्वी ने कहा था कि वो अपने गुरु के लिए कोई भी परीक्षा देने को तैयार हैं। इसके बाद साध्वी को प्रशासन ने आगरा के नारी निकेतन में भेज दिया था।

जनवरी से अब करीब 10 महीने का वक्त हो चुका। साध्वी गौरी नारी निकेतन ही रह रही थी। साध्वी के परिजन भी उसे वापस लाने का प्रयास कर रहे थे। 5 नवंबर को नारी निकेतन से साध्वी को परिजनों को सौंप दिया था। मगरए इसके बाद साध्वी फिर से अपने गुरु कौशल गिरी के पास हरियाणा चली गई। इसके बाद किशोरी की मां ने थाना डौकी में बच्ची को वापस लाने के लिए शिकायत दी। पुलिस ने 3 दिन पहले 13 नवंबर को साध्वी को रेस्क्यू किया। अब उसकी काउंसिलिंग की गई। पुलिस ने काउंसिलिंग के बाद रविवार को साध्वी को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बच्ची को वापस पाकर मां.बाप खुश हैं। मां ने कहा कि महाकुंभ में बाबा ने बेटी को साध्वी बनाने के लिए प्रभावित कर दिया था। बेटी बाबा के बहकावे में आ गई थी। अब मैं चाहती हूं कि बच्ची हमारे पास ही रहे। पढ़े और साधारण जिंदगी गुजारे। हरियाणा के विलासपुर कौशल किशोर आश्रम से वापस आने के बाद साध्वी बनी किशोरी की काउंसिलिंग की गई। इसके बाद किशोरी का कहना है कि अब मैं अपने माता.पिता के साथ ही रहना चाहती हूं। मैं पढ़.लिखकर जीवन में आगे कुछ करना चाहती हूं।

## एन सी आर एम यू ने किया विशाल विरोध - प्रदर्शन



टूंडला। एआईआरएफ एवं एनसीआरएम यू के आहावान पर सोमवार को भारतीय रेलवे की सभी लॉबियों पर जन विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसमें महंगाई भत्ते के 50% से अधिक होने पर, 01.01.2024 से रनिंग स्टाफ के किलोमीटर भत्ते में 25 प्रतिशत की वृद्धि की मांग की गयी परन्तु अभी तक भारत सरकार ने उक्त समस्या पर कोई भी कठोर कार्यवाही नहीं की जिसके विरोध में संयुक्त क्रू लॉबी टूंडला में नार्थ सेंट्रल रेलवे मैंस यूनियन टूंडला की तीनो शाखाओं द्वारा विशाल प्रदर्शन किया गया विरोध प्रदर्शन का एक ज्ञापन महाप्रबंधक के नाम मंडल यातायात प्रबंधक पूर्वी गर्ग को दिया जिसकी अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह ने की एवं संचालन शाखा मंत्री सरदार सिंह.जयकिशन अजवानी ने किया एवं विरोध प्रदर्शन का आयोजन शाखा मंत्री गौरव कुमार ने किया। इस दौरान शाखा अध्यक्ष नाहर सिंह मीना दीपक शर्मा सतेंद्र कुमार कैलाश चंद्र.सुनील कुमार अमित पाल सिंह मुदित शर्मा.गौरव पाल संतोष सुमन.मेवराज राघवेंद्र कुमार.गुलशन तोमर.राहुल यादव.राज प्रताप सिंह.भूप सिंह.वाशु यादव.रवि मोहन.दिनेश कुमार.सृजन.अंकित यादव.आकाश शर्मा.आलोक कुमार.रितेश कुमार.राजेश मीना पुरनमल मीना मुकेश कुमार.राधेश्याम राकेश बघेल सोमेश यादव अभिषेक.आदि उपस्थित रहे।

# आर्य गुरुकुल महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

फिरोजाबाद। आर्य गुरुकुल महाविद्यालय सिरसागंज में प्रतिवर्ष की भांति वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।शिशु वर्ग नींबू दौड़ में- प्रथम स्थान अथर्व पांडे, द्वितीय स्थान सक्षम ठाकुर तृतीय स्थान विष्णु चौहान ने प्राप्त किया। जलेबी दौड़ में- प्रथम स्थान सक्षम शाक्य द्वितीय स्थान देवराज पांडे तृतीय स्थान शिवा ने प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में हर्षित शर्मा प्रथम स्थान भरत प्रजापति द्वितीय स्थान, शिवा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में हर्षित शर्मा ने प्रथम स्थान, भरत प्रजापति द्वितीय स्थान, नैतिक तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूंद में - शिवा प्रथम स्थान करन द्वितीय स्थान, रामनिकेत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।ऊंची कूद में उत्कर्ष जादौन ने प्रथम स्थान सुमित यादव ने द्वितीय स्थान लोकेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बोरा दौड में - सक्षम ठाकुर ने प्रथम स्थान कृष्णा ने द्वितीय स्थान, लोकेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 500 मीटर दौड़ में हर्षित शर्मा ने प्रथम स्थान नैतिक ने द्वितीय स्थान, देवराज पांडे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आसन में श्रीओम ने प्रथम स्थान, दयाशंकर ने द्वितीय स्थान मयंक तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बाल वर्ग में 100 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान उत्कर्ष यादव द्वितीय स्थान अनुज कुमार तृतीय स्थान सुभाष ने प्राप्त किया।200 मीटर दौड़ में उत्कर्ष यादव ने प्रथम अनुज कुमार ने द्वितीय ,बृजमोहन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।लंबी कूद में आदित्य प्रताप जादौन ने प्रथम स्थान, वेद प्रताप ने द्वितीय, कार्तिक सिकरवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । ऊंची कूंद में कार्तिक सिकरवार ने प्रथम स्थान



अभय पटेल ने द्वितीय, वेद प्रताप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।आसन में अभय पटेल ने प्रथम स्थान, अनुराग नायन ने द्वितीय मानव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बोरा दौड में देवराज दुबे ने प्रथम स्थान अर्पित तोमर ने द्वितीय देवांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 500 मीटर दौड़ में आदित्य प्रताप ने प्रथम स्थान, बृजमोहन ने द्वितीय गौतम बाबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खो खो में उत्कर्ष यादव की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंगडी टांग में कृष्णा राजपूत व गौतम बाबू की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग 100 मीटर की दौड़ में बबलू भारती ने प्रथम स्थान ,सुमित पुरी ने द्वितीय अभय जादौन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड में अनुराग गोस्वामी ने प्रथम स्थान बब्लू भारती ने द्वितीय ललित धनगर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में संदीप नए प्रथम स्थान, ललित ठाकुर ने द्वितीय ,सुमित पूरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद में ललित ठाकुर ने प्रथम स्थान अर्जुन ने द्वितीय, अभय प्रताप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खो खो में जितेंद्र की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में हरिवंश ने प्रथम स्थान अर्जुन ने द्वितीय, जितेंद्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 4७200 रिले दौड़ में हरिवंश यूट्यूब में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दंड बैठक में जितेंद्र ने प्रथम स्थान ,आदित्य सिंह ने द्वितीय उदय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुश्ती में अनुराग गोस्वामी ने प्रथम स्थान ,सुमित पूरी मैं द्वितीय स्थान बब्लू भारती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तरुण वर्ग 100 मीटर दौड़ में कृष्णकांत ने प्रथम स्थान सचिन ने द्वितीय आकाश बाबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में हर्षित द्विवेदी ने प्रथम स्थान प्रशांत ने द्वितीय कृष्णकांत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में अभिषेक सिंह ने प्रथम स्थान आकाश राजपूत ने द्वितीय, नीतेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूंद में हर्षित द्विवेदी ने प्रथम स्थान अभी दीक्षित ने द्वितीय ,आकाश राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मयूर चाल में - अंशु दुबे मैं प्रथम स्थान , आकाश राजपूत ने द्वितीय , नीतेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 4७ 400 रिले दौड़ में अभिषेक सिंह की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दंड बैठक में हिमांशु ने प्रथम स्थान आदित्य ठाकुर व हर्षित ने संयुक्त रूप से द्वितीय ,आर्यन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुश्ती में अभिषेक सिंह ने प्रथम स्थान रामशंकर ने द्वितीय ,नीतेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1600 मीटर दौड़ में अभिषेक सिंह ने प्रथम स्थान अंशु दुबे ने द्वितीय ,अवनीश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । शिशु वर्ग में हर्षित शर्मा तथा तरुण वर्ग में अभिषेक बने चैंपियन।

## ट्रक के नीचे आये दो मजदूर , एक मौत

फिरोजाबाद। हाईवे के बरहन तिराहे पर सड़क पार करते समय बाइक फिसल कर ट्रक के नीचे आ गई। इसके चलते बाइक सवार एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर घायल हो गयाए घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवाया। वहींए घायल को भेजा। रविवार शाम हाईवे के बरहन तिराहे पर गांव बिहारीपुर निवासी 55 वर्षीय शमशाद अपने साथी अशोक कुमार के साथ बाइक से सड़क पार कर रहा थाए अचानक बाइक फिसल गई। तभी आगरा की ओर से आ रहे टैंकर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। वहां मौजूद राहगीरों व पुलिसकर्मियों ने उन्हें टैंकर के नीचे से निकाल कर आगरा ले जा रहे थेए रास्ते मे शमशाद की मौत हो गई । इंस्पेक्टर ने बताया कि हादसे में शमशाद की मौत हो गई। वही अशोक गंभीर घायल हो गयाए शव को मोर्चरी भेज दिया है। वही घायल को भेज दिया है। तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। म्रतक एक ट्रांसपोर्ट कम्पनी में मुनीम ;मजदूरीद्ध करता था वही घायल अशोक किसान है।

## मजदूर छत से गिरा, मौत

आगरा। थाना सदर के शहीद नगर में रविवार को निमाणार्धीन घर की तीसरी मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस पहचान करने के प्रयास में लगी है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जीन खानाए छत्ता निवासी मोहम्मद नासिर का शहीद नगर में ईडब्ल्यूएस क्वार्टर हैं। इसमें वो निर्माण कार्य करा रहे थे। इसके साथ ही पुताई का काम भी चल रहा था। रविवार को वो एक मजदूर लेकर आए थे। वह तीसरी मंजिल पर बल्लियों से बनाई गई पाड़ पर खड़ा होकर पुताई में लगा था। वहीं गिर पड़ा। उसे अस्पताल ले गएए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

संक्षेप

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का पहला चरण पूरा होने के करीब

नयी दिल्ली। प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) का पहला चरण लगभग पूरा होने वाला है और इसमें अमेरिकी बाजार पहुंच संबंधी मुद्दों के अलावा भारतीय वस्तुओं पर डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत के भारी शुल्क का समाधान भी शामिल होगा। एक सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमेरिका ने भारत पर 25 शुल्क और रूसी कच्चे तेल की खरीद पर अमेरिकी बाजार में प्रवेश करने वाली भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाया है। हम द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर अमेरिका के साथ बातचीत कर रहे हैं। इसके दो चरण हैं। एक चरण की बातचीत में समय लगेगा। दूसरा चरण एक पैकेज है जो शुल्कों को संबोधित कर सकता है। हम दोनों पहलुओं पर काम कर रहे हैं। शुल्कों को संबोधित करने वाला पैकेज लगभग पूरा होने के करीब है और हमें इसे जल्द ही प्राप्त हो जाना चाहिए। अधिकारी ने कहा कि इस समझौते से भारत पर 25 प्रतिशत जुर्माने के मुद्दे का समाधान होने की उम्मीद है।

## बीओआई ने 50 लाख का चेक सौंपा

लखनऊ। बैंक ऑफ इंडिया के सर्वोदय नगर शाखा, लखनऊ के एक सैलरी खाताधारक के नॉमिनी को बैंक के आंचलिक प्रबंधक नरेन्द्र कुमार दास ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी लखनऊ सुरेश कुमार व सर्वोदय नगर शाखा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक दीपक कुमार सिंह उपस्थिति में 50 लाख का चेक सौंपा। जो बैंक द्वारा अपने खाताधारकों के प्रति की गई प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## देश का निर्यात घटकर 34.38 अरब डॉलर पर

नयी दिल्ली। भारत का निर्यात अक्टूबर में 11.8 प्रतिशत घटकर 34.38 अरब डॉलर रहा है। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य महीने में आयात 16.63 प्रतिशत बढ़कर 76.06 अरब डॉलर पहुंच गया। इससे देश का व्यापार घाटा 41.68 अरब डॉलर पर रहा। सोने और चांदी के आयात में वृद्धि के कारण कुल आयात में उछाल आया है। पिछले महीने सोने का आयात बढ़कर 14.72 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 4.92 अरब डॉलर था। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि अक्टूबर में देश का अमेरिका को निर्यात घटकर 6.3 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 6.9 अरब डॉलर था।

## सुनिधि चौहान के टूर के साथ मास्टरकार्ड बनायेगा यादगार पल

नई दिल्ली। मास्टरकार्ड सुनिधि चौहान के साथ 10-शहरों का कॉन्सर्ट टूर शुरू कर रहा है अपनी दमदार आवाज और आकर्षक स्टेज प्रेजेंस के लिए मशहूर सुनिधि सभी उम्र के दर्शकों को अविस्मरणीय अनुभवों से मंत्रमुग्ध करेंगी। सुनिधि का यह रोमांचक टूर मास्टरकार्ड और प्रमुख लाइव एंटरटेनमेंट कंपनी एवा लाइव द्वारा प्रस्तुत नेशनलवाइड कॉन्सर्ट सीरीज का हिस्सा है–जो देशभर के संगीत प्रेमियों तक संगीत का जादू पहुंचेगा। 10-शहरों वाला यह टूर 24 दिसंबर को मुंबई से शुरू होगा, इसके बाद 27 दिसंबर को दिल्ली, 17 जनवरी को बेंगलुरु और 31 जनवरी को अहमदाबाद में परफॉर्मेंस होंगी। फरवरी में सुनिधि 7 फरवरी को चेन्नई, 14 फरवरी को जयपुर और 21 फरवरी को चंडीगढ़ में प्रस्तुति देंगी, इसके बाद 28 फरवरी को इंदौर जाएंगी। टूर 14 मार्च को कोलकाता में समाप्त होगा। हर शहर का कॉन्सर्ट स्थानीय दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा, ताकि उन्हें यादगार लाइव म्यूज़िक अनुभव मिल सके। पहले एनरिक इग्लेसियस और ए.आर. रहमान जैसे कलाकार शामिल रहे हैं।

## एशियन पेंट्स ने किया मजबूत प्रदर्शन

नई दिल्ली। एशियन पेंट्स ने वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में केंद्रित नवाचार, अच्छे निष्पादन और पहलों के क्षेत्रीयकरण के माध्यम से एक मजबूत प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप एक मजबूत प्रदर्शन हुआ। लगभग 6% की मूल्य वृद्धि के साथ 10.9% की सजावटी व्यापार मात्रा वृद्धि ने उद्योग की उम्मीदों को पीछे छोड़ दिया। यह वृद्धि विभिन्न क्षेत्रीय गतिविधियों और गहन विपणन और ब्रांड निर्माण उपायों के माध्यम से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मांग उत्पन्न करने की कंपनी की क्षमता से प्रेरित थी।

# सेंसेक्स में 388 अंकों की उछाल

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी रही और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स 388 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 26,000 अंक के पार बंद हुआ।



विशेषज्ञों के अनुसार, चौतरफा लिवाली और कंपनियों के मजबूत तिमाही नतीजों से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त में रहा। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 388.17 अंक यानी 0.46 प्रतिशत चढ़कर 84,950.95 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 103.40 अंक यानी 0.40 प्रतिशत बढ़कर 26,013.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशकों की मजबूत लिवाली ने तेजी को बढ़ावा दिया। बाजार ने अपनी सकारात्मक गति बनाए रखी है और 26,000 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के आसपास बना हुआ है। इसका कारण निवेशकों को आगे की तेजी की उम्मीद है। एक संभावित व्यापार समझौता महत्वपूर्ण संकेतक बना हुआ है जिस पर निवेशक बारीकी से नजर रख रहे हैं। वर्तमान में, जोखिम-लाभ अनुपात काफी हद तक अनुकूल है। इसे मझोली (मिडकैप) कंपनियों के दूसरी तिमाही की उम्मीद से बेहतर नतीजों से बल मिला है...। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इटर्नल, मारुति सुजुकी इंडिया, कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, पावरग्रिड, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी ओर, नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार काफी हद तक गिरावट के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 63.94 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। इस बीच, शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार पांचवें दिन शुद्ध बिकवाल रहे और शुक्रवार को 4,968.22 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों ने अपनी खरीदारी जारी रखी और 8,461.47 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 84.11 अंक लाभ में रहा था जबकि एनएसई निफ्टी 30.90 अंक मजबूत हुआ था।

# डीपीडीपी नियमः बड़ी कंपनियों के लिए समयसीमा कम करने पर विचार जारी

नयी दिल्ली। डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) नियम को लागू करने की 18 महीने की समयसीमा को बड़ी कंपनियों के लिए कम किया जा सकता है। सरकार इस मुद्दे पर उद्योग के हितधारकों के साथ बातचीत कर रही है। सरकार ने बहुप्रतीक्षित डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) नियम 2025 को हाल ही में जारी किया था। इन्हें चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां और कई बड़ी कंपनियां पहले से ही कई अन्य बाजारों में कड़े डेटा संरक्षण मानकों का पालन कर रही हैं जिनमें जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन (यूरोपीय संघ का डेटा एवं कानून) भी शामिल है और इस तर्क ने भारत में नए नियमों के तेजी से कार्यान्वयन के बारे में चर्चा को जोर दिया है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर पहले से ही



उद्योग के संपर्क में है। वैष्णव से बड़ी कंपनियां के पहले से ही अन्य जगहों पर कड़े मानदंडों का अनुपालन करने की पृष्ठभूमि में 18 महीने की समयसीमा के औचित्य के बारे में सवाल किया गया था। मंत्री ने कहा, हम उद्योग जगत के साथ चर्चा कर रहे हैं...नियमों का पहला सेट प्रकाशित हो चुका है और यह उचित समयसीमा प्रदान करता है, जो इस बात पर निर्भर करता है कि उद्योग जगत की क्या मांग है तथा हमारा जोर किस पर है। वैष्णव से बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों को स्टार्टअप के समान अनुपालन समयसीमा दिए जाने पर सवाल किया गया जिसके जवाब में उन्होंने कहा, हम अनुपालन के लिए आवश्यक समय को और कम करने के लिए उद्योग के संपर्क में हैं क्योंकि... बिल्कुल वही तर्क हमने उद्योग को दिया है कि आपके पास पहले से ही अनुपालन ढांचा है जो अन्य भौगोलिक क्षेत्रों में मौजूद है... आप इसे क्यों नहीं दोहरा सकते... इन चर्चाओं में उद्योग जगत का रुख काफी सकारात्मक रहा है। वैष्णव ने कहा, इसलिए जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे, एक बार डेटा सुरक्षा बोर्ड स्थापित हो जाएगा और पूरा डिजिटल ढांचा जो पहले से तैयार है, लागू हो जाएगा... उसके बाद हम नियमों में और संशोधन करेंगे ताकि समयसीमा कम की जा सके।

# बेरोजगारी दर अक्टूबर में 5.2 प्रतिशत पर स्थिर

नयी दिल्ली। देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वालों में अक्टूबर में बेरोजगारी दर 5.2 प्रतिशत पर स्थिर रही। सोमवार को जारी एक सरकारी सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार, बेरोजगारी दर (यूआर) सितंबर में 5.2 प्रतिशत, अगस्त में 5.1 प्रतिशत, जुलाई में 5.2 प्रतिशत तथा मई और जून में 5.6 प्रतिशत थी। मई, 2025 में जारी प्रथम पीएलएफएस बुलेटिन के अनुसार, अप्रैल में बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत थी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के बीच बेरोजगारी दर सितंबर, 2025 और अक्टूबर, 2025 के बीच 5.2 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही। बयान के अनुसार, ग्रामीण बेरोजगारी दर में मामूली गिरावट आई है। यह सितंबर, 2025 के 4.6 प्रतिशत से अक्टूबर, 2025 में 4.4 प्रतिशत रह गई है। शहरी बेरोजगारी दर 6.8 प्रतिशत से बढ़कर 7.0 प्रतिशत हो गई है। बयान में कहा गया कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं में बेरोजगारी दर सितंबर, 2025 के 5.5 प्रतिशत से घटकर अक्टूबर, 2025 में 5.4 प्रतिशत रह गई।

# रुपया तीन पैसे बढ़कर 88.63 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे बढ़कर 88.63 (अस्थायी) पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में मजबूती के रुख और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण रुपये में मजबूती का रुख रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने और विदेशी पूंजी की निकासी से रुपये पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 88.70 पर खुला और इसने डॉलर के मुकाबले कारोबार के दौरान 88.56 के उच्चतम स्तर और 88.73 के निचले स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में रुपया डॉलर के मुकाबले



88.63 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से तीन पैसे की बढ़त है। शुक्रवार को, रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले चार पैसे बढ़कर 88.66 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स 0.29 प्रतिशत बढ़कर 99.29 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.81 प्रतिशत की गिरावट के साथ 63.87 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। घरेलू शेयर बाजार में, सेंसेक्स 388.17 अंक बढ़कर 84,950.95 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 103.40 अंक चढ़कर 26,013.45 अंक पर बंद हुआ। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने शुक्रवार को 4,968.22 करोड़ रुपये मूल्य की शेयर बेचे।

# यूरोपीय संघ, न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत अंतिम चरण में

नयी दिल्ली। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि यूरोपीय संघ और न्यूजीलैंड के साथ भारत की मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत अंतिम चरण में है और जल्द ही पूरी होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि एक भारतीय दल दोहरे योगदान सम्मेलन (डीसीसी) समझौते पर चर्चा के लिए ब्रिटेन में है।

हमें उम्मीद है कि यह जल्द ही पूरा हो जाएगा ताकि दोनों (डीसीसी और एफटीए) एक साथ शुरू किए जा सकें। भारत और ब्रिटेन ने व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन इसे लागू नहीं किया गया है क्योंकि इसके लिए ब्रिटेन की संसद की मंजूरी की जरूरत है। अग्रवाल ने यूरोपीय संघ के साथ बातचीत के बारे में कहा कि बातचीत अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा, लेकिन अंतिम चरण हमेशा कठिन होता है। सचिव ने कहा कि न्यूजीलैंड के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत भी अंतिम चरण में है। अग्रवाल ने कहा, हमें उम्मीद है कि हम जल्द से जल्द (बातचीत को) पूरा कर लेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अंतिम चरण में समय लग सकता है। सचिव ने कहा कि इसके अलावा दो दक्षिण अमेरिकी देशों... पेरू और चिली... के साथ भी बातचीत आगे बढ़ रही है। पेरू के साथ, प्रगति हो रही है और हमें इसमें प्रगति देखने की उम्मीद है।

## पेज एक का शेष

### बीबीडी यूनिवर्सिटी

भारत में उत्तर प्रदेश कैसा बनना चाहिए, इस पर उनके प्रयास की भी चर्चा की। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने लंबी छलांग लगाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलो इंडिया खेलो के माध्यम से 2014 में एक अभियान चलाया। फिट इंडिया मूवमेंट, सांसद खेलकूद प्रतिस्पर्धा के माध्यम से खेलकूद के प्रति भाव पैदा करने की नई प्रेरणा प्रदान की। आज खेल दिनचर्या का हिस्सा बनता जा रहा है। किसी एकेडमिक संस्था में खेल भी महत्वपूर्ण हिस्सा हो और उसके पास भव्य स्टेडियम, बैडमिंटन एकेडमी हो, यह बीबीडी की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह औपचारिकता मात्र नहीं है बल्कि इंडियाज ट्रांसफार्मिंग जेनरेशन का एक उदाहरण भी है और इसके लिए जो छात्र-छात्राएं यहां से अपने उपाधि प्राप्त करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत सबसे युवा राष्ट्र है। यहां 56 फीसदी आबादी कामकाजी है। उनके सपनों को उड़ान देने के लिए संस्थानों को तैयार होना है। लखनऊ में बीबीडी यूनिवर्सिटी में भी स्केल व स्किल का बेहतरीन समन्वय दिखता है। हमें उस दिशा में आगे कार्य करना होगा। सीएम ने हर क्षेत्र में एआई की उपयोगिता पर जोर देते हुए कहा कि यह आज की आवश्यकता है, लेकिन वह आपके द्वारा संचालित हो, आप उसके द्वारा न संचालित हो। रोबोटिक में भारत ने लंबी छलांग लगाई है। टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में कार्य हो रहा। इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट को भी इस दिशा में नए प्रयास को आगे बढ़ाना होगा। युवाओं, किसानों, श्रमिकों समेत अलग-अलग सेक्टर से जुड़े लोगों की उपयोगिता पर बल दिया।

उन्होंने युवाओं को हमेशा प्रयास करते रहने की सीख दी। कहा कि प्रयास करने से सब कुछ हो सकता है। जीवन में सफलता के दो ही मार्ग हैं। समाधान की तरफ जाएंगे तो सफलता प्राप्त होगी। समस्या को बार-बार गिनाते रहेंगे तो सफल नहीं हो सकते। समस्या की बजाय समाधान पर ध्यान दीजिए। सभी लोग मिलकर जब सामूहिक रूप से प्रयास करेंगे तो समाधान मिलेगा। जीवन में सदा नया सीखने का अवसर प्राप्त होता है। अलग-अलग सेक्टरों में हमें नए अवसरों को ढूंढने का प्रयास करना चाहिए। कोई भी व्यक्ति अयोग्य नहीं है, बल्कि योग्य योजक चाहिए। संस्थान, बॉस, आचार्य, अभिभावक और व्यक्ति भावी पीढ़ी के लिए योजक बन सकते हैं। जीवन में धैर्य, संतुलन खोए बिना अडिग होकर आगे बढ़ेंगे तो सफलता कदम चूमेगी। सीएम योगी ने भारत की प्राचीन गुरुकुल प्रणाली के समावर्तन समारोह और उसके परिवर्तित रूप दीक्षांत समारोह की भी व्याख्या की। उन्होंने कहा कि हम जो करते थे, दुनिया उसका अनुसरण करती थी। जब हमने दुनिया का अनुसरण शुरू किया तो हमारी ताकत भी कम होती गई।

***10 कदम आगे की सोच लेकर चलेंगे, तब दुनिया अनुगमन करेगी***

सीएम योगी ने कहाकि यह केवल रूटीन की डिग्री प्रदान करने वाला संस्थान नहीं है। इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के नए हब के रूप में बीबीडी को स्थापित करने के लिए नया प्रयास प्रारंभ हुआ है। दुनिया तकनीक को तेजी से अपना रही है। दुनिया जहां जा रही है, हम उससे 10 कदम आगे की सोच लेकर चलेंगे, तब दुनिया हमारा अनुगमन करने को मजबूर होगी। 11 वर्ष में भारत की विकास यात्रा का जिक्र करते हुए सीएम ने कहाकि इसे देख दुनिया भी उसके पीछे चलने के लिए खुद को मजबूर करती है। सीएम योगी ने 2014 के पहले व बाद में देश के प्रति आई धारणा का जिक्र किया। बोले कि लोगों की हताशा व निराशा को आशा व उत्साह में भरने का कार्य 2014 के बाद देखने को मिला।

***मोदी जी ने स्केल को स्किल में बदलने का कार्य किया***

सीएम योगी ने कहा कि भारत ने हर क्षेत्र में नई छलांग लगाई है। छोटे-छोटे प्रयोग कर भारत ने बताया कि इसके परिणाम क्या हो सकते हैं। मोदी जी ने कहा कि हर गरीब का बैंक अकाउंट होना चाहिए तो नकारात्मक लोग नकारात्मक स्वर बोलने लगे। जिन्हें कुछ नहीं करना होता है, वे सकारात्मक कदम का विरोध करते हैं। कोई चिंता किए बिना मोदी जी ने जीरो बैलेंस पर गरीबों के बैंक अकाउंट खुलवाए, जिससे डीबीटी के माध्यम से बिना किसी कट के शासन की योजनाओं की राशि सीधे गरीबों के खाते में जा रही है। इससे देश में 50 करोड़ परिवार जुड़ता दिखाई दे रहा है। यह भ्रष्टाचार पर बड़ा प्रहार है। सब कुछ डिजिटल पेमेंट के साथ जुड़ गया है। कभी राजीव गांधी ने कहा था कि हम एक रुपये भेजते हैं, गरीब के पास 15 पैसे जाते हैं पर आज डिजिटल इंडिया मिशन है। जब दुनिया की सुपर पावर भी कोरोना के साए में थी, तब भारत कोविड प्रबंधन के साथ ही 2020 में नेशनल एजुकेशन पॉलिसी को लांच कर रहा था। सीएम ने कई योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि युवा की आकांक्षाओं को पंख लगाने की दृष्टि से मोदी जी ने स्केल को स्किल में बदलने का कार्य किया।

***जनसहभागिता के बिना कोई भी स्कीम सफल नहीं होती***

सीएम योगी ने कहा कि लोग कहते थे कि यूपी नहीं सुधर सकता। भारत सरकार के आंकड़ों में यूपी बॉटम-5 में रहता था। 2017 में जब सत्ता मिली तो सोचा कि यूपी टॉप-थ्री में क्यों नहीं आ सकता। हमने मंत्रियों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की और कहा कि कोई भी स्कीम तब तक सफल नहीं होगी, जब तक जनसहभागिता नहीं होगी। आप आमजन से संवाद कीजिए। परिणाम स्वरूप यूपी आज भारत सरकार की हर स्किम में टॉप- थ्री में है।

***कानून का पालन करना ही होगा***

सीएम योगी ने कहा कि 2017 में जब हमारी सरकार बनी तो चैलेंज था। पहले के निवेश भी पलायन कर रहे थे। भारत सरकार की मीटिंग में यूपी की गिनती कहीं नहीं होती थी, लेकिन पीएम मोदी के मंत्र सबका साथ-सबका विकास और अपराध-अपराधियों, भ्रष्टाचार-भ्रष्टाचारियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सरकार ने कार्य किया। आज अन्य प्रदेश भी यूपी के कानून व्यवस्था को मॉडल के रूप में देखते हैं। सीएम योगी ने कहा कि कानून शब्द लगता भले ही बुरा है, लेकिन जब व्यक्ति अंतःकरण से स्वीकार करता है तो उसका फल ऐसे ही होता है जैसे दवा कड़वी लगती है, लेकिन उसके परिणाम सुखद होते हैं। कानून का पालन करते हुए सभी को जीवन का हिस्सा बनाना ही होगा। कानून व्यवस्था पर कार्य हुआ तो यूपी में निवेश की झड़ी लग गई। जिस प्रदेश में पांच वर्ष में 50 हजार करोड़ का भी निवेश नहीं आ पाता था, वहां 8 वर्ष में 45 लाख करोड़ से अधिक से निवेश प्रस्ताव लाने में सफलता प्राप्त की।

***हमने ली सुरक्षा की गारंटी***

सीएम योगी ने कहा कि 1950 में भारत की अर्थव्यवस्था में यूपी का शेयर 14 फीसदी थी। 2017 में भारत की अर्थव्यवस्था में यूपी का योगदान 8 फीसदी से कम रह गया था। हम सत्ता में आए तो कहा कि जब व्यक्ति सुरक्षित नहीं तो पूंजी कैसी सुरक्षित रहेगी। हर किसी को सुरक्षा की गारंटी मिलनी चाहिए और हमने यह गारंटी ली। हमने मात्र दो वर्ष में यूपी को नंबर-2 पर पहुंचाया। आज यूपी की गिनती टॉप अचीवर स्टेट के रूप में होती है। अखिलेश दास जी ने अपनी क्षमता से 100 एकड़ में विश्वविद्यालय बनाया, लेकिन आज प्राइवेट निवेशक के लिए यह असंभव है। उस समय सरकार के चहेतों के लिए 10 एकड़ में भी विश्वविद्यालय की अनुमति दी गई। हमने 33 सेक्टोरियल पॉलिसी बनाई और कहा कि सरकार की पॉलिसी समान होनी चाहिए। लैंडबैंक हमारा, आप पॉलिसी देखकर निवेश कीजिए, सरकार सुरक्षा व गारंटी देगी।

***दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत के पराक्रम को देखा***

सीएम योगी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया ने भारत के पराक्रम को देखा। यूपी भी देश की सेना रक्षाओं के साथ रहा। ब्रह्मोस मिसाइल यूपी के लखनऊ में बनी है। मैंने लखनऊ में इसके लिए फ्री में लैंड दी। हर वर्ष पूरी कैपेसिटी से ब्रह्मोस मिसाइल का नोड कार्य करना प्रारंभ करेगा तो यूपी को प्रतिवर्ष 300 से 500 करोड़ का जीएसटी प्राप्त होगा। 2020 में हमने लैंड का ऑफर किया, 2022 में उपलब्ध कराई तो विकसित लैंड के बाद इसकी कीमत मात्र 200 करोड़ थी। उसके बदले आज राज्य को कई गुना पैसा मिल रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान यूपी में यहां के नौजवानों द्वारा बनाए गए ड्रोन ने पाकिस्तान के होश उड़ा दिए थे।

***जीवन में धैर्य, संतुलन खोए बिना अडिग होकर आगे बढ़ेंगे तो सफलता कदम चूमेगी***

सीएम योगी ने कहा कि यूपी ने आज खुद को एआई, डाटा सेंटर, इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (रोबोटिक ड्रोन टेक्नोलॉजी) के रूप में स्थापित किया है। सीएम ने विश्वविद्यालय से अपील की कि इमर्जिंग टेक्नोलॉजी को पार्ट बनाएं। शार्ट टर्म, सर्टिफिकेट कोर्स, डिप्लोमा कोर्स प्रारंभ करें, ड्रोन-रोबोटिक, आईओटी, एआई में कार्य प्रारंभ करें और अलग-अलग सेक्टर में इसकी उपयोगिता पर जोर दें। टेक्नोलाजी जॉब कट नहीं करता, वह नए अवसर देता है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम उसे कैसे भुनाते हैं। 1990 के प्रारंभ में कंप्यूटर का चलन प्रारंभ हुआ तो कई संस्थानों ने कहा कि रोजगार पर प्रहार होगा, लेकिन इससे रोजगार के अवसर बढ़े।

***सीएम योगी आदित्यनाथ ने मेधावियों को दिया मेडल व डिग्री***

सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान मेधावियों को मेडल व डिग्री प्रदान किया। सीएम ने मुस्कान साहू को चांसलर गोल्ड मेडल प्रदान किया जबकि पेशवानी शर्मा, सुमि गौर, जीविदा शुक्ला, स्मारिका सक्सेना, इंशा इमरान, मधुलिका, ऋषिता अस्थाना, नैना सिंह, विभव दुबे, पल्लवी राय, नीरज कुमार कुशवाहा, वर्तिका गुप्ता, वैष्णवी यादव, शुभम शुक्ला, वैष्णवी श्रीवास्तव, सारा मेहंदी को गोल्ड मेडल दिया। वहीं डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित होने वालों में मयंक जयपुरिया, अमृता यादव, मंजू भारद्वाज, श्वेता सिंह, ऊषा अरुणिमा, आलोक शरण, समीक्षा गुप्ता, ओजस्विनी पाल, शैलजा पांडेय, नेहा शर्मा, आफरीन हसन, फरहीन आजाद, सारा जैदी, अनुकृति मिश्रा शामिल रहीं।

### विकास को

ने जिस मानव कल्याण, शिक्षित समाज और सशक्त भारत का सपना देखा था, आज आप सब मिलकर उसे आगे बढ़ा रहे है। देश और समाज के लिए कई महान विभूतियों ने अपने जीवन का त्याग करते हुए देश की आजादी और विकास में योगदान दिया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के विषय में जानकारी देते हुए उनका अनुसरण करने की शिक्षा दी ताकि समाज हित में कार्य करते हुए विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में आठ लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी लेकिन कहीं भी किसी प्रकार जाति, समुदाय आदि देखकर नहीं बल्कि योग्यता की वरियता के आधार पर नौकरी दी गयी।

### योगी जी के

के नेतृत्व में यूपी में युवाओं के लिए समग्र विकास और उत्थान के लिए हर क्षेत्र में काम हो रहा है। पिछले नौ वर्षों में युवाओं के कौशल, रोजगार और उद्यमशीलता की अनेकों योजनाएं शुरू की गईं हैं। इन्हीं में से स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत विद्यार्थियों को लगभग 50 लाख स्मार्ट फोन और टेबलेट का वितरण किया गया। हमें खुशी है कि इस योजना का लाभ बीबीडी यूनिवर्सिटी के छात्रों को भी मिला। यह योजना डिजिटल इम्पावरमेंट का सुनहरा प्रतीक है। साथ ही में यूपी कौशल विकास मिशन का विशेष उल्लेख करना चाहूंगा। इसके तहत दो लाख से अधिक युवाओं को एमएसएमई उद्योगों में रोजगार मिला है। इन प्रयासों से उत्तर प्रदेश का युवा केवल शिक्षित ही नहीं बल्कि इंडस्ट्री और इंटरप्रन्योर है। मुझे यह बताते हुए गर्व है कि योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य से उभर कर ग्रोथ इंजन के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत का एक अहम स्तंभ बन चुका है। चाहे वह सुरक्षा हो या फिर 24 घंटे बिजली। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और इंफ्रास्ट्रक्चर की वजह से विकास, निवेश और सुशासन के लिए जाना जाता है। उत्तर प्रदेश निवेशकों की पहली पसंद बन चुका है। चाहे वह जीसीसी, जीका फैक्ट्री व मेगा फूड प्रोसेसिंग प्लांट हों। नौकरियों से अपने घर से ज्यादा दूर जाने की जरूरत नहीं है। हमारा प्रदेश एक ग्लोबल इंडस्ट्रियन और इकोनॉमिकल सेंटर बन चुका है। मुझे खुशी है कि आज हमारे छात्रों का जीवन जब इस नए चरण की शुरूआत कर रहा है तो उन्हें सीएम योगी आदित्यनाथ का आशीर्वाद मिल रहा है जो अपने आप में आध्यात्मिक, राजनैतिक एवं प्रशासनिक गुरुओं में सबसे प्रिय हैं। उन्होंने इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का स्वागत करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूती मिली है, आपने बतौर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पार्टी को प्रदेश स्तर पर मजबूत किया है। साथ ही आपके मार्गदर्शन में जल शक्ति मंत्रालय में भी नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। लगातार उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय जल पुरुस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। आपसे बीबीडी के छात्रों को प्रेरणा और प्रोत्साहन मिलेगा। बीबीडी में होलस्टिक डेवलपमेंट पर काम करते हैं। जो युवाओं को एजूकेशन टू इम्प्लॉयमेंट और लर्नर टू लीडर की दिशा में अग्रसर किया जाता है। हमारे विश्वविद्यालय में एडवांस कॉरिकलम के साथ-साथ इंडस्ट्री इनोवेशन और रिसर्च पर ध्यान दिया जाता है। पिछले कुछ सालों में हमने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के साथ टाइ अप किया है। इसी साल हमने लखनऊ में अखिलेश दास गुप्ता स्कूल की स्थापना की है। आज बीबीडी शैक्षिक संस्थानों के लखनऊ और दिल्ली कैम्पस में लगभग 30 हजार बच्चे पढ़ रहे हैं और डेढ़ लाख से अधिक पूर्व छात्र विश्व में बीबीडी और देश का नाम रौशन कर रहे हैं। आज का यह दिन सिर्फ समारोह नहीं है बल्कि उपलब्धि है। एक ऐसा मुकाम है जिसे आपने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प और सपनों पर अटूट विश्वास के बल पर हासिल किया है। यह नई शुरुआत है, जैसा मेरे पिता जी डॉ. अखिलेश दास गुप्ता कहते थे कि आप सब बीबीडी का एक अहम हिस्सा हैं, आप सबके लिए हमेशा बीबीडी के दरवाजे खुले रहेंगे।

### सऊदी अरब

गहरा दुख जताया है। बस देर रात करीब डेढ़ बजे (भारतीय समयानुसार) कथित रूप से तेल के एक टैंकर से टकरा गई थी। हैदराबाद में पत्रकारों को संबोधित करते हुए सज्जनार ने कहा कि नौ नवंबर को यहां से 54 लोग उमराह के लिए जेद्दा गए थे। उन्हें 23 नवंबर को लौटना था। इन 54 लोगों में से चार लोग रविवार को अलग-अलग कार से मदीना गए जबकि चार अन्य मक्का में ही रुक गए। अधिकारी के अनुसार, घटना में शामिल बस में 46 लोग यात्रा कर रहे थे, जो मदीना से लगभग 25 किलोमीटर दूर एक तेल टैंकर से टकरा गई। इस दुर्घटना में केवल एक व्यक्ति जीवित बचा है और उसका अस्पताल में इलाज हो रहा है। उन्होंने कहा, हमें सूचना मिल रही है कि 45 लोग मारे गए हैं। उन्हें 23 नवंबर को हैदराबाद लौटना था। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि सऊदी अरब के मदीना के पास हुए इस सड़क हादसे से उन्हें गहरा दुख हुआ है।

### बिहार में

करेंगे। उन्होंने कहा, संभावना है कि नयी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 20 या 21 नवंबर को होगा। इस बीच, निवर्तमान राजग सरकार की अंतिम कैबिनेट बैठक में सोमवार को मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विधानसभा भंग करने की अनुशंसा करने को अधिकृत किया। राज्य के संसदीय कार्य मंत्री एवं जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता विजय चौधरी ने बताया कि बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के साथ राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात कर कैबिनेट के निर्णय से उन्हें अवगत कराया ।विजय चौधरी ने कहा, कैबिनेट ने नयी सरकार के गठन के मद्देनजर 19 नवंबर को विधानसभा भंग करने की अनुशंसा करने का प्रस्ताव पारित किया। उन्होंने यह भी बताया कि कैबिनेट ने राजग की ऐतिहासिक जीत के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद देने का प्रस्ताव पारित किया। चौधरी ने कहा, यह नीतीश कुमार के नेतृत्व में गठबंधन का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है जो राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियों के कारण संभव हुआ है। हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में 243 सदस्यीय सदन में राजग ने 200 से अधिक सीट पर जीत दर्ज की है, जिनमें भाजपा ने सर्वाधिक 89 सीट जीतीं और जनता दल (यूनाइटेड) को 85 सीट मिलीं। जद(यू) के एक सूत्र ने बताया कि पार्टी 19 नवंबर को नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुनेगी।

### शेख हसीना

चुनौती दी है कि वह इन आरोपों को हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के समक्ष लाए। यह फैसला बांग्लादेश में संसदीय चुनावों से कुछ महीने पहले आया है। हसीना की अवामी लीग पार्टी को फरवरी में होने वाले चुनावों में भाग लेने से रोक दिया गया है। ढाका में कड़ी सुरक्षा वाले अदालत कक्ष में फैसला पढ़ते हुए न्यायाधिकरण ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने बिना किसी संदेह के यह साबित कर दिया है कि पिछले साल 15 जुलाई से 15 अगस्त के बीच छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों पर घातक कार्वाई के पीछे हसीना का ही हाथ था। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय की एक रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि जुलाई विद्रोह के नाम से, करीब एक महीने तक चले आंदोलन के दौरान।,400 लोग मारे गए थे। हसीना को निहत्थे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ घातक बल प्रयोग का आदेश देने, भड़काऊ बयान देने और ढाका तथा आसपास के इलाकों में कई छात्रों की हत्या के लिए अभियान चलाने की अनुमति देने के लिए मौत की सजा सुनाई गई है। हाल ही में मीडिया साक्षात्कारों में हसीना ने आईसीटी को उनके विरोधियों द्वारा संचालित कंगारू कोर्ट बताया था। कंगारू कोर्ट शब्द एक मुहावरे के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है जिसका प्रयोग ऐसी अदालतों के लिए किया जाता है जिनकी कार्यवाही स्वीकृत कानूनी मानदंडों से इतनी अलग हो जाती है कि उसे निष्पक्ष या न्यायसंगत नहीं माना जा सकता। आईसीटी की स्थापना मूल रूप से 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना के कट्टर सहयोगियों पर मुकदमा चलाने के लिए की गई थी। लेकिन वर्तमान प्रशासन ने इसमें संशोधन करके हसीना सहित पिछली सरकार के नेताओं को इसके अधिकार क्षेत्र में ला दिया।




# असम पर बड़ी बढ़त की ओर बंगाल

## असम के 200 रन के जवाब में बंगाल ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी पहली पारी में चार विकेट पर 267 रन बना लिये

एजेंसी

कल्याणी (पश्चिम बंगाल)। हरफनमौला शाहबाज अहमद ने चोट से वापसी के बाद शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आक्रामक बल्लेबाजी की जिससे सोमवार को दूसरे दिन असम के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में बंगाल की पकड़ मजबूत हो गयी। असम के 200 रन के जवाब में बंगाल ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी पहली पारी में चार विकेट पर 267 रन बना लिये। दिन के समापन के समय बायें हाथ के बल्लेबाज शाहबाज 67 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 61 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।

सुमंत गुप्ता ने 40 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 25 रन बना कर उनका साथ दे रहे हैं। शाहबाज ने गुजरात के खिलाफ नौ विकेट झटक कर बंगाल को जीत दिलाई थी। पिछली तीन पारियों में यह उनका तीसरा अर्धशतक है। बंगाल की टीम मौजूदा सत्र में अब तक अजेय है। अभिमन्यु ईश्वरन की टीम अब मौजूदा सत्र में अपनी चौथी जीत दर्ज कर छह अंक हासिल करने की कोशिश करेगी।



असम के 200 रनों के जवाब में ईश्वरन (66) और शाकिर हबीब गांधी (58) के बीच दूसरे विकेट के लिए हुई 122 रनों की साझेदारी ने बंगाल को मजबूत शुरुआत दिलाई और फिर शाहबाज और सुमंत की साझेदारी ने दिन के खत्म होने तक टीम को बढ़त दिला दी।

असम ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 194 रन से की लेकिन उसने छह रन जोड़कर अपने दोनों विकेट गंवा दिये। मुख्तार हुसैन को सुदीप घरामी ने रन आउट किया जबकि अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी (64 रन पर तीन विकेट) ने कप्तान सुमी घाडीगांवकर (165 गेंदों में 53 रन) की पारी का अंत किया। बंगाल के लिए सूरज सिंधु जायसवाल (24 रन पर तीन विकेट) और मोहम्मद कैफ (30 रन पर दो विकेट) ने भी योगदान दिया। गुजरात ने देहरादून में उत्तराखंड की पारी की पहली पारी को 272 रन पर समेटने के बाद अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के पांच रन बनाकर 57 रन की बढ़त हासिल कर ली। उत्तराखंड के लिए कुणाल चंदेला ने 116 रन की पारी खेली। गुजरात के लिए विशाल जायसवाल और सिद्धार्थ देसाई ने तीन-तीन विकेट लिये।

## स्मरण के दोहरे शतक से कर्नाटक मजबूत

हुबली (कर्नाटक)। रविचंद्रन स्मरण के नाबाद 227 रन और निचले क्रम की उम्दा बल्लेबाजी से कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के दूसरे दिन सोमवार को यहां चंडीगढ़ के खिलाफ अपना पलड़ा भारी रखा। स्मरण ने सोमवार को 110 रन से आगे खेलना शुरू किया और श्रेयस गोपाल (62), विद्याधर पटेल(30) और शिखर शेट्टी (59) के साथ उपयोगी साझेदारियां की जिससे कर्नाटक ने आठ विकेट पर 547 रन बनाने के बाद पारी घोषित की। स्मरण ने गोपाल के साथ छठे विकेट के लिए 141 और फिर पटेल के साथ 120 रन की साझेदारी की। स्मरण ने 362 गेंद की अपनी पारी में 16 चौके और दो छक्के मारे। चंडीगढ़ की ओर से तेज गेंदबाज जगजीत सिंह ने 70, ऑफ स्पिनर विष्णु कश्यप ने 141 रन और बाएं हाथ के स्पिनर निशुंक बिरला ने 159 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए।

दिन का खेल खत्म होने पर चंडीगढ़ की टीम 72 रन तक चार विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान मनन वोहरा 14 रन बनाकर खेल रहे थे। कर्नाटक की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर गोपाल ने 18 रन देकर तीन विकेट चटकाए। चंडीगढ़ में महाराष्ट्र के 350 रन के जवाब में पंजाब की टीम 125 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संकट में है। पंजाब की टीम अब भी महाराष्ट्र से 225 रन से पीछे है जबकि उसके छह विकेट शेष हैं। महाराष्ट्र की टीम पांच विकेट पर 275 रन से आगे खेलते हुए 75 रन ही और जोड़ सकी। आर्शिन कुलकर्णी 133 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। राजकोट में सौराष्ट्र ने प्रेरक मांकड़ (155) और समार गज्जर (116) के शतक से गोवा के खिलाफ सात विकेट पर 587 रन बनाकर पारी घोषित की। सौराष्ट्र की ओर से हेत्विक कोटक ने भी नाबाद 50 रन बनाए।

## झारखंड के खिलाफ आंध्र पहली पारी में बढत की ओर

जमशेदपुर। सलामी बल्लेबाज अभिषेक रेड्डी के पहले नाबाद शतक की मदद से आंध्र ने झारखंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच के दूसरे दिन पहली पारी में बढत की ओर कदम रख दिया। झारखंड ने पहली पारी में 327 रन बनाये थे। इसके जवाब में 31 वर्ष के रेड्डी के 156 गेंद में नाबाद 103 रन की मदद से आंध्र ने दो विकेट पर 224 रन बना लिये हैं। आंध्र को अब पहली पारी में बढत बनाने के लिये 104 रन और बनाने हैं जबकि उसके पास आठ विकेट बाकी हैं। इस सत्र में ओडिशा और तमिलनाडु के खिलाफ अर्धशतक जमा चुके रेड्डी ने जरूरत के समय बेहद उपयोगी पारी खेली। कर्नाटक के साथ 2015 में घरेलू कैरियर की शुरूआत करने वाले रेड्डी को पहला शतक लगाने में एक दशक लगा। उन्होंने पहले विकेट के लिये श्रीकर भरत (51) के साथ 94 रन की साझेदारी की। इसके बाद शेख रशीद (58) के साथ दूसरे विकेट के लिये 122 रन जोड़े। रेड्डी ने अपनी पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर टी विजय उनके साथ छह रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले झारखंड के आखिरी चार विकेट 69 रन के भीतर गिर गए। आंध्र के तेज गेंदबाज केवी शशिकांत और बायें हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार ने चार चार विकेट लिये।

# अनुया, प्रांजलि को बधिर ओलंपिक में एयर पिस्टल में स्वर्ण और रजत

नयी दिल्ली। युवा अनुया प्रसाद और प्रांजलि प्रशांत धूमल ने तोक्यो में चल रहे बधिर ओलंपिक में सोमवार को महिलाओं की दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक हासिल किया। अनुया ने अपने जन्मदिन पर बधिर फाइनल विश्व रिकॉर्ड तोड़कर पहला स्थान हासिल किया जबकि प्रांजलि ने क्वालीफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड तोड़कर फाइनल में जगह बनाई थी। पुरूषों की दस मीटर एयर पिस्टल में अभिनव देशवाल ने क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और रजत पदक जीता। भारत के दूसरे दिन निशानेबाजी में सात पदक हो गए हैं। हैदराबाद में ओलंपियन गगन नारंग की अकादमी में प्रशिक्षण लेने वाले धनुष श्रीकांत ने रविवार को 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता था। अनुया ने क्वालीफिकेशन दौर में 564 स्कोर करके तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल



में जगह बनाई। वहीं प्रांजलि ने क्वालीफिकेशन में नया रिकॉर्ड बनाते हुए 572 स्कोर किया था। उन्नीस वर्ष की अनुया ने फाइनल में 241 . । स्कोर करके पीला तमगा जीता। इससे पहले हनोवर में पिछले साल उन्होंने बधिर विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीता था। ईरान की माहला सामी को कांस्य पदक जीता। पुरूष वर्ग में 2022 बधिर ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता अभिनव देशवाल ने 235 . 2 स्कोर करके रजत पदक जीता। कोरिया के ताए यंग किम वोन ने 238. 2 अंक के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। क्रोएशिया के बोरिस ग्रामनियाक को कांस्य पदक मिला।

## गुरप्रीत को सेंटर फायर पिस्टल में रजत, भारत तीसरे स्थान पर

काहिरा। ओलंपियन गुरप्रीत सिंह पुरुषों की 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में विश्व चैंपियन बनने के बेहद करीब पहुंच गए थे लेकिन यहां ओलंपिक निशानेबाजी रेंज में यूक्रेन के पावलो कोरोस्टाइलोव से इनर 10 (10 अंक का अंदरूनी हिस्सा) के अधार पर हारने के बाद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

यह विश्व चैंपियनशिप में गुरप्रीत का दूसरा व्यक्तिगत पदक है। उन्होंने इससे पहले 2018 में चांगवोन में 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में ही रजत पदक जीत था। भारत तीन स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य सहित कुल 13 पदक के साथ चीन और दक्षिण कोरिया के बाद तीसरे स्थान पर रहा।

चीन ने 12 स्वर्ण, सात रजत और दो कांस्य पदक सहित कुल 21 पदक जीते। दक्षिण कोरिया ने सात स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक से दूसरा स्थान हासिल किया। गुरप्रीत ने दो दिन की प्रतियोगिता में प्रिसिजन और रेपिड चरणों में कुल 584 अंक जुटाए जिसमें 18 निशाने 10 अंक के अंदरूनी हिस्से में रहे। कोरोस्टाइलेव ने 29 निशाने 10 अंक के अंदरूनी हिस्से में मारे।

## विश्वविद्यालय के खेलों में किक-बॉक्सिंग को करें शामिल : माकपा सांसद

नयी दिल्ली। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राज्यसभा सांसद जॉन ब्रिटास ने खेल मंत्री मनसुख मांडविया से तत्काल हस्तक्षेप कर मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय स्तर के आयोजनों की सूची में किक-बॉक्सिंग को फिर से शामिल करने की मांग की है।

किक-बॉक्सिंग को इस साल की शुरुआत में वार्षिक कैलेंडर से हटा दिया गया था। भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) खेल बोर्ड ने 26 अगस्त को आयोजित अपनी 34वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में, छात्रों की न्यूनतम भागीदारी का हवाला देते हुए किक-बॉक्सिंग को 2025-26 के विश्वविद्यालय खेल कैलेंडर से बाहर कर दिया। ब्रिटास ने इस फैसले का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि यह खेल के विकास और इसकी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा की उपेक्षा करता है। ब्रिटास ने कहा किक-बॉक्सिंग भारत में तेजी से बढ़ते कॉम्बैट खेलों में से एक है।

## तीन विकेट से मुंबई ने पुडुचेरी पर कसा शिकंजा



एजेंसी

मुंबई। सिद्धेश लाड की करियर की सर्वश्रेष्ठ 170 रन की पारी के बाद कप्तान शारदुल ठाकुर के तीन विकेट से मुंबई ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच के दूसरे दिन सोमवार को यहां पहली पारी पांच विकेट पर 630 रन पर घोषित करने के बाद 43 रन तक पुडुचेरी के चार विकेट चटकाकर दबदबा कायम किया। ठाकुर ने 32 गेंद में 56 रन (रिटायर हार्ट) की आक्रामक पारी खेलने के बाद पुडुचेरी की पारी के शुरुआती तीन गेंद में दो विकेट झटके और दिन का खेल खत्म होते समय उनका आंकड़ा 17 रन पर तीन विकेट था। पुडुचेरी की टीम मुंबई से पहली पारी में 587 रन पीछे है और उसके छह विकेट बचे हुए है। स्टंप्स के समय मोहित काले (13) और कप्तान सागर उदेशी (10) क्रीज पर मौजूद थे।

ठाकुर ने नेयन कंगायन (शून्य) को पारी की पहली गेंद पर बोल्ड करने के बाद पारस रत्नपारखे को तीसरी गेंद पर खाता खोले बगैर पगबाधा किया। उन्होंने नयी गेंद से शानदार गेंदबाजी करते हुए आनंद सिंह बैंस (पांच) को विकेट के पीछे कैच कराया। इससे पहले लाड ने प्रथम श्रेणी में अपना 13वां शतक पूरा किया। उन्होंने 285 गेंद में 170 की पारी के दौरान 19 चौके और चार छक्के जड़े लगातार दूसरे मैच में सैकड़ा जड़ा। विकेटकीपर आकाश आनंद (नाबाद 107) ने प्रथम श्रेणी के नौवें मैच में अपना तीसरा शतक पूरा किया लेकिन भारतीय बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को अपनी ख्याति के मुताबिक बड़ी पारी में नहीं बदल पाये।

## संक्षेप

### फिडे : अर्जुन ने काले मोहरों से ड्रॉ खेला

पणजी। अगले साल कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिये क्वालीफाई करने की कोशिश में जुटे भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी ने फिडे शतरंज विश्व कप के क्वार्टर फाइनल के पहले मैच में चीन के वेइ यि से ड्रॉ खेला। वहीं जर्मनी के अलेक्जेंडर डोंचेंको के लिये मुश्किलें खड़ी होती दिख रही है क्योंकि नोदिरबेक याकूबोएव ने सफेद मोहरों से पहला मुकाबला जीता। अगर वह दूसरा मुकाबला ड्रॉ कराते हैं तो सेमीफाइनल में पहुंच जायेंगे। अर्जुन ने शुरूआत अच्छी की और लय बनाये रखी। दोनों खिलाड़ियों ने 31 चालों के बाद ड्रॉ पर सहमति जताई। उजबेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव ने मैक्सिको के जोस एडुआर्डो मार्तिनेज से ड्रॉ खेला। वहीं अमेरिका के सैमुअल शैंकलैंड और रूस के आंद्रेइ एसिपेंको का मुकाबला भी ड्रॉ रहा।

### पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता पैगे ग्रीको का निधन

एडिलेड। पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता ऑस्ट्रेलिया की साइकिलिस्ट पैगे ग्रीको का अचानक निधन हो गया है। वह 28 वर्ष की थीं। ऑस्ट्रेलिया पैरालंपिक समिति और ऑस्ट्रेलिया साइकिलिंग महासंघ के एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि ग्रीको का रविवार को अचानक स्वास्थ्य समस्या के बाद एडिलेड स्थित उनके घर में निधन हो गया। उनकी मां नताली ग्रीको ने कहा, पैगे हमारे लिए सब कुछ थीं। वह बहुत दयालु और काफी मिलनसार थी। उनकी गर्मजोशी ने हमारे परिवार को हर दिन प्रभावित किया। नताली ने कहा, हम उनके निधन से बहुत दुखी हैं लेकिन हमें उनके व्यक्तित्व और ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने के उनके तरीके पर बहुत गर्व है। सेरेब्रल पल्सी (मांसपेशियों के समन्वय, संतुलन और गति को प्रभावित करने वाला मस्तिष्क विकार) के साथ पैदा ग्रीको ने 2021 में कोविड महामारी के कारण विलंबित तोक्यो पैरालंपिक में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने तब महिलाओं की सी 1-3 3,000 मीटर व्यक्तिगत दौड़ में अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था।

## सिनर ने अल्काराज को हराया, एटीपी का जीता खिताब

एजेंसी

तूरिन। विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपने चिर प्रतिद्वंदी और विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज कार्लोस अल्काराज़ को 7-6 (4), 7-5 से हराकर एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब बरकरार रखा। यह इस साल पुरुष टेनिस में दबदबा बनाए रखने वाले इन दोनों खिलाड़ियों के बीच छठी भिड़ंत थी। इटली के सिनर ने अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने खिताब का बचाव किया, जो इस वर्ष अल्काराज पर उनकी दूसरी जीत थी। इससे पहले उन्होंने विंबलडन फाइनल में भी इस स्पेनिश खिलाड़ी को हराया था।




इस साल दो ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले सिनर ने कहा, यह सत्र अविश्वसनीय रहा। इटली के अपने प्रशंसकों के सामने इस तरह से इसे समाप्त करना मेरे लिए बहुत ख़ास है। अल्काराज़ ने पहले ही वर्ष के अंत में नंबर एक रैंकिंग अपने नाम सुरक्षित कर ली थी। वह वर्ष के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच खेली गई इस प्रतियोगिता में अपना पहला फाइनल खेल रहे थे। अल्काराज अभी भी सिनर के साथ अपने करियर मुकाबलों में 10-6 से आगे हैं। सिनर और अल्काराज़ पिछले तीन ग्रैंडस्लैम फ़ाइनल में आमने-सामने रहे हैं। अल्काराज़ ने सिनर को पांचवें सेट के टाईब्रेकर में हराकर फ्रेंच ओपन जीता। सिनर ने विंबलडन में बदला चुकता किया लेकिन अल्काराज़ अमेरिकी ओपन के फाइनल में फिर से जीत हासिल करने में सफल रहे। अल्काराज़ ने कहा, मुझे उम्मीद है कि आप (सिनर) अगले साल के लिए तैयार रहोगे क्योंकि मैं आपके खिलाफ और अधिक फाइनल खेलने के लिए तैयार रहूंगा। इस बीच युगल फाइनल में हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन ने जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को 7-5, 6-3 से हराया।

## पाकिस्तान ने श्रीलंका को हराया, जीती शृंखला

रावलपिंडी। पाकिस्तान ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंका को 32 गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। श्रीलंका के बल्लेबाज फिर से अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए और उसकी टीम 45.2 ओवर में 211 रन बनाकर आउट हो गई।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी पर रहेगी निगाह, लक्ष्य, प्रणय पेश करेंगे चुनौती

एजेंसी

सिडनी। भारत के एकल खिलाड़ी जब अपने प्रदर्शन में निरंतरता हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं तब एक बार फिर सभी की निगाहें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष युगल जोड़ी पर टिकी रहेगी जो

ऑस्ट्रेलियाई ओपन

मंगलवार से यहां शुरू हो रहे आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सत्र का अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेंगे।

भारतीय खिलाड़ियों का इस सत्र में प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा लेकिन सात्विक और चिराग ने कुछ प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य पदक जीता तथा हांगकांग सुपर 500 और चाइना मास्टर्स सुपर 750 में




उपविजेता रहे। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन का पहला मुकाबला चीनी ताइपे के चांग को-ची और पो ली-वेई से होगा। चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहे भारत के एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय अपने प्रदर्शन में निरंतरता लाने की कोशिश करेंगे। लक्ष्य पिछले सप्ताह जापान ओपन के सेमीफाइनल में हार गए थे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उनका पहला मुकाबला चीनी ताइपे के सु ली यांग से होगा।

## घरेलू पिच पर एकमत हैं शुभमन और गंभीर ?

कोलकाता। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में 30 रन से भारत की शर्मनाक हार के बाद उपजे पिच विवाद के बीच बड़ा सवाल यह है कि युवा कप्तान शुभमन गिल और कोच गौतम गंभीर क्या आदर्श घरेलू पिच को लेकर एक राय हैं ? लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम के अपनी सरजमीं पर न्यूनतम स्कोर पर सिमटने के बाद कई सवाल उठने लगे हैं। एक महीना पहले ही अहमदाबाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले गिल ने कहा था कि टीम अब टर्निंग नहीं बल्कि अच्छी पिच पर खेलना चाहती है। उन्होंने कहा था , हम ऐसी पिचों पर खेलना चाहते हैं जिनसे गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों को मदद मिले। इसके बावजूद भारत ने विश्व टेस्ट चैम्पियन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट ऐसी पिच पर खेला जो उसके ठीक विपरीत थी जिसकी कप्तान गिल ने पैरवी की थी। ईडन गार्डंस की पिच पर एक सप्ताह से अधिक पानी नहीं दिया गया था और कवर के भीतर रखी गई थी। पिच पूरी तरह से सूखी थी और पहले ही सत्र से टूटने लगी थी।

# पुर्तगाल व नॉर्वे ने विश्व कप में किया क्वालीफाई

एजेंसी

लिस्बन। पुर्तगाल और नार्वे ने आसान जीत के साथ अगले साल होने वाले विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप 2026 में रिकॉर्ड 48 टीमें भाग लेंगी। पुर्तगाल ने अपने स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अनुपस्थिति के बावजूद आर्मेनिया को 9-1 से हराकर इस दिग्गज फुटबॉलर को रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप में खेलने का मौका दिलाया। रोनाल्डो निलंबन के कारण इस मैच में नहीं खेल पाए थे। नॉर्वे ने चार बार के विश्व कप चैंपियन इटली को 4-1 से हराया। यह नॉर्वे के स्टार खिलाड़ी एर्लिंग हॉलैंड का पहला विश्व कप होगा। कुल 43 टीमें महाद्वीपीय क्वालीफाइंग टूर्नामेंटों के जरिए विश्व कप में जगह बनाएंगी। अन्य दो टीमें मार्च में मैक्सिको में होने वाले छह टीमों वाले अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ़ से अपनी जगह पक्की करेंगी। तीनों मेज़बान देश स्वतः ही विश्व कप में अपनी जगह सुरक्षित कर चुके हैं। वहीं दूसरी ओर सिल्की हेमम, फाजिला इक्कापुट और रेस्टी नानजिरी के गोल की बदौलत ईस्ट बंगाल एफसी ने सोमवार को एएफसी महिला चैंपियंस लीग 2025-26 ग्रुप बी के अपने पहले मैच में ईरान की टीम बाम खातून एफसी को 3- से शिकस्त दी। टूर्नामेंट के शुरुआती



दौर में मिली जीत ईस्ट बंगाल का हौसला बढ़ेगा क्योंकि अब टीम के सामने अगले मैच में गत चैंपियन वुहान जियांगडा महिला एफसी की मुश्किल चुनौती होगी। सिल्की ने मैच के चौथे मिनट में ही ईस्ट बंगाल को बढ़त दिला दी। इक्कापुट ने मैच के 32वें मिनट में अमनाह नाबाबी के मिली शानदार पास को गोल में बदलकर इस बढ़त को दोगुना कर दिया। पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में ज्योति चौहान के हाथ से गेंद के छूने के कारण हुए फाउल के बाद मोना हमौदी ने फ्री-कीक को गोल में बदल कर बाम खातून एफसी का खाता खोला। नानजिरी ने मैच के 87वें मिनट में गोल कर बाम खातून एफसी की मैच में वापसी की संभावना पर विराम लगा दिया।

## भारत को बेहतर फुटबॉलर तैयार करने के लिए अच्छे कोचों की जरूरत : लोथर मैथॉस

कोलकाता। जर्मनी के महान फुटबॉलर लोथर मैथॉस का मानना है कि केवल सर्वश्रेष्ठ कोच ही अच्छे फुटबॉल खिलाड़ी तैयार कर सकते हैं और भारत को अपने कोचों को प्रशिक्षित करने के लिए खेल के दिग्गजों और पूर्व खिलाड़ियों की सेवाएं लेने की जरूरत है।

मैथॉस ने कहा कि विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश भारत ऐसी स्थिति में नहीं हो सकता कि वह फुटबॉल विश्व कप में न खेले, जबकि केप वर्डे जैसे छोटे देश इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। जर्मनी की 1990 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य मैथॉस ने रविवार को यहां पत्रकारों से कहा आपको अच्छे फुटबॉलर तभी मिलते हैं जब वे सर्वश्रेष्ठ कोचों से सीखते हैं। भारत को बेहतर फुटबॉलर तैयार करने के लिए अच्छे कोचों की जरूरत है। उन्होंने कहा, एक अच्छा शिक्षक एक अच्छा छात्र तैयार करता है और जब आपके पास एक खराब शिक्षक या खराब प्रोफेसर होता है तो आपको अच्छे छात्र नहीं मिलते हैं।

भारत को अपने कोचों को सिखाने के लिए अपने जमाने के दिग्गज खिलाड़ियों और प्रतिष्ठित कोचों की सेवाएं लेने की जरूरत है। इसके बाद यह कोच नई पीढ़ी के खिलाड़ियों की मदद कर सकते हैं। आपको इसकी शुरुआत छोटे स्तर से करनी होगी। मैथॉस ने केप वर्डे का उदाहरण दिया, जो अगले वर्ष विश्व कप में खेलेगा जबकि उसकी जनसंख्या मात्र दस लाख है। मैथॉस ने कहा केप वर्डे का ही उदाहरण दीजिए जिसकी जनसंख्या बहुत कम है लेकिन वह विश्व कप खेलेगा। भारत दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश होने के बावजूद विश्व कप में नहीं खेलता। ऐसा नहीं होना चाहिए।

# कैमरे की नजर से बीबीडी यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह








फोटो : समीर भटनागर





## इंटरटेनमेंट...

## 'नेपोटिज्म से डेब्यू मिलता है सफलता नहीं'



**मुंबई।** करीना कपूर खान अक्सर अलग-अलग मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। करीना जो कि खुद एक स्टार किड हैं लेकिन उन्होंने बॉलीवुड नेपोटिज्म के बारे में खुलकर अपनी राय साझा की है। दरअसल, एक्ट्रेस हाल ही में बरखा दत्त के शो 'वी द वीमेन' के एक डिस्कशन में शामिल हुईं।

यहां पर उन्होंने अपने प्रिविलेज पोजीशन पर बात की और बताया कि इंडस्ट्री में सर्वाइव करने के लिए कुछ चीजें जरूरी होती हैं। नेपोटिज्म के मुद्दे को एड्रेस करते हुए एक्ट्रेस ने कहा- नेपोटिज्म आपको डेब्यू दिलाने में मदद कर सकता है, लेकिन ये लंबे करियर की गारंटी नहीं देता है। ऑडियंस की एक्सेप्टेन्स आपका करियर तय करता है, ना कि आपका फैमिली नेम। वहीं, राजकपूर के पोता और डाइनिंग विद द कपूर्स के क्रिएटर अदार जैन ने इसी मुद्दे पर ईटाइम्स से बात करते हुए कहा- लोग नेपोटिज्म के बारे में बात करते हैं, लेकिन मुझे इससे कोई फायदा नहीं हुआ है। हां, मैं राज कपूर का पोता हूं और करीना व रणबीर कपूर का रिश्तेदार हूं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं हर साल 50 फिल्मों में काम करूंगा या लगातार ब्रांड पार्टनरशिप और एड हासिल करूंगा। दुर्भाग्य से, इस सेंस में, मैं नेपोटिज्म का प्रोडक्ट नहीं रहा हूं।

करीना की वर्कफ्रंट करें तो उन्हें आखिरी बार साल 2024 में रिलीज हुई फिल्म सिंघम अगेन में देखा गया था। पिछले साल उनकी द बकिंघम मर्डर्स और क्रू जैसी दो और फिल्में भी रिलीज हुई थीं। जल्द ही वो नेटफ्लिक्स की डॉक्यूमेंट्री 'डाइनिंग विथ द कपूर्स' में दिखाई देंगी। यह डॉक्यूमेंट्री कपूर खानदान की फैमिली बॉन्डिंग और उनके खाने की विरासत को दिखाएगी। हाल ही में 'डाइनिंग विथ द कपूर्स' का टीजर रिलीज हुआ है। 21 नवंबर से ये डॉक्यूमेंट्री नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

> करीना कपूर- फैमिली का नाम नहीं ऑडियंस की एक्सेप्टेन्स जरूरी है

## पाकिस्तानी सिंगर तल्हा अंजुम ने नेपाल कॉन्सर्ट में लहराया तिरंगा

**पाकिस्तानी सिंगर तल्हा अंजुम ने नेपाल कॉन्सर्ट में लहराया तिरंगा:विवाद होने पर भड़के, कहा- झंडा उठाने से विवाद होता है तो हो, मैं ऐसा ही करूंगा**

पाकिस्तान के पॉपुलर सिंगर और रैपर तल्हा अंजुम ने हाल ही में नेपाल में परफॉर्मेंस दी थी। इस दौरान सिंगर ने मंच पर तिरंगा लहराया, जिस पर उनके पाकिस्तानी फैंस भड़क गए। विवाद बढ़ने पर अब सिंगर ने खुद सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर कर कहा है कि उनकी कला की कोई सरहद नहीं है।

मेरे दिल में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। मेरी कला की कोई सरहद नहीं है। अगर मेरे भारतीय झंडा उठाने से विवाद होता है, तो होने दो, मैं फिर भी ऐसा ही करूंगा। मुझे मीडिया, युद्ध भड़काने वाली सरकारों और उनके प्रोपेगैंडा की कोई परवाह नहीं है। उर्दू रैप था, है और हमेशा सरहदों से परे ही रहेगा। अपनी पोस्ट में सिंगर तल्हा अंजुम ने भारत और पाकिस्तानी झंडे को एक साथ इस्तेमाल किया है। तल्हा अंजुम ने 16 नवंबर को नेपाल में परफॉर्मेंस दी थी। वो मंच पर रैप कर रहे थे, तभी भीड़ में खड़े एक फैन ने उन्हें तिरंगा फेंककर दिया। तल्हा ने वो तिरंगा गले में लपेट लिया और गाना जारी रखा। वो लगातार तिरंगा संभालते हुए परफॉर्म करते रहे। गाना खत्म करने के बाद उन्होंने तिरंगा अच्छी तरह थामा और फैंस को दिखाया। जहां

## एसएस राजामौली पर धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप



**मुंबई।** शनिवार को हैदराबाद में एसएस राजामौली की अपकमिंग फिल्म वाराणसी का टीचर लॉन्च इवेंट रखा गया था। इवेंट में तकनीकी दिक्कतों के चलते कई बार कोशिश करने पर भी टीजर प्ले नहीं हुआ, जिसके बाद डायरेक्टर एसएस राजामौली ने मंच पर आकर इवेंट में मौजूद लोगों से माफी मांगी। हालांकि इस दौरान दिए गए बयान के चलते उन पर धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप लग रहे हैं। तकनीकी खराबी से जब टीजर प्ले नहीं हो सका, तो एसएस राजामौली मंच पर आए और उन्होंने कहा कि वो भगवान को नहीं मानते हैं।

लेकिन जब तकनीकी दिक्कत हुई तो उन्हें पिता की कही बात याद आ गई, क्योंकि उनके पिता ने कहा था कि जब भी तुम्हें दिक्कत होगी।

> वाराणसी इवेंट में हुई तकनीकी दिक्कत, भगवान को दोष दिया, भगवान को नहीं मानता; माफी की मांग हुई

## 10 साल बाद बड़े पर्दे पर इमरान खान



मुंबई। एक्टर इमरान खान लगभग 10 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। इमरान खान ने पिछले कुछ सालों में फिल्मों से ब्रेक लिया था, लेकिन अब वे फिर से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने वाले हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान इमरान ने कहा कि फिल्मों में उनकी वापसी की वजह पैसा और स्टारडम नहीं है। इमरान खान की आखिरी फिल्म 2015 में रिलीज हुई ह्यकट्टी बट्टीह्न थी, जिसमें उन्होंने कंगना रनोट के साथ काम किया था। इसके बाद इमरान ने फिल्मों से दूरी बना ली थी और अब लगभग 10 साल बाद वह निर्देशक दानिश असलम की नई फिल्म वापसी कर रहे हैं। यह एक रोमांटिक कॉमेडी होगी, जिसमें इमरान के साथ भूमि पेडनेकर की लीड भूमिका में होगी हैं।

दानिश असलम के साथ इमरान पहले फिल्म 'ब्रेक के बाद' में काम कर चुके हैं। हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत में इमरान खान ने कहा कि वे न तो पैसे की वजह से वापसी कर रहे हैं और न ही स्टारडम के लिए। उनका मकसद अपनी कला को आगे बढ़ाना और दर्शकों से जुड़ना है। अभिनय उनके लिए एक जुनून है, जिससे वे कभी दूर नहीं रहना चाहते थे। उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में काम मिलने से ज्यादा जरूरी हुनर और मेहनत से तरक्की पाना है, जो वे इस मौके पर साबित करना चाहते हैं। इमरान खान ने अपनी फिल्मी करियर की शुरूआत 'जाने तू या जाने ना' से की थी।

> भूमि पेडनेकर के साथ करेंगे स्क्रीन शेयर वापसी की वजह पैसा और स्टारडम नहीं




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com